विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 02 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 29 सितंबर, 2025
▸▸ आश्विन शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए ▪▪


विश्व हृदय दिवस आज








### तमिलनाडु भगदड़ मामला : 40 पहुंचा मृतकों का आंकड़ा, घायल 100 के पार

# बदइंतजामी ने ली लोगों की जान

## 10 हजार लोगों की परमिशन अभिनेता को देखने जुटे लाखों

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु के करूर में शनिवार को मची भगदड़ के दौरान अभिनेता और टीवीके चीफ विजय की रैली के लिए 10000 लोगों की परमिशन थी, जबकि रैली में लाखों में लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ को काबू करने सिर्फ 500 पुलिसकर्मी ही तैनात किए गए। ऐसे में प्रशासन के इंतजाम नाकामी साबित हुए और एक अफवाह ने 8 बच्चों और 16 महिलाओं सहित 40 लोगों की जान ले ली। हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हैं। अब विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने इस मामले में मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया है। पार्टी ने भगदड़ को साजिश बताते हुए किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई से जांच की मांग की है। कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग वाली टीवीके की याचिका स्वीकार कर ली है। टीवीके की कानूनी शाखा के स्टेट कॉर्डिनेटर अरिवाझगन ने कहा,वे कल हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के सामने यह मामला उठाएंगे। करूर की घटना में आपराधिक साजिश थी, इसलिए हमने हाईकोर्ट से मामले की स्वतंत्र रूप से जांच करने का अनुरोध किया है, न कि किसी राज्य एजेंसी से। वकील ने कहा, एक आपराधिक साजिश थी। हमें स्थानीय लोगों से विश्वसनीय जानकारी मिली है और हमारे पास कुछ सीसीटीवी फुटेज भी हैं। इनसे पता चलता है कि करूर जिले में सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने आपराधिक साजिश रची थी।



तमिलनाडु के करूर में शनिवार शाम रैली में भगदड़ के बाद बचीं भयावह निशानियां।

## पार्टी की दलील-हादसे के पीछे षडयंत्र, पुलिस से छिनी जाए जांच

टीवीके ने घटना के पीछे षड्यंत्र का आरोप लगाया कि यह हादसा आकस्मिक नहीं, बल्कि एक साजिश का नतीजा था। याचिका में टीवीके ने भीड़ पर पथराव, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस लाठीचार्ज का भी हवाला दिया। पार्टी ने सरकार के सुरक्षा निर्देशों के उल्लंघन के आरोपों को भी खारिज किया। टीवीके की कानूनी शाखा के समन्वयक अरिवाझगन ने कहा, घटना में एक आपराधिक साजिश थी। इसीलिए राज्य की किसी एजेंसी के बजाय सुप्रीम कोर्ट से स्वतंत्र रूप से जांच का अनुरोध किया है।

### भगदड़ की वजह?

कार्यक्रमों में भगदड़ की सबसे बड़ी वजह भीड़ का सही आंकलन नहीं कर पाना है। आयोजन स्थल पर अपेक्षा से कई गुना ज्यादा भीड़ जमा हो जाती है और स्थानीय प्रशासन हाथ खड़े कर देता है। भीड़ बढ़ने से सारे इंतजाम धरे रह जाते हैं। विजय की रैली में भी यही हुआ। विजय ने 10 हजार लोगों की अनुमति मांगी थी, लेकिन 27,000 लोग जुटे। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शी ये आंकड़ा करीब एक लाख बता रहे हैं।

### असहनीय पीड़ा से गुजर रहा: विजय

विजय ने हाल ही में नई राजनीतिक पार्टी बनाई है। इसी को लेकर वे राज्यभर में रैलियां कर रहे हैं। इसी दौरान 27 सितंबर को करूर में उनकी रैली थी। इसमें भारी भीड़ जुटी और भगदड़ मच गई, जिसमें महिलाओं-बच्चों समेत 39 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। घटना के बाद विजय ने कहा कि वे असहनीय, अवर्णनीय पीड़ा और दुख से छटपटा रहे हैं, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

### भगदड़ से 20 सालों में 1,500 से ज्यादा मौतें

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता और नेता थलापति विजय की रैली में भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। 51 अभी अस्पताल में भर्ती हैं। इस साल की ये छठी बड़ी भगदड़ है। इससे पहले मंदिरों, रेलवे स्टेशन और धार्मिक आयोजनों में हुई भगदड़ों ने उत्साह के पलों को मातम में बदल दिया है।

**2025 में 5 भगदड़, 71 लोग मारे गए**

- 8 जनवरी को तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में धक्का-मुक्की, 6 की मौत
- 3 मई को गोवा के लैराई देवी मंदिर में भगदड़, 6 की मौत।
- 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़, 18 की मौत।
- 29 जनवरी को महाकुंभ में भगदड़ से 30 तीर्थयात्रियों की मौत।
- 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़, 11 की मौत।

**बड़ी भगदड़ों के चिंताजनक आंकड़े**

- 2 जुलाई, 2024 को उप्र के हाथरस में सत्संग में भगदड़, 121 की मौत।
- 13 अक्टूबर, 2013 को मप्र के दतिया में भगदड़ में 115 की मौत।
- 14 जनवरी, 2011 में केरल के पुलमेडु में भगदड़, 104 मौत।
- 4 मार्च, 2010 में प्रतापगढ़ में 63 की मौत।
- 30 सितंबर, 2008 में राजस्थान के जोधपुर में 250 श्रद्धालुओं की मौत।

### जगदीशपुर में सुनी पीएम के मन की बात, सीएम बोले

# हमारा ध्येय समग्र विकास, हर संकल्प पूरा करके दिखाएंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगर हम स्वदेशी वस्तुएं खरीदेंगे, तभी हमारे सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे हम प्रदेश को आर्थिक रूप से और मजबूत कर सकेंगे। हमारी सरकार सबके समग्र विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ रही है। हम अपने हर संकल्पों को पूरा करके दिखाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर के चमन महल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए पृथक-पृथक मिशन चलाए जा रहे हैं। सबका विकास हमारा संकल्प है और इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम अपना हर वादा पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा, त्यौहारों में सिर्फ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुएं ही खरीदें। डॉ. यादव ने ग्रामीणों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई और अपील की कि जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करें और आयातित वस्तुओं की जगह देशी अपनाएं। उन्होंने जगदीशपुर स्थित चमन महल की तारीफ करते हुए कहा, गोंडवाना साम्राज्य का सदियों पुराना यह किला आज भी हमें उस गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है।



बैरसिया के जगदीशपुर में मन की बात सुनते सीएम डॉ. यादव।

### उज्जैन में बोले-सरकार किसान हितैषी

उज्जैन में मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। किसानों के हित के लिए सरकार के पास राशि की कोई कमी नहीं है। किसान-कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता में है। किसानों के लिए राज्य सरकार अनेक योजनाएं भी संचालित कर रही है। किसानों द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ करने पर किसानों ने सीएम का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इसके बाद किसानों से कहा, सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिले, इसके लिए भावांतर योजना शुरू की गई है। ऐसे किसान जिन्हें निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दर मिली है। उसके अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। किसानों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. यादव ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत पीएम मोदी द्वारा किए गए आह्वान पर खादी ग्राम उद्योग मंडल द्वारा स्वदेशी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं खादी ग्रामोद्योग मंडल और भारतीय ज्ञानपीठ परिवार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को सराहा। उन्होंने कहा, ऐसी प्रदर्शनियों को प्रदेश में सभी जगह पर लगाया जाना चाहिए, जिससे जनता स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाए और और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ लें।

# नाबालिग बेटी को मारी गोली, नदी में फेंका शव

### मुरैना में ऑनर किलिंग का मामला, पांच दिन बाद मिली लाश, पिता गिरफ्तार

**जागरण, मुरैना।** प्रदेश के मुरैना में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। प्रेम-प्रसंग से नाराज पिता ने पहले नाबालिग बेटी को गोली मार दी, फिर लाश को नदी में फेंक दिया। बेटी दूसरी जाति के लड़के से शादी करना चाहती थी। इससे नाराज पिता ने उसकी जान ही ले ली। पड़ोसी के संदेह पर पुलिस ने पिता से पूछताछ की। सख्ती पर वह टूट गया और हत्या की बात कबूल ली। रविवार को क्वॉरी नदी से शव बरामद किया है। आरोपी पिता भरत उर्फ बंटू सिकरवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वारदात मुरैना के शिवनगर में रहने वाली 17 साल की 12वीं की छात्रा दिव्या के साथ हुई।



पुलिस के मुताबिक, सिकरवार के पड़ोसी ने सिविल थाने में फोन कर बताया कि भरत की बड़ी बेटी दिव्या गायब है। गुरुवार को भरत के घर से गोली और किसी के चीखने की आवाज सुनी है। इस पर पुलिस भरत के घर पहुंची। उससे पूछताछ की।

**वारदात के पहले हुआ था झगड़ा**

पुलिस के मुताबिक, दिव्या दूसरी जाति के लड़के से प्यार करती थी और शादी करने पर अड़ी थी। परिजनों के समझाने पर भी नहीं मान रही थी। 23 सितंबर की रात करीब 9 बजे पिता-बेटी में झगड़ा हुआ। गुस्से में भरत ने दिव्या को गोली मार दी। फिर शव को बोरे में भरकर तिरपाल से बांधा और गलेथा पंचायत में पैतृक गांव भगवान सिंह का पुरा ले गया। यहां शव को पत्थर बांधकर क्वॉरी नदी में फेंक दिया। भरत के इस खुलासे के बाद पुलिस वहां पहुंची जहां दिव्या का शव फेंका था। दो दिन की तलाश के बाद रविवार सुबह शव नदी में मिल गया।

### श्रीसीम यौन शोषण मामला

## चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार 5 दिन पुलिस रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के वसंतकुंज स्थित श्रीशारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ



पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। चैत्यानंद को पटियाला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इसके पहले फरार चैतन्यानंद की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं।

### रीवा जिले के मऊगंज का मामला

## किसान को गाली देकर तू कौन पूछने वाला तहसीलदार सस्पेंड

**जागरण, रीवा।** जमीन विवाद में किसान की कॉलर पकड़कर गाली-गलौज करने वाले मऊगंज तहसीलदार बीके पटेल को रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया। किसानों से अभद्रता का वीडियो वायरल होने पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद कमिश्नर ने कलेक्टर से रिपोर्ट तलब की। कलेक्टर संजय कुमार ने एडीएम से जांच रिपोर्ट मांगी। मामला उपतहसील देवतालाब के गनिगमा का है। वीडियो में दिख रहा था कि गांव पहुंचे तहसीलदार ने किसान सुषमेश पांडे की कॉलर पकड़कर झकझोर दिया। मारपीट के लहजे में तहसीलदार ने किसान को गालियां बकते हुए पूछा था तू है कौन? बकवास मत करना।


**कमिश्नर ने की कार्रवाई, एसडीएम को सौंपी जांच**

**सर्वे** युवा प्रोफेशनल्स पर ताजा सर्वेक्षण में सामने आई वजह

# वेतन असमानता की बड़ी वजह मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं में से लगभग आधे युवाओं (45 प्रतिशत) की राय है कि भारत में लैंगिक वेतन अंतर 20 प्रतिशत से अधिक है, जिसमें मातृत्व से संबंधित करियर अवकाश और कार्यस्थल पर पूर्वाग्रह को सबसे बड़ा कारण बताया गया है। युवा प्रोफेशनल्स पर किए गए एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि युवा पेशेवरों, नए कर्मचारियों और मध्यम स्तर के पेशेवरों ने स्पष्ट रूप से माना कि नियोक्ताओं द्वारा लैंगिक वेतन अंतर किया जा रहा है और आईटी क्षेत्र को इसका सबसे बड़ा उदाहरण बताया गया है। सर्वेक्षण में शामिल आधे पेशेवरों ने आईटी को सबसे ज्यादा लिंग-भेद वेतन अंतर वाला उद्योग बताया।

80 उद्योगों में किए गए नौकरी सर्वेक्षण के अनुसार, 51 प्रतिशत पेशेवरों ने मातृत्व अवकाश को लिंग-भेद के बीच वेतन असमानता का प्रमुख कारण बताया। लगभग 27 प्रतिशत ने कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह की ओर इशारा किया, जिस तरह से उन्हें काम पर देखा जाता है, कि वे महिला होने की वजह से पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर सकतीं। उत्तरदाताओं में आईटी (56 प्रतिशत), फार्मा (55 प्रतिशत) और ऑटोमोबाइल (53 प्रतिशत) क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स सबसे ज़्यादा थे। रिपोर्ट में बताया गया कि करियर ब्रेक का वेतन अंतर पर सबसे ज़्यादा प्रभाव पड़ता है, ऐसा मानने वालों में 5-10 साल के अनुभव वाले पेशेवर(54 प्रतिशत) और 10-15 साल के अनुभव वाले पेशेवर (53 प्रतिशत) शामिल थे। वेतन अंतर की धारणा के मामले में विमानन (57 प्रतिशत), शिक्षा (52 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र रियल एस्टेट (21 प्रतिशत), एफएमसीजी (18 प्रतिशत) और बैंकिंग (12 प्रतिशत) से कहीं आगे निकल गए। जबकि तेल एवं गैस तथा खुदरा जैसे पारंपरिक उद्योगों ने अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रौद्योगिकी केंद्र हैदराबाद (59 प्रतिशत) और बेंगलुरु (58 प्रतिशत) आईटी वेतन असमानताओं के बारे में सबसे अधिक चिंतित थे। सर्वेक्षण में पाया गया कि वरिष्ठ पेशेवर लैंगिक वेतन अंतर को अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं। 10-15 वर्षों (46 प्रतिशत) और 15+ वर्षों (47 प्रतिशत) के अनुभव वाले लगभग आधे उत्तरदाताओं ने कहा कि यह अंतर 20 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है।



**पेशेवरों ने बड़े पैमाने पर दी प्रतिक्रिया**

सर्वेक्षण के दौरान पेशेवरों ने बड़े पैमाने पर प्रतिक्रिया दी कि प्रदर्शन-आधारित पदोन्नति वेतन अंतर को पाट सकती है। विशेष रूप से नोएडा और गुड़गांव जैसे शहरी समूहों में पक्षपात-मुक्त और पारदर्शी नियुक्ति (27 प्रतिशत) और पारदर्शी वेतन प्रथाओं (21 प्रतिशत) का भी व्यापक रूप से समर्थन किया गया, जहां वेतन पारदर्शिता की मांग सबसे मजबूत थी।


वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन
लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षें के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़ें रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC / MI / 2025-26 / 15 / Hin

# साहित्य सृजन

## अमीरी का बचपन



कौन कहता है की हमने अमीरी नहीं देखी,
वो बचपन के दिन जिसमें हमने कभी फकीरी नहीं देखी,
छोड़ दिया करते थे अपनी नाव हम सड़कों की नदी में,
उन दिनों जितनी हमने कभी खुशियों
से करीबी नहीं देखी...
ना फिकर कैरियर बनाने की,
ना फिकर नाम खो जाने की,
ना फिकर घर वापस जाने की,
ना थी फिकर डांट खाने की,
फिकर थी तो बस इस बात की,
अपने हमसखा के साथ की,
ना छूटे कभी साथ उसका ,
लगी रहती थी टेंशन बस इसी बात की,
ना जाने क्यों हम बड़े हो गए,
वो साथ वाले बचपन के दिन कहां खो गए।
अब तो मोबाइलों पे नज़रें रहती हैं,
हम तो जैसे इस डब्बे में खो गए।
लगता है जैसे कब से कोई मिला नहीं,
ऐसा लगता है की खुल के कोई जिया नहीं।

हेमलता दाहिया

## शरदीय नवरात्रि सवैया



अश्विन मास प्रभा रजनी,जब पाटल ठंड सुहावत हैं ।
मातु भवानि उमंग भरे,चढ़ि केहरि वाहन आवत हैं ।
स्वागत हेतु समाज सबै,मिलि सुंदर साज सजावत हैं ।
मंडप रंग बिरंग सजा,जँह आसन मातु विराजत हैं ।।
शंख त्रिशूल चक्र असि धारत कंचन हार गले फबता ।
पैजनि शोभि रही पग में,कटि में पहनी तगड़ी महता ।
चूनर लाल बढ़ाय रही,छवि लोचन से बरसे ममता ।
आरति थाल सजाय करें,नित हेकर ठाढ़ जुटी जनता ।।
हे जग माँ हर पाप महा,हम दीन दुखी कर जोरि रहे ।
मेटहु रार समाज बढ़ा,बहु लोग हलाहल घोरि रहे ।
पाप विहीन करो जग को,पुनि प्रेम नदी चहुँ ओर बहे ।
संकट दूर करो जन की,वध डारहु जो घर फोरि रहे ।।
गावत शेष महेश सदा,गुन लेख गजानन हैं करते ।
श्रीफल मोदक फूल दही,नित भोग लगा सजदा करते ।
मेटहु मोर कलेश शिवा,हम आरत हो विनती करते ।
दीपक ज्ञान जला हिय में,हम सादर आदर हैं करते ।।
रावण कंस बढ़े जग में,चहुँ ओर अनीति बढ़ावत हैं ।
मातु पिता भगिनी तनया,जग में बहु भाँति सतावत हैं ।
पाप हरो शुचिता भर दो,जग में सब दास पुकारत हैं ।
पापिन का तुम नाश करो,हम 'शंकर' मातु मनावत हैं ।।

शंकर प्रसाद शुक्ल, सिंगरौली

## प्रेम की धारा बहे



है पड़ोसी खुश हमारा, आग से घर जल रहा ।
मानता बात न मेरी, राह उल्टी चल रहा ।।
था खड़ा दीवार सा वह, दुश्मनों के सामने ।
अब सुरक्षित है न सीमा, गिरि हिमालय गल रहा ।।
फूल डालों पर सजे थे, पेड़ सुन्दर भी दिखे ।
आज मानव काटकर के, है प्रकृति को छल रहा ।।
विश्व में सुख शान्ति फैले, प्रेम की धारा बहे ।
सत्य की बातें करें हम, युद्ध सारा टल रहा ।।
द्वेष-ईर्ष्या लोभ- लालच, दिख रहा संसार में ।
किस तरह हम पार पाएं, हर मनुज में पल रहा ।।

सुरेश गौतम, रीवा

## पहचान



तू खुद को पहचान। तू खुद को पहचान।।
सब कुछ तेरे अंदर है, तू भी एक समंदर है।
जीत को अपना लक्ष्य बना, तू भी एक सिकंदर है।।
यदि खुद से तू लड़ सकता है, तो कुछ भी तू कर सकता है।
औरों पर मारना छोड़ के 'सोनू' क्या खुद पर तू मर सकता है।।
चल अपने लक्ष्य में हो जा मगन, निज-पंख खोल और नाप गगन।
डाली - टूटे बगिया - उजड़े, इससे पहले बचा ले उपवन।।
तू नहीं तो कोई और नहीं, तुझ जैसा कोई और नहीं।
अपनों का यह दौर नहीं, क्या तेरा इस पर गौर नहीं ?
अब दूजा कोई और नहीं, तू नहीं तो कोई और नहीं।।
सब कुछ तेरा हो जाएगा, बस तू तेरा ही रहना।
हर बंधन को तोड़ के राही, बस आगे तू बढ़ते रहना।।
जिस दिन ऊंची होगी सबसे, रे परिंदे तेरी उड़ान।
उस दिन तुझको नमन करेगा, झुककर सारा जहान।।
तू खुद को पहचान। तू खुद को पहचान।।

सोनू चौबे, घोघरा सीधी

## हार नहीं है



थोड़ी अंक से चूक हुई है मतलब यह तेरी हार नहीं है
हार मान क्यों बैठा राह पर तेरे संग तेरा सम्मान चले।
हे सिंह जरा मेहनत आपनी जारी जारी जारी रखना
असफल हुए कोई बात नहीं अगली अच्छी तैयारी रखना।
थोड़ा धीरज हिम्मत के संग में कदम बढ़ा चल जाना तुम
अपने मान की रक्षा करना प्रारम्भ से भी लड़ जाना तुम।
विजय तेरी तैयार खड़ी है बस थोड़ी सी ही अर्चन है
बढ़ आगे यार निरंतर तू तुम्हे भय का करना मर्दन है।

पंडित रावेंद्र तिवारी 'राज'

## सवैया



आवति प्रेम दिखावति है,
पर दूरहिं से ललचावति आंखी।
ओहिन में मन जाइ बस्यो,
तब आंगन आंसु गिरावति आंखी।
आरति थाल सजाइ लियो,
फिर जाप विधान करावति आंखी।
सोबत जागत नाम रट्यो,
तब रूप बनावति आवति आंखी।।

प्रविन्दु दुबे 'चंचल', सिंगरौली

# मंदिर परिसर की सफाई कर श्रद्धालुओं को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ




**जागरण, सतना।** नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव अभियान के अंतर्गत 28 सितम्बर को विभिन्न स्थानों में विशेष सफाई अभियान संचालित किए गए। सबसे पहले वार्ड क्रमांक 33 स्थित धवारी तालाब परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ दिलवाकर लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद वार्ड क्रमांक 41 स्थित विश्वास्रव सब्ज़ी मंडी में सफाई अभियान चलाया गया। टीम ने मंडी परिसर से कचरा हटाकर दुकानदारों और स्थानीय लोगों को गीले.सूखे कचरे का अलग.अलग निस्तारण करने तथा गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 31 स्थित साईं मंदिर परिसर में भी विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। टीम ने मंदिर परिसर की सफाई कर श्रद्धालुओं और आस.पास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई और यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों को यह समझाया गया कि स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# जिला कांग्रेस कमेटी की रामपुर विधानसभा अंतर्गत ब्लॉकवार आयोजित हुई बैठक



**जागरण, सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी की रामपुर बाघेलान विधानसभा अंतर्गत रामपुर ब्लॉक एवम बेलाए छिबौरा.चोरहटा उप ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य एवम पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।कार्यकर्ता सम्मेलन में वोट चोर.गद्दी छोड़ अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवम कार्यक्रम उपरांत बाजार भ्रमण करके भाजपा की जनता विरोधी नीतियों को उजागर किया गया एवम मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के राहुल गांधी एवम प्रियंका गांधी संबंधित बयान के खिलाप कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकरए महात्मा गांधी एवम पंडित जवाहरलाल नेहरू की के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया साथ ही आज जो हम लोगों का अधिकार मिले हुए हैं उनकी कृतियां एवं नीतियों को जीवित रखने का संकल्प लिया गया आज आने वाली पीढ़ी को चाहे वह शिक्षा और रोजगार हो सब कांग्रेस के देन है।पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का बलिदान पूरे हिंदुस्तान के एक.एक कार्यकर्ता एवं मतदाताओं के लिए प्रेरणादाई है एपार्टी की कृतियां एवं नीतियों को हम गांव.गांव एवं पोलिंग बूथ तक ले जाएंगे हमारा कांग्रेस का एक.एक कार्यकर्ता जनता के लिए संघर्ष करके भाजपा की दोषपूर्ण नीतियों को उजागर करेगा। इस कार्यक्रम में धनेश कुशवाहा, राजीवलोचन सिंह,शत्रुंजय सिंह,प्रदीप समदरिया,के के कुशवाहा,भागवत सिंह तिवारी,विवेकानंद त्रिपाठी,गजेंद्र सिंह,उमेश शुक्ला,मनोज तिवारी,विजय सिंह,रामकृष्ण मिश्रा, कमलाकांत कुशवाहा,संतोष रवि,शिवशंकर गोंटियां, बाबूलाल कुशवाहा,,पवन मिश्रा,शोभनाथ सिंह, दीपेंद्र पयासी ,योगेश्वर द्विवेदी,अंगद विश्वकर्मा,राजाराम कोल, नीलेश सिंह तिवारी,रामनिवास कुशवाहा,शशिकांत मिश्रा, इंद्रजीत साकेत,कैलाश परौहा,रामखेलावन दाहिया,राजू बंसल, चंद्रकांत पाठक,निखिल सिंहराजेश पांडेय,सतेंद्र कुशवाहा,सुरेश कुशवाहा,उपेंद्रमणि पांडेय,नीलेन्द्र द्विवेदी, सुधीर मिश्रा एव अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण सम्पन्न



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अल्प अवधि रोजगार एवं स्वरोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को सीवी बनाना, एनालिसिस एप्टीट्यूड एवं रीजनिंग, डाटा इंटरप्रिटेशन, गणितीय दक्षता, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह में कार्य करना एवं समूह चर्चा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आर एस गुप्ता ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रेरक विचार व्यक्त किए तथा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ क्रांति मिश्रा ने छात्रों को प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को व्यवहार में लाकर आत्मनिर्भर भविष्य गढ़ने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए छात्रा निधि त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षण से उन्हें साक्षात्कार में आत्मविश्वास से आई कांटेक्ट बनाए रखने और व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने की कला आई। छात्र रवि शंकर मिश्रा ने संप्रेषण कौशल और औपचारिक पहनावे के महत्व पर प्रकाश डालाए वहीं छात्रा क्षमा त्रिपाठी ने सीवी निर्माण और समूह कार्य के कौशल को अपने करियर निर्माण में उपयोगी बताया। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ पुष्पराज सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ ऋषभदेव साकेत एवं डॉ संजय चौरसिया का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर डॉ ऋषभदेव साकेत ने आभार व्यक्त करते हुए छात्र.छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना संचालित

**जागरण, सतना।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार सदस्यों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर के लिए भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक द्वारा बताया गया कि टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से एक लाख रुपये तक ऋण एवं 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं गारंटी फीस म.प्र. शासन द्वारा देय होगी। स्वरोजगार योजना के लिए आवेदक जिले का निवासी हो, आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो, आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो। आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। इसी प्रकार भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख से 50 लाख रुपये तक की परियोजनायें एवं सेवा इकाई व खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख से 25 लाख रूपये तक का होगा। इसमें आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो और आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो।

## लोक कल्याण मेला संपन्न

**जागरण, उचेहरा ।** नगर परिषद के वार्ड 12 स्थित खेरमाई टाऊन हाल में लोक कल्याण मेला अंतर्गत पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों की ट्रेनिंग संपन्न हुई जिसमें पीएम स्वनिधि के 15 हजार, 25 हजार , 50 हजार के ऋण की डिजिटल पेमेंट की जानकारी पीएम स्वनिधि से समृद्धि के अंतर्गत 8 जनकल्याणकारी सुरक्षा बीमा की जानकारी दी गई इस अवसर पर दो ट्रेनर एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह नागेंद्र शुक्ला सियावती कोल नितेंद्र समदरिया विमलेंद्र वर्मा लालेंद्र प्रताप सिंह विपिन मिश्रा सचिन कुशवाहा वीरेंद्र कुशवाहा सोनू एवं समस्त पीएम स्वनिधि हितग्राही उपस्थित रहे।

# देवियां सदा रही हैं सर्वोपरि : बीके रूबी




**जागरण, सतना ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कृष्णा नगर सतना के तत्वाधान में विधायक विक्रम सिंह की विशेष पहल से सतना सेंटर के मुख्य संचालिका राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी द्वारा रामपुर बघेलान के मुख्य बाजार मोड पर नव चैतन्य देवियों की झांकी की स्थापना की है जिस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी से बीके रूबी ने कहा कि देवियां सतयुग से ही सर्वोपरि रही है और आज भी हैं हर मुश्किल समय में देवियों ही उसे समस्या का निवारण करने में सक्षम होती है इसलिए हम देवियों को सर्व शक्तिमान मानते हैं आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह उपस्थित रही और चैतन्य देवियों की आरती की साथ ही उनके द्वारा आयोजित व्यसन मुक्ति नाटिका को भी देख उनके द्वारा दिए जाने वाले संदेश की सराहना की आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से माँ टी व्ही एस के संचालक आकाश सिंह परिहार डॉ एल के मिश्रा शिक्षक विजय कुमार वर्मा शिवकुमार सिंह रामकृष्ण गुप्ता हिमांशु गुप्ता सरस्वती विद्यालय के व्यवस्थापक पंकज सोनी डैफोडिल्स स्कूल के डायरेक्टर विजयंत पांडेय आईडीएम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश मिश्रा एवम प्राचार्य श्रीमती अनुराधा त्रिपाठी माता रानी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया वही कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार कोल शैलेंद्र निगम आशीष सिंह अंबू पार्षद श्रीमती नीतू दिलीप सोनी पार्षद मोहम्मद इशाक आयुष से ज्वेलर्स जेपी सोनी अंगद मिश्रा श्रीमती ललिता रमेश वर्मा पार्षद फुल्ली देवी कोल सुदर्शन कोल विपिन कृष्ण शास्त्री संजय पांडेय अरुण सिंह लबकेश् वर्मा राहुल कश्यप उमेश कश्यप मोहित त्रिपाठी सहित सैकड़ों भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सांसद ने व्यापारियों से संवाद कर घटी जीएसटी के गिनाएं फायदे कहा.




**जागरण, सतना।** रविवार को सांसद गणेश सिंह ने जीएसटी बचत उत्सव पदयात्रा के तहत मैहर और सतना में व्यापारियों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें जीएसटी के दो स्लैब समाप्त किए जाने से होने वाले फायदों की जानकारी दी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि घटाई गई जीएसटी दरों से व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा और उपभोक्ताओं पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सांसद गणेश सिंह ने व्यापारियों से संवाद किया और उन्हें जीएसटी कटौती से मिलने वाले फायदों से अवगत कराया। उन्होंने मैहर और सतना के बाजारों में दुकान.दुकान जाकर व्यापारियों को इन लाभों की जानकारी दी और उनसे ग्राहकों को भी इसके बारे में बताने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक पहल देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ.साथ आम जनता के जीवन को भी सरल बनाएगी। सांसद श्री सिंह ने सतना में महेन्द्रा के शोरूम पहुंचे वहां उन्होंने संचलाक से वाहनों में घटी जीएसटी की जनकारी ली।

# विंध्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग को जारी हुई मान्यता

**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल द्वारा 27 सितंबर को सत्र 2025-26 की मध्य प्रदेश में विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्राप्त करने वाले पात्र महाविद्यालयों की सूची जारी कर दी गई। गौरव तलब है कि कि पिछले लगभग 4 वर्षों से विभिन्न प्रकार की शिकायतों के उपरांत उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश पर सीबीआई सहित विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर की गई जांच उपरांत उपयुक्त पाए गए प्रदेश भर के नर्सिंग महाविद्यालयों की मान्यता सूची जारी कर दी गई। इसी क्रम में विभिन्न निरीक्षणों में सतना जिले में भी संचालित विंध्या कॉलेज आफ नर्सिंग को जीएनएम 60 सीट बीएससी नर्सिंग 60 सीट पोस्ट बीएससी नर्सिंग 20 सीट और एमएससी नर्सिंग 20 सीट को मान्यता प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा सत्र 2025-26 के लिए जारी मान्यता के अनुसार विंध्या कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग सतना एकमात्र जिले का नर्सिंग महाविद्यालय है जहाँ जीएनएम और बीएससी नर्सिंग के साथ.साथ पोस्ट बीएससी और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की सुविधा उपलब्ध है। आगे लेख है कि सत्र 2025-26 मे विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों मे प्रवेश के लिए नर्सिंग पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके छात्र.छात्राओं के प्रवेश हेतु पंजीयन की कार्रवाई प्रचलन में है एवं आगामी दिनांक में काउंसलिंग के माध्यम से प्रदेश भर के मान्यता प्राप्त नर्सिंग महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की कार्रवाई संपादित की जाएगी। छात्र.छात्राओं की सुविधा के लिए मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा जारी प्रवेश प्रक्रिया का कैलेंडर संलग्न किया जा रहा किया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी देवांश ने बनाया स्थान



**सतना।** अपने गुरु संजय देवले ग्वालियर की कृपा एवं आशीर्वाद से मैहर के शास्त्रीय युवा गायक देवांश मिश्रा ने संभागीय लता मंगेशकर सुगम गायन प्रतियोगिता में रीवा संभाग में प्रथम स्थान पर आने के बाद लता मंगेशकर अलंकरण समारोह के तत्वावधान में आयोजित 27 सितम्बर को लता मंगेशकर सभागार इंदौर मध्य प्रदेश में राज्य स्तरीय रीवा संभाग की ओर से सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर विंध्य क्षेत्र से एकमात्र देवांश मिश्रा ही सीनियर ग्रुप में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने गुरुए माता.पिता एवं मैहर का नाम रोशन किया है इस उपलब्धि के लिए शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर की प्राचार्य उपसंचालक श्रीमती भारती सिंह राजपूत महाविद्यालय एवं मैहर वाद्य वृंद के समस्त स्टाफ जनों ने अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए देवांश के उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा उसके सभी ईस्ट मित्रों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# लवडेल स्कूल के छात्रों ने किया केमिकल फैक्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण



**जागरण, सतना।** गत दिवस लवडेल स्कूल के कक्षा 12वीं कॉमर्स के विद्यार्थियों ने भारत केमिकल फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण किया इस अवसर पर फैक्ट्री प्रबंधन ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें विभिन्न उत्पादन की प्रक्रियाए सुरक्षा मानकए अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी। छात्रों ने प्रयोगशाला तथा उत्पादन इकाई का अवलोकन किया और इसके सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में समझा। इस अवसर पर छात्रों ने अपने प्रश्न भी पूछे जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिया। भ्रमण से छात्रों को न केवल पुस्तक ज्ञान को व्यवहारिक रूप से देखने का अवसर मिला बल्कि भविष्य में औद्योगिक क्षेत्र में संभावनाओं की ओर भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्र.छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की ।

## सज्जनपुर मंडल की आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला संपन्न



**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सज्जनपुर मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला पडखुरी में मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता व मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालेंद्र गौतम के मुख्य अतिथि में व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ने की इस अवसर पर बालेंद्र गौतम व अशोक गुप्ता जी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प व जी एस टी के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम की प्रस्तावना व रूप रेखा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ने की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अल्का सिंह दिनेश दहिया सुनील कुमार तिवारी यज्ञनारायण कुशवाहा राजेश गौतम मंटू शुक्ला सुनील मिश्रा ज्ञानी शुक्ला रेखा साकेत लीलावती विश्वकर्मा मनोज कुशवाहा रामदयाल कुशवाहा रामानंद कुशवाहा नीरज मल्ला पंकज पटेल राजभान गौतम शिव शंकर शर्मा पूसाई प्रजापति पारस साकेत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न

**सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल जी एवं प्रान्तीय निर्णय अनुसार आज 28 सितम्बर को उत्सव पैलेस सतना में जिलास्तरीय बैठक की गई। इस बैठक में मुख्यातिथि प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया जी रहे अध्यक्षता जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने किया। आज के बैठक में मुख्यबिन्दु निम्नलिखित थे 1अक्टूबर माह में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के मुख्यातिथि में सम्पन्न होना है इस पर तैयारी की चर्चा की गई।

# सर्वहारा वर्ग के नेता थे रामानंद : कुशमरिया



**जागरण, सतना।** सतना। मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के बैनर तले रविवार को टॉउन हाल में स्वर्गीय पूर्व मंत्री व सांसद रामानंद सिंह की 7वीं 7वीं पुण्यतिथि और संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वण्रामानंद सिंह के राजनैतिक समााजिक एवं साहित्यिक उपलब्धियों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विंध्य की माटी के सपूत को श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुशमरिया उपस्थित रहें वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह राजा पटेरिया विधायक पुष्पराज सिंह मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र शर्मा ने किया वसुंधरा सिंह ने स्वागत भाषण से अतिथियों का स्वागत किया और स्वण्पूर्व सांसद रामानंद सिंह की जीवनी पर भी प्रकाश डाला एवसुंधरा रामानंद सिंह की पोती हैं। सिद्धार्थ सिंह छोटू ने सभी वक्ताओं एवं आए अतिथियों का भी आभार व्यक्त किया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 ▸ अंक 02 ▸ पृष्ठ 12

रीवा, सोमवार 29 सितंबर, 2025 ▸ आश्विन शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082 ▸ **नगर** ▸ मूल्य 5 रुपए

हर वक्त आप जोश से काम नहीं ले सकते, कभी-कभी होश से भी काम लेना जरूरी है।

# मेट्रो के ट्रैक-रैक ओके, पर स्टेशनों की व्यवस्था देखने के बाद मिलेगी हरी झंडी

## स्टेशनों पर चल रहे सौंदर्यीकरण के काम से मेट्रो के संचालन पर नहीं पड़ेगा फर्क

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में 2016 से शुरू हुआ मेट्रो लाइन बिछाने का सफर 2025 के आखिर में अब पूरा हो गया है। मेट्रो के अधिकारियों की मानें तो अब अक्टूबर में मेट्रो का संचालन शुरू किया जा सकता है। 8 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर में चलने वाली भोपाल मेट्रो के ट्रैक को यात्री संचालन के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा पहले ही फिट करार दिया चुका है। जबकि इन ट्रैक पर दौड़ने वाले रैक भी पूरी तरह से फिट हैं। रैक को पिछले डेढ़ साल में हर तरह के मौसम में विभिन्न गति सीमाओं पर चलाकर देखा गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के 8 में से 5 स्टेशन 100 फीसदी कंप्लीट हैं। केवल 3 स्टेशनों पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। अधिकारियों की मानें तो इन कार्यों से मेट्रो के संचालन पर फर्क नहीं आएगा।



### सुभाष नगर से सीधे पहुंच सकेंगे एम्स

भोपाल मेट्रो के शुरू होते ही सुभाष नगर से एमपी नगर, डीबी मॉल, रानी कमलापति और एम्स पहुंचना आसान हो जाएगा। वहीं भेल क्षेत्र में रहने वाले लोग भी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सीधे अल्कापुरी और एम्स उतर सकेंगे। इस तरह से पहले चरण में शहर के 6 लाख से ज्यादा लोगों को मेट्रो की सुविधा का लाभ मिलेगा। ऐसे में इस क्षेत्र में लोगों की महंगे परिवहन साधनों और सिटी बस पर निर्भरता कम होगी और 8 किमी रूट पर संचालन शुरू होने से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी।

### जांच के बाद सीएमआरएस की टीम भी दिखी संतुष्ट

आरडीएसओ की टीम के कड़े परीक्षण के बाद 25 सितंबर को एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के बाद सीएमआरएस और उनकी टीम भोपाल मेट्रो को विभिन्न पैमानों पर परखने के बाद संतुष्ट दिखी। इसके बाद सीएमआरएस को एक और निरीक्षण करने के लिए भोपाल आना है और यह निरीक्षण अब कभी भी हो सकता है। इस दौरान टीम भोपाल मेट्रो के सभी आठ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा का कड़ा निरीक्षण करेगी, जांच के दौरान सीएमआरएस यदि स्टेशन की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए तो मेट्रो को संचालन के लिए तैयार माना जाएगा। मेट्रो के अधिकारियों की मानें तो इन सभी आठ स्टेशनों पर लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और एम्स स्टेशन पर सौंदर्यीकरण के कुछ कार्य बचे हुए हैं।

# कलेक्ट्रेट के पास चेकिंग के दौरान सिपाही पर बोलेरो चढ़ाने की कोशिश, बाल-बाल बची जान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कलेक्ट्रेट के पास शनिवार शाम चेकिंग के दौरान सिपाही पर बोलेरो चढ़ाने की कोशिश की गई। समय रहते सिपाही पीछे हट गया और जान बच गई। पुलिस ने गाड़ी रोकी तो चालक व उसके साथी ने अभद्रता कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय अनुज तिवारी आरक्षक हैं। वह यातायात थाना भोपाल में पदस्थ हैं। शनिवार शाम साढ़े चार बजे सिपाही एएसआई प्रभुदयाल व आरक्षक सूरज के साथ कोहेफिजा तिराहा कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें एक बोलेरो गाड़ी तेज रफ्तार में आती हुई दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। गाड़ी रोकने का प्रयास कर रहे पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ते-चढ़ते बच गई। गाड़ी चालक सीट बेल्ट भी नहीं लगाए था। जब पुलिसकर्मियों ने गाड़ी के कागजात मांगे तो पता चला कि गाड़ी किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर थी। पुलिस ने चालक से ट्रैफिक नियमों को तोड़ने व ओवर स्पीड से गाड़ी चलाने का बोलकर चालानी कार्रवाई के लिए कहा तो आरोपी चालक ने अपने साथी अनस के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों से गाली-गलौच कर अभद्रता की।

# इंडसइंड बैंक में 2000 करोड़ का घोटाला!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडसइंड बैंक अकाउंटिंग लैप्स मामले की जांच में नया खुलासा हुआ है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की शुरुआती जांच में सामने आया कि बैंक के उस समय के शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों ने अकाउंटिंग बुक्स में एडजस्टमेंट किए जाने की बात स्वीकार की है। यह मामला लगभग 2000 करोड़ रुपए के गड़बड़ी से जुड़ा है। पिछले सप्ताह ईओडब्ल्यू ने बैंक के पूर्व सीएफओ गोबिंद जैन, पूर्व डिप्टी सीईओ अरुण खुराना व पूर्व सीईओ सुमंत कथपालिया के बयान दर्ज किए। खुराना को बाद में फिर से समन भेजा गया। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि खुराना की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि वे उन बदलावों और एडजस्टमेंट से वाकिफ थे जो बैंक की बुक्स में कथित तौर पर किए गए थे।




MARUTI SUZUKI

NEXA

CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

WITH GST BENEFITS + LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS*

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹1 12 600 | ₹6 84 900 | ₹70 000 |
| GRAND VITARA | ₹1 07 000 | ₹10 76 500 | ₹1 29 100 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹86 100 | ₹5 98 900 | ₹72 500 |
| IGNIS | ₹71 300 | ₹5 35 100 | ₹62 500 |
| INVICTO | ₹61 700 | ₹24 97 400 | ₹1 40 000 |
| XL6 | ₹52 000 | ₹11 52 300 | ₹25 000 |
| JIMNY | ₹51 900 | ₹12 31 500 | ₹1 00 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 30TH SEP ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 30TH SEP)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

# लता जी जैसे हीरे को पहचाना था 'जौहरी' हैदर ने...



'मेरी बात नोट कर लीजिए। एक दिन आएगा जब लता के दरवाज़े पर प्रोड्यूसर लाइन लगाकर खड़े होंगे...।' ये बात मास्टर गुलाम हैदर ने शशधर मुखर्जी साहब से तब कही थी जब उन्होंने लता जी की आवाज़ को रिजेक्ट कर दिया था। मास्टर गुलाम हैदर की नजरें किसी जौहरी से कम ना थी। वो लोगों के भीतर छिपे हुनर को ऐसे पहचान लेते थे जैसे कोई जौहरी किसी रत्न को मिट्टी के ढेर में पहचान सकता है।

मास्टर गुलाम हैदर ना सिर्फ हुनरमंदर हीरों को पहचानते थे, बल्कि उन्हें तराशकर उन्हें चमक-दमक भी देते थे। एक लंबी फेहरिस्त है उन नगीनों की जिन्हें मास्टर गुलाम हैदर ने पहचाना व तराशा। लेकिन तीन नाम ऐसे हैं जो मास्टर गुलाम हैदर के जरिए बहुत बड़ा मुकाम बनाने में कामयाब रहे। ये तीन थे शमशाद बेगम, नूरजहां और लता मंगेशकर। फिलहाल लता जी की जयंती के मौके पर हम उनकी ही की बात करेंगे। शुरुआत करेंगे लता जी व नूरजहां जी के एक दिलचस्प किस्से से..।

ये साल 1945 की बात है। दूसरा विश्वयुद्ध तब चल ही रहा था। प्रफुल्ल पिक्चर्स के मालिक मास्टर विनायक से अंग्रेज सरकार ने युद्ध पर कोई फिल्म बनाने को कहा। मास्टर विनायक ने नूरजहां को फिल्म में हीरोइन लिया। और स्क्रीनप्ले लिखने के लिए जिया सरहदी को साइन किया। फिल्म की शूटिंग कोल्हापुर में हुई थी। नूरजहां और जिया सरहदी कोल्हापुर आते-जाते रहते थे। एक दिन वो दोनों स्टूडियो में बैठे थे। पास के कमरे से किसी लड़की के गाने की आवाज़ आई। वो आवाज़ इतनी सुरीली थी कि नूरजहां और जिया सरहदी, दोनों उसे सुनकर चौंक गए।

नूरजहां ने मास्टर विनायक से पूछा कि ये गाना कौन गा रही है? मास्टर विनायक ने बताया कि मराठी नाटकों व फिल्मों के एक एक्टर व गायक थे मिस्टर दीनानाथ मंगेशकर। उनकी अचानक मौत हो गई। उनके जाने के बाद परिवार आर्थिक दिक्कतों में घिर गया। ये उनकी बेटी लता है। लता यहां तीस रुपए महीना पर नौकरी करती है। वो कोरस में गाती है। छोटे-मोटे रोल भी निभाती है। नूरजहां ने लता से मिलने की ख्वाहिश जाहिर की। लता जब आई तो नूरजहां ने उन्हें अपने पास बैठाया और उनसे गाना सुनाने की फरमाइश की। फिर जब लता ने एक गाना सुनाया तो वो सुनकर नूरजहां मास्टर विनायक से बोली, ये लड़की आगे चलकर बहुत बड़ी गायिका बनेगी। इसे बंबई भेजा जाना चाहिए।

एक इंटरव्यू में लता जी ने बताया था, पहले मैं एक्टिंग करती थी। लेकिन मुझे एक्टिंग करना पसंद नहीं था। चेहरे पर मेकअप लगाना और हंसना-रोना मुझे अच्छा नहीं लगता था। कभी हीरो की बहन का रोल तो कभी हीरोइन की सहेली का रोल। ऐसे ही रोल मिलते थे। मैं गाना चाहती थी। लेकिन कोई मुझे गाने का मौका नहीं दे रहा था। साल 1947 में मास्टर विनायक का निधन हो गया और उनकी कंपनी प्रफुल्ल पिक्चर्स बंद हो गई। लता जी वैसे तो मास्टर विनायक के जीवित रहते ही कुछ मराठी व इक्का-दुक्का हिंदी फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग कर चुकी थी। लेकिन मास्टर विनायक की मृत्यु के बाद लता जी के सामने चुनौती खड़ी हो गई थी। तभी पठान नाम का एक आदमी, जो जूनियर आर्टिस्ट सप्लायर हुआ करता था, वो लता जी को मास्टर गुलाम हैदर से मिलाने ले गया।

मास्टर गुलाम हैदर उन दिनों शहीद फिल्म के संगीत पर काम कर रहे थे। शहीद के प्रोड्यूसर शशधर मुखर्जी थे। लता जब मास्टर गुलाम हैदर से मिली तो उन्होंने लता जी का एक टेस्ट लिया। लता जी की गायकी मास्टर साहब को बहुत पसंद आई। उन्होंने लता जी को टेस्ट में पास कर दिया। लता जी से उन्होंने कहा, तुम्हारी गायकी बहुत अच्छी है। मैं तुम्हें प्रमोट करूंगा। फिर मास्टर साहब लता जी को साथ लेकर शशधर मुखर्जी से मिले। शशधर मुखर्जी ने भी लता जी को सुना। लेकिन उन्हें लता जी की आवाज पसंद नहीं आई। उन्होंने लता जी को रिजेक्ट कर दिया। शशधर मुखर्जी ने कहा था कि उनकी हीरोइन को इस लड़की की आवाज सूट ही नहीं करेगी। इसकी आवाज तो बहुत पतली, तीखी सी है।

(लता जी ने खुद एक दफा इस वाकये का जिक्र किया था) मास्टर गुलाम हैदर को शशधर मुखर्जी की बात पसंद नहीं आई। वो शशधर जी से बोले कि आपको अपनी राय बनाने का पूरा हक है मुखर्जी साहब। पर मेरी बात लिख कर रख लीजिए। एक दिन ऐसा आएगा जब प्रोड्यूसर्स लता को साइन करने के लिए इसके दरवाज़े पर लाइन लगाकर खड़े होंगे। शशधर मुखर्जी को ये सब कहकर मास्टर गुलाम हैदर लता जी को साथ लेकर बॉम्बे टॉकीज आ गए। वहां उनकी कुछ बात हुई। और फिर दो या तीन दिन बाद ही मास्टर साहब ने लता जी से अपने डायरेक्शन में पहला गीत रिकॉर्ड कराया। फिल्म थी 1948 की मजबूर। गीत के बोल थे- अंग्रेजी छोरा चला गया। दुख दर्द की घड़ियां बीत गई...।

उस गीत में लता जी के साथ जुगलबंदी की थी मुकेश जी ने। गीत लिखा था नाजिम पानीपती ने, जो मास्टर गुलाम हैदर का ही तराशा हुआ एक हीरा थे। यानि नाजिम पानीपती को भी उनका पहला मौका मास्टर साहब ने ही दिया था। नाजिम पानीपति उस दौर की एक बहुत मशहूर एक्ट्रेस मुमताज शांति के देवर थे। खैर, बाद में वो वक्त भी आया था जब शशधर मुखर्जी, जिन्होंने लता जी को रिजेक्ट कर दिया था, वो अपनी हर फिल्म में लता जी से गायकी जरूर कराते थे।



### जब लता जी को थप्पड़ जड़ा गुलाम हैदर ने

लता मंगेशकर और मास्टर गुलाम हैदर का एक और किस्सा है जो बड़ा दिलचस्प है। एक दफा गुलाम हैदर लता जी के साथ किसी गाने की रिहर्सल कर रहे थे। गाने की एक जगह पर लता बार-बार गलती कर रही थी। जब कई दफा लता जी से वो गलती हो गई तो मास्टर गुलाम हैदर को गुस्सा आ गया। उन्होंने लता जी के गाल पर थप्पड़ लगा दिया। उस थप्पड़ से ना सिर्फ लता, बल्कि रिहर्सल में मौजूद जितने भी म्यूजिशियन्स थे, वो सब सकते में आ गए। म्यूजिशियन्स के ग्रुप में एक करतार सिंह हुआ करते थे। मास्टर साहब करतार सिंह को बहुत चाहते थे। उस दिन जब मास्टर साहब ने लता के गाल पर थप्पड़ मारा तो करतार सिंह सकुचाते हुए उनसे बोले, इस कमज़ोर लड़की को आपने थप्पड़ क्यों मारा मास्टर जी? जरा इसे देखिए तो। ये बेचारी इतनी हैरान है कि रोना भी भूल गई है। मास्टर गुलाम हैदर ने करतार सिंह से कहा, देखो करतार सिंह। जब नूरजहां गलती करती थी तो मैं उसको भी थप्पड़ मारता था। और देखो आज वो किस मुकाम पर पहुंच चुकी है। ये थप्पड़ लता को मशहूर गायक बनाएगा। गायकी की दुनिया में ये राज करेगी। वाकई मास्टर गुलाम हैदर की उस दिन कही वो बात सच साबित हुई। आगे चलकर लता मंगेशकर भारत कोकिला कहलाईं।



# इंसानों के लिए बड़ी बात नहीं होगी 150 वर्ष की उम्र

**सदा से इंसान की हसरत लंबी उम्र पाना रही है। बेहतर चिकित्सा सहूलियतों के बल पर पूरी दुनिया में जीवन संभाव्यता बढ़ी भी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, दवाओं व तकनीक के अलावा सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण से ऐजिंग में तब्दीली की गुंजाइश है। लेकिन हाल ही में चीन और रूस के राष्ट्रपतियों के बीच इंसान के 150 साल जीने संबंधी बातचीत ने इस बारे में नयी चर्चा छेड़ दी है। ऐजिंग रोकने को लेकर अनुसंधान जारी हैं। प्रयोगों में उपवास के भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं।**

● डॉ संजय वर्मा ●

अमेरिकी भविष्यवेत्ता, आविष्कारक-लेखक रे कुर्जवील रोजाना दर्जनों गोलियों (टैबलेट्स) का सेवन करते हैं। मीडिया रिपोर्टों, जैसे मैगज़ीन-टाइम और फोर्ब्स में प्रकाशित इंटरव्यू, के मुताबिक कभी कुर्जवील 200 से 250 सप्लीमेंट्स प्रतिदिन तक लेने की बात कर चुके हैं। हाल के वर्षों में यह संख्या घटकर लगभग 80-100 टैबलेट्स प्रतिदिन बताई जाती है। इनमें तमाम तरह के सप्लीमेंट्स, विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और बुढ़ापा रोकने (एंटी-एजिंग) या उम्र बढ़ाने वाली यानी लाइफ-एक्सटेंशन दवाएं होती है। कुर्जवील को कोई जानलेवा बीमारी नहीं है। बल्कि इन दवाओं आदि का सेवन मुख्य रूप से दीर्घायु से जुड़े उनके प्रयोगों और मान्यताओं का हिस्सा है। जिस भविष्य का सपना कुर्जवील देख रहे हैं और जिसे साकार करने के लिए इतनी दवाएं खाते हैं, उसका एक संकेत हाल में बीजिंग में हुई चीन की सैन्य परेड के दौरान चीन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के बीच बातचीत का एक हिस्सा उजागर होने से मिला। बातचीत में पुतिन, जिनपिंग से यह कहते हुए सुने गए कि इंसानी अंगों को बार-बार प्रत्यारोपित किया जा सकता है ताकि उम्र बढ़ने के बावजूद इंसान और जवान होता जाए और शायद अनिश्चित काल तक बुढ़ापे को टाला जा सके। उन्होंने यह अनुमान भी लगाया कि इस तरह मौजूदा सदी में ही इंसान 150 साल तक जिंदा रहने योग्य हो जाएगा।

## सवाल आम इंसान की लंबी जिंदगी का भी

कहा नहीं जा सकता कि उक्त बातचीत किसी हंसी-मजाक का हिस्सा थी, या इसमें वे खुद को लगभग अमर रखने की संभावनाओं को तलाश रहे थे। ध्यान रहे कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 31 दिसंबर 1999 से सत्ता में हैं (कुछ अवधि तक प्रधानमंत्री भी रहे), जबकि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 2012 से सत्ता के शीर्ष पर हैं (कम्युनिस्ट पार्टी महासचिव) और 2013 से राष्ट्रपति हैं। इससे इस संभावना में कुछ सत्यता प्रतीत हो सकती है कि ये दोनों नेता खुद को बूढ़े होने से बचाते और सक्रिय रहते हुए सत्ता पर काफी लंबे समय तक टिकाए रखने की जुगत सोच रहे होंगे। लेकिन इस चर्चा से बाहर एक बड़ा सवाल यह है कि क्या आम इंसान को भी अमर बनाया जा सकता है या फिर 150-200 बरस तक जिंदा रखा जा सकता है?

## सर्जरी, अंग प्रत्यारोपण से हटकर नयी तकनीकें



यूं तो दुनिया में उपलब्ध बेहतर चिकित्सा सहूलियतों (खासकर अमीरों के लिए) के बल पर पूरी दुनिया में जीवन संभाव्यता बढ़ी है। इसके अलावा सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण से मृत्युदर में काफी कमी आई है। एक तथ्य है कि ब्रिटेन में ही अंग और रक्त प्रत्यारोपण से बीते 30 वर्षों में एक लाख से ज्यादा जानें बचाई गई हैं। जिगर (लिवर), गुर्दा (किडनी), फेफड़े आदि अंगों के प्रत्यारोपण से कुछ मरीजों का जीवन 10 से 50 साल तक बढ़ गया है। हालांकि यह तथ्य मरीज और अंग-दानदाता की उम्र और सेहत पर निर्भर करता है। असल में, सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण से बाहर विज्ञान की मदद से इंसानी उम्र बढ़ाने की तकनीकों और करिश्मों पर चर्चा इक्कीसवीं सदी में तेजी से बढ़ी है। दस साल पहले दिसंबर, 2015 में दिल्ली में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जाने-माने विज्ञानी डॉ. एब्रे डि ग्रे (सेंस रिसर्च फाउंडेशन के चीफ साइंस ऑफिसर) ने इस बारे में एक अनुमान पेश किया था कि अगले 15 वर्षों में यह करिश्मा करना संभव हो सकता है जब औसतन हरेक इंसान कम से कम सौ साल तो जीने ही लग जाए।

### उपवास के दौरान हार्मोन की सक्रियता

उपवास के दौरान एक खास किस्म के हार्मोन आईजीएफ-1 के असर को वैज्ञानिकों ने दर्ज किया है। यह हार्मोन ऐसी स्थिति में शरीर में आ रही कमियों और टूट-फूट को रिपेयर करने लग गया। इस शोध के संबंध में दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता प्रोफेसर वाल्टर लौंग ने कहा कि जैसे ही शरीर में आईजीएफ-1 हार्मोन का स्तर कम होता है तो इसका असर शरीर पर होता है और मरम्मत करने वाले कई जीन शरीर में सक्रिय हो जाते हैं। सच्चाई यह है कि विज्ञान अब बुढ़ापे को अनियंत्रित और बेतरतीब प्रक्रिया नहीं मानता। नई परिभाषा के अनुसार, ऐजिंग एक नियंत्रित प्रक्रिया है और इसमें तब्दीली की गुंजाइश है। फर्क सिर्फ इतना है कि हमें ऐसे बदलावों और नियंत्रण के तौर-तरीके स्पष्ट ढंग से मालूम नहीं हैं। जिस दिन ये रहस्य खुल जाएंगे, अमरता या कम से 120-150 बरसे की उम्र इंसानों के लिए बहुत बड़ी बात नहीं रह जाएगी, बशर्ते वे इतने वक्त तक जीना चाहें।

### साइंस की नजर में ऐजिंग प्रक्रिया

साइंस की नजर में बूढ़ा होना यानी ऐजिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका सामना पृथ्वी पर मौजूद हर जड़-चेतन को करना पड़ता है। वनस्पतियों और जीवधारियों में तो बढ़ती उम्र साफ दिखती है। चेहरे और हाथ-पांव में पड़ती झुर्रियों, झुकते शरीर और कमजोर होती हड्डियां बुढ़ापे का साफ संकेत होता है। पर विज्ञान की नजर में बुढ़ापा असल में कोशिकाओं के विभाजन की दर पर निर्भर है। मानव की कोशिकाएं अपनी मृत्यु से पहले औसत रूप से अधिकतम 50 बार विभाजित होती हैं। जितनी बार कोशिकाएं विभाजित होती हैं, इंसानी क्षमताओं में शनैः-शनैः उतनी ही कमी आने लगती है। बुढ़ापे का एक अन्य कारण टेलोमर्स नामक एंजाइम्स की लंबाई घटना भी माना जाता है। टेलोमर्स असल में प्रत्येक डीएनए के दोनों छोरों पर लगने वाली ढक्कन जैसी संरचनाएं हैं, जिनकी लंबाई उम्र बढ़ने के साथ कम होती जाती है।

### आयुवृद्धि मंद होने में मददगार कारक

पुतिन और जिनपिंग की तरह यह बात हर कोई जानना चाहेगा कि साइंस ने वह कौन सा चमत्कार किया है कि इंसान की औसत उम्र में सहसा बढ़ोतरी होती लग रही है। विज्ञानियों के मुताबिक उम्दा खानपान और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का इसमें बड़ा रोल है। पर इससे भी बड़ी बात है वृद्धावस्था में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखना और दिमाग, मांसपेशियों, जोड़ों, इम्यून सिस्टम, फेफड़ों और दिल में 'सिनेसेंस' कहे जाने वाले बदलावों पर अंकुश लगाना, क्योंकि इन्हीं से बढ़ती उम्र पर काबू पाया जा सकता है। इनमें दवाओं और तकनीकों की भी एक भूमिका हो सकती है, जिसका जिक्र लेख की शुरुआत में कुर्जवील के प्रयोगों के संदर्भ में किया गया है। सिर्फ दवाएं ही नहीं, कुर्जवील के मुताबिक नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से भी शारीरिक संरचनाओं को रीप्रोग्राम किया जा सकेगा।

### आहार पर नियंत्रण का सकारात्मक असर

उम्र बढ़ाने के सिलसिले में शोध कर रहे वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर नियंत्रित तरीके से कुछ समय का उपवास रखा जाए तो भी इससे न सिर्फ बढ़ते वजन को घटाया जा सकता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी कई अन्य फायदे भी हो सकते हैं। खास तौर से उम्र बढ़ाना भी संभव है। लंदन स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ ऐजिंग में लाइफ स्टाइल फैक्टरों का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिक भी कुछ ऐसे ही नतीजों पर पहुंच रहे हैं। इंस्टीट्यूट में रिसर्च टीम से जुड़े एक प्रमुख वैज्ञानिक मैथ्यू पाइपर ने आहार पर नियंत्रण को जीवन को लंबा करने वाला एक असरदार तरीका माना है। डॉ. पाइपर के मुताबिक आहार पर नियंत्रण से मनुष्य का जीवन काल भी बढ़ाया जा सकता है।

# मनीषा कोइराला- नेपाल की प्रभावशाली आवाज

**प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री और नेपाली कार्यकर्ता मनीषा कोइराला ने नेपाल में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों पर बेबाकी से अपनी बात रखी है और राजशाही की वापसी का समर्थन किया है।**



● शोभा डे ●

पिछले दिनों जहां नेपाल में अभूतपूर्व विनाश के दृश्य सामने आए, क्रोधित प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू को तबाह कर दिया। ऐसे में मुखर, स्पष्टवादी और राजनीतिक में सक्रिय रहने वाली, नेपाल की 55 वर्षीय अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपने देश में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बारे में बेबाकी से अपनी बात रखी है। नेपाल में अशांति के बीच, उन्होंने शांति की अपील की, साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से राजशाही की वापसी का समर्थन भी किया।

वाराणसी और दिल्ली में शिक्षित मनीषा का भारत से गहरा नाता है। बॉलीवुड में एक स्थापित अभिनेत्री के रूप में, उन्हें बॉम्बे जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में उनके पुरस्कार विजेता अभिनय के लिए व्यापक रूप से पसंद किया जाता है। हाल ही में वायरल हुए एक पुराने वीडियो क्लिप से उनके देशवासियों और आलोचकों को कोई आश्चर्य नहीं हुआ। वायरल वीडियो में मनीषा ने नेपाल को एक 'हिंदू राष्ट्र' बताया था- हम एक शांतिपूर्ण हिंदू राष्ट्र थे जहाँ कोई संघर्ष नहीं था। इसे (राजशाही को) क्यों हटाया गया? हालांकि हाल के घटनाक्रमों पर उनकी यह प्रतिक्रिया बेहद संतुलित थी, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि उनकी सहानुभूति किससे है। मनीषा एक ऐसे राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं जिसने देश के भविष्य में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। उनके दादा एक लोकप्रिय प्रधानमंत्री थे, उनके दो परदादा भी लोकप्रिय थे, जबकि उनके पिता कैबिनेट मंत्री थे। मनीषा को नेपाल सरकार द्वारा गोरखा दक्षिणा बाहु (2001) का सम्मान दिया गया था। उनकी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा ने उन्हें देश का अनौपचारिक वैश्विक राजदूत बना दिया है। एक बेहद प्रशंसित अभिनेत्री के रूप में उनकी प्रतिष्ठा ने उन्हें दो पीढ़ियों के प्रशंसक दिलाए हैं। ओटीटी सीरीज हीरामंडी—द डायमंड बाजार में एक आलीशान वेश्यालय की जिद्दी मालकिन के रूप में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें कई प्रशंसाएं दिलाईं, खासकर जेनरेशन जेड दर्शकों से। मनीषा के जीवन में एक बड़ा मोड़ उनके करियर के चरम पर आया, जब 2012 में उन्हें अंतिम चरण के डिम्बग्रंथि के कैंसर का पता चला। मनीषा ने इस चुनौती को स्वीकार किया और अपने छोटे भाई के साथ न्यूयॉर्क चली गईं। 2014 तक वह फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो गईं। एक साल बाद, भूकंप से तबाह हुए अपने देश के बाद उन्होंने राहत कार्यों में खुद को पूरी तरह झोंक दिया। इसी बीच, मनीषा न्यूयॉर्क चली गईं और फिल्म निर्माण में डिप्लोमा हासिल किया। उनकी किताब, 'हील्ड-हाउ कैंसर गेव मी अ न्यू लाइफ' ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया। अक्सर सिनेमा की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक कही जाने वाली मनीषा संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी से अपने बेहतरीन काम में फिर लौट आईं।

मैंने वर्षों से मनीषा के आकर्षक सफर का बारीकी से अनुसरण किया है। हम कभी-कभी हवाई अड्डों, सामाजिक कार्यक्रमों और साहित्य उत्सवों में एक-दूसरे से मिलते हैं। मनीषा का बेबाक अंदाज, सहज आकर्षण और सहज व्यवहार, उनकी कुछ कम प्रतिभाशाली समकालीन अभिनेत्रियों के पारंपरिक स्टार नखरों से उन्हें अलग करता है, यह तारीफ की बात है।

मैं सोचती हूं कि शायद उन्हें राजनीति पर विचार करना चाहिए? उनके देश को भविष्य के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और बदलाव लाने की क्षमता वाले लोगों की जरूरत है। मनीषा के पास उस नेपाल में योगदान देने के लिए सभी आवश्यक योग्यताएं हैं, जो उस तबाही के बाद खुद को सुधार रहा है, जिसे मनीषा ने स्पष्ट रूप से 'काला दिन' कहा था। यह एक नई सुबह का समय है।

# अस्पतालों में पुस्तकालय: दर्द में दवा का रूप ले रहीं पुस्तकें

● पंकज चतुर्वेदी ●

तमिलनाडु के तिरुचि के महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल में एक उपेक्षित कोने में शुरू हुआ पुस्तकालय मरीजों, तीमारदारों और कर्मचारियों के लिए सुकून, ज्ञान और समय बिताने का माध्यम बन गया है। यहां कुछ पुस्तकें, पत्रिकाएं और अंग्रेजी-तमिल अखबार उपलब्ध हैं। कोविड काल में यह सिद्ध हो चुका है कि मनोरंजक किताबें मरीजों के उपचार में बेहद सहायक होती हैं। कोविड की दूसरी लहर के दौरान दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कोरोना के लक्षण वाले मरीजों को एकांतवास में रखा जाता था। लेकिन आए दिन एकांतवास केंद्रों से मरीजों के झगड़े या तनाव की खबरें आ रही थीं। तब जिला प्रशासन ने नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से लगभग 200 पुस्तकें वहां वितरित कर दीं। रंग-बिरंगी पुस्तकों ने मरीजों के दिल में जगह बना ली और वे खुश नजर आने लगे। उनका समय पंख लगाकर उड़ गया। डॉक्टरों ने भी माना कि पुस्तकों ने क्वारंटीन किए गए लोगों का तनाव कम किया, उन्हें गहरी नींद आई और सकारात्मकता का संचार हुआ। इससे उनकी स्वास्थ्य लाभ की गति भी बढ़ी। दिल्ली में भी छतरपुर स्थित राधास्वामी सत्संग में बनाए गए विश्व के सबसे बड़े क्वारंटीन सेंटर में हजारों पुस्तकों के साथ लाइब्रेरी शुरू करने की पहल की गई। यहां नेशनल बुक ट्रस्ट ने एक हजार किताबें रखीं। वहां भर्ती मरीज जल्दी स्वस्थ और प्रसन्न दिखे।



**शारीरिक पीड़ा के दौर में किताबें लोगों को एक सात्विक मानसिक खुराक दे सकती हैं, जो उनके जल्दी रोगमुक्त होने में सहायक हो सकता है। पढ़ने से, समझने से उसकी सोच का सकारात्मक विस्तार होता है।**

### तीमारदारों को व्यस्त रखने का समाधान

अस्पतालों में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार अक्सर बिना काम के प्रतीक्षा क्षेत्र में समय बिताते हैं और मानसिक थकान का शिकार हो जाते हैं। तिरुची के अस्पताल के पुस्तकालय ने ऐसे तीमारदारों को सकारात्मक और व्यस्त रखने का समाधान खोजा है। दुनिया के विकसित देशों के अस्पतालों में पुस्तकालय की व्यवस्था का इतिहास सौ साल से भी पुराना है। अमेरिका में 1917 में सेना के अस्पतालों में लगभग 170 पुस्तकालय स्थापित किए गए थे। ब्रिटेन में सन् 1919 में वार लाइब्रेरी की शुरुआत हुई। इसके बाद आज अधिकांश यूरोपीय देशों के अस्पतालों में मरीजों को व्यस्त रखने और ठीक होने का भरोसा देने के लिए ऐसी पुस्तकों की व्यवस्था है। ऑस्ट्रेलिया के सार्वजनिक अस्पतालों में तो आम लोग भी पुस्तकें पढ़ने के लिए ले सकते हैं। इंग्लैंड के मैनचेस्टर के क्रिस्टी कैंसर अस्पताल का पुस्तकालय तो पुस्तकों का वर्गीकरण रंगों के अनुसार करता है। जापान के अस्पतालों में बच्चों की किताबें बहुतायत में मिलती हैं और उन्हें अक्सर वयस्क ही पढ़ते हैं।

### पुस्तकें एकांत की सबसे अच्छी साथी

आमतौर पर बड़े अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के लिए लगाए गए टीवी, अक्सर तनाव बढ़ाने वाले कार्यक्रम दिखाते हैं, जबकि मोबाइल फोन अफवाहों और झूठी सूचनाओं का जरिया बन चुके हैं। सर्वविदित है कि पुस्तकें एकांत में सबसे अच्छा साथ निभाती हैं। ये काले छपे हुए शब्द, दर्द और उदासी के दौर में दवा का काम करते हैं। हर किसी की जिंदगी में कुछ अच्छी किताबों का होना जरूरी है। किताबें लोगों को एक सात्विक मानसिक खुराक दे सकती हैं, जो उनके जल्दी रोगमुक्त होने में सहायक हो सकता है।

### अस्पतालों में पुस्तकालय अभियान की जरूरत

देश के सभी अस्पतालों, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषा की अच्छी पुस्तकें रखी जाएं, प्रत्येक भर्ती मरीज का पुस्तकालय से एक या दो किताबों जारी करने का कार्ड बना दिया जाए तो यह नए तरीके का पुस्तकालय अभियान बन सकता है। मरीजों को दवा के साथ पुस्तकें भी दी जाएं, जो आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें, तो अस्पताल से जाते समय उनके पास ज्ञान, सूचना और जिज्ञासा का ऐसा खजाना होगा, जो जीवनभर उनके साथ रहेगा।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 29 सितंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
05.52 अस्त : आज
05.53 उदय : कल

शहर का तापमान
34.0 ⁰ अधिकतम
24.0 ⁰ न्यूनतम



# अवैध होर्डिंग्स हटाने में भी अपनाया दोहरा मापदंड




## कार्रवाई करने में लापरवाह बना नगर पालिका प्रशासन

### प्रशासनिक अधिकारियों की भी दिख रही निष्क्रियता

जागरण, सीधी





शहर की भीड़भाड़ एवं व्यस्ततम चौराहे एवं मुख्य मार्गों में नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही से अवैध होर्डिंग्स लगी हुई है। विडंबना यह है कि नगर पालिका प्रशासन अवैध होर्डिंग्स को हटाने में दोहरा मापदंड अपनाए हुए है। व्हीव्हीआईपी की अवैध होर्डिंग्स को हटाने में नगर पालिका प्रशासन के हांथ-पैर फूल रहे हैं। वहीं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी अवैध होर्डिंग्स पर कार्यवाही कराने को लेकर पूरी तरह से निष्क्रिय बने हुए हैं। ऐसा आभाष होता है कि सीधी शहर में अवैध होर्डिंग्स को सभी मापदंडों को दरकिनार कर वैध बना दिया गया है। पालिका प्रशासन व्यस्ततम एवं मुख्य मार्गों में अवैध होर्डिंग को मनमानी तौर पर बढ़ावा दे रहा है। हालात यह है कि कलेक्टर ऑफिस के गेट में ही अवैध होर्डिंग कतारबद्ध तरीके से लग गई है। कलेक्ट्रेट चौक काफी व्यस्ततम क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में यहां अवैध होर्डिंग लगाने के काफी दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। दरअसल मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का सीधी में पालन नही हो रहा है। अवैध होर्डिंग से नगर पालिका परिषद सीधी को लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही अमानक अवैध होर्डिंग पर कब कार्यवाही होगी यह बड़ा सवाल बना हुआ है। बताते चलें कि शहर में वाहनों की संख्या में आये दिन हो रही बढ़ोत्तरी से यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल का अभाव है, लेकिन शहर के चारों तरफ होर्डिंग्स की भरमार है जो आमजन के साथ-साथ वाहन चालकों की परेशानी का कारण बन रहीं हैं। वहीं शहर की सुन्दरता को भी ग्रहण लग रहा है। नियम के विपरीत खतरनाक स्थिति में लगे होर्डिंग्स बड़े हादसे के कारण भी बन सकते हैं। वहीं सडक किनारे और खम्भों पर लगे होर्डिंग्स तेज हवा और आंधी में दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। वैसे भी तेज आंधी के दौरान खम्भों एवं अन्य स्थानों में लगे होर्डिंग्स सबसे पहले प्रभावित होते हैं। कई बार होर्डिंग्स सडकों एवं आसपास में गिर चुके हैं। गनीमत यह रही है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ।

### कॉलेजों के सामने की सड़कें अवैध होर्डिंग्स से पटी

एसजीएस कालेज और गर्ल्स कालेज के सामने की सड़क पूरी तरह से अवैध होर्डिंग्स से पटी हुई हैं। ऐसा आभाष होता है कि कॉलेजों के सामने की सड़कों को भी प्रचार-प्रसार का जरिया बना लिया गया है। यहां हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। यहां की मुख्य सड़क आवागवन को लेकर काफी व्यस्ततम क्षेत्र है। फिर भी नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता से यहां दर्जनों की संख्या में अवैध होर्डिंग्स लग जाने से सड़क हादसे की संभावना भी गंभीर रूप से बनी हुई है। यदि कभी सड़क हादसा होता है तो उस दौरान यहां की अवैध होर्डिंग्स भी प्रमुख कारण में शामिल रहती है। व्यस्ततम मार्ग में बड़ी-बड़ी अवैध होर्डिंग्स के लगाए जाने से वाहन चालकों का ध्यान इनकी ओर भटकता है और उस दौरान सड़क हादसे की स्थिति निर्मित हो जाती है। गर्ल्स कॉलेज के सामने सबसे ज्यादा अवैध बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स लगाई गई हैं। सड़क की दोनो पटरियों पर अवैध होर्डिंग्स जिस तरह से लगी हुई हैं उसको देखकर ऐसा आभाष होता है कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्य सड़कों के किनारे अवैध होर्डिंग्स लगवाने के लिए पूरी छूट दी गई है। बिना नगर पालिका अमले की सहमति के इस तरह अवैध होर्डिंग्स बड़ी संख्या में नहीं लगाई जा सकती। सहमति के कारण ही नगर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्य सड़कों के किनारे लंबे अरसे से लगाई जा रही अवैध होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# थाईलैंड सूरत घानी मर्चेंट नेवी में कार्यरत सीधी के सुनील सेन की करंट से मौत



## बनारस एयरपोर्ट में लाया गया था पार्थिव शरीर

### गृह ग्राम तेंदुआ में हुआ अंतिम संस्कार

जागरण, सीधी

जिले के सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी सुनील सेन उम्र 23 वर्ष की थाईलैंड सूरत घानी मर्चेंट नेवी में काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सुनील का शव छह दिन बाद 28 सितंबर को उनके घर पहुंचा, जिससे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया। सुनील का चयन मार्च 2024 में मर्चेंट नेवी में हुआ था और 22 नवंबर को उनकी शादी होनी थी। घटना 23 सितंबर की है। सुबह करीब 11 बजे थाईलैंड सूरत घानी मर्चेंट नेवी में प्रायवेट कंपनी की ड्यूटी के दौरान करंट की चपेट में आने से मकैनिकल पद पर कार्यरत सुनील की मौके पर ही मौत हो गई थी। कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुनील का शव शनिवार को बनारस एयरपोर्ट लाया गया। वहां से एक निजी एंबुलेंस से आज रविवार को सुबह उनके घर पहुंचाया गया। सुनील अपने दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके मर्चेंट नेवी में भर्ती होने से परिवार और गांव में गर्व का माहौल था। पिता ब्रजेश सेन और पूरा परिवार सुनील की उपलब्धियों पर गर्व करता था। गांव के लोगों के अनुसार सुनील पढ़ाई में होनहार और स्वभाव से मिलनसार थे। उनकी नौकरी लगने और शादी तय होने के बाद घर में खुशी का माहौल था। गांव के सरपंच राजेश सिंह ने बताया कि सुनील न केवल अपने परिवार की उम्मीद थे, बल्कि पूरे गांव के लिए गौरव थे। उनके आकस्मिक निधन से सभी को गहरा आघात लगा है। विवाह की तैयारियों में जुटा परिवार अब अपने बेटे को अंतिम विदाई देने की तैयारी में लग गया। ब्रजेश सेन के पिता ने कहा कि मेरा इस संसार से बेटा चला गया, मेरी पूरी कमाई बर्बाद हो गई। इसी के सहारे हम लोग जीवन यापन करते थे और मेरा घर परिवार चलता था। इस दुख की घड़ी में ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश सिंह, पूर्व सरपंच, कोटेदार विजय सिंह एवं समस्त ग्रामवासी स्थल पर सांत्वना देने के लिए उपस्थित रहे।

# न्यूज कार्नर

## एनएच-39 में 10 दिन में 13 गौवंशों की दर्दनाक मौत



**जागरण, सीधी।** सीधी-रीवा एनएच-39 मार्ग पर गौवंशों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात करीब 7:30 बजे शहर के बाईपास मार्ग में ओवरब्रिज के पास एक बार फिर 8 बेजुबान गौवंश सड़क हादसे का शिकार हो गए। गौरतलब है कि इसी स्थान पर 10 दिन पूर्व भी 5 गौवंशों की दर्दनाक मौत हुई थी। इस तरह महज 10 दिनों के भीतर 13 मासूमों ने सड़क पर दम तोड़ दिया। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो ने दी जहां बिटनरी डॉक्टर टीम को बुलाकर दो गौ वंशो बचाया वहीं आठ गौ-वंश मृत्यु के गाल में समा गए। दृश्य इतना भयावह था कि जब मृत गौवंशों को मिट्टी में दफनाया गया, तो वहां मौजूद हर संवेदनशील व्यक्तियों की आंखें नम हो गईं। यही सवाल गूंजता रहा कि आखिर इन बेजुबानों का जुर्म क्या था। गौसेवक केशव मिश्रा और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सुरक्षित शरण दिलाई और पशु चिकित्सकों की तत्परता से 2 गौवंशों की जान बचाई गई। स्थानीय लोगों ने क्रूर पशुपालकों की लापरवाही और शासन-प्रशासन की चुप्पी को सबसे बड़ा गुनाह बताया। उनका कहना है कि सरकार जहां एक ओर गौसेवा का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर हो रही ऐसी दर्दनाक घटनाओं ने इन दावों की सच्चाई उजागर कर दी है। इस घटना पर शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा एनएच-39 आज गौवंशों की कब्रगाह बन चुका है। शासन-प्रशासन की मौन भूमिका सबसे बड़ा अपराध है। अगर सरकार सचमुच गोसेवा के प्रति गंभीर है, तो इस लापरवाही पर तत्काल रोक लगाए, अन्यथा आने वाले समय में जनता इस पाप का हिसाब जरूर लेगी।

## संकट मोचन सद्गुरु आश्रम में नवरात्रि में चल रहे कार्यक्रम



**जागरण, सीधी।** संकट मोचन सदविप्र समाज आश्रम गोपाल दास बांध के बगल में पड़रा सीधी में नवरात्रि में प्रतिदिन हवन यज्ञ एवं आरती में लोगों की सहभागिता बनी हुई है। तिथि छठि दिनांक 28 सितम्बर 2025 दिन रविवार को सुबह 7 बजे से दुर्गा परमेश्वरी माता जी एवं गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद जी का पूजा अर्चना एवं हवन यज्ञ सामूहिक रूप से किया गया। आश्रम के महात्मा श्रीचंद जी द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना करवाया गया। जिसके मुख्य यजमान सपत्नीक श्रीमती पुर्तिमा सिंह स्वतन्त्र सिंह वरिष्ठ वकील, सपत्नीक अश्वनी सिंह परिहार, सरपंच पडैनिया एवं वरिष्ठ वकील श्रीमती सुमन सिंह, पत्रकार विनय सिंह बाघेल रहे है। जिसे सभी भक्त जनों के द्वारा किया गया है। सभी भक्तजनो ने समय का ध्यान रखते हुए भक्तिमय हवन यज्ञ एवं मां भवानी दुर्गा परमेश्वरी जी के पूजन कार्यक्रम में शामिल हो कर पुन्य का भागी बने हैं एवं प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों में सद्गुरु समाज सेवा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महात्मा मनोज सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती प्रतिमा सिंह, अंशुमान सिंह चौहान, कबीर सेना के प्रदेश अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, श्रीमती संयोगिता सिंह, बृजेंद्र सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह परिहार, बृजेंद्र सिंह लोहरा, प्रमोद सिंह चौहान लाला, श्रीमती श्वेता सिंह, रीतीश सिंह बाघेल रीतू, श्रीमती प्रतिभा सिंह, देवेश सिंह, विजय सिंह परिहार, वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण सिंह बाघेल के अलावा कई भक्त गण सम्मिलित हुए। सप्तमी को पूजा अर्चना के मुख्य यजमान श्रीमती वन्दना सिंह, पंकज सिंह ने रहने की अपनी सहमति व्यक्त किए हैं। तत्पश्चात अष्टमी को नवदुर्गा पूजन, हवन यज्ञ की पूर्णाहुति तथा नवदुर्गा स्वरूपा कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन सभी भक्तजनों के माध्यम से किया जावेगा। जिसमें सभी भक्तजनों से महात्मा श्रीचन्द्र ने आग्रह किए हैं कि विशाल भंडारा भोजन प्रसादी दोपहर 12 बजे से 30 सितंबर को किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में भक्त शामिल होकर दुर्गा परमेश्वरी माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## जिले के मुक्केबाजों ने जीते राज्यस्तर पर 11 पदक



**जागरण, सीधी।** विगत 22 सितंबर 2025 से 26 सितंबर 2025 तक ग्वालियर संभाग मे शालेय राज्यस्तरीय 17 एवं 19 वर्ष बालकध्बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रीवा संभाग की तरफ से सीधी जिले से कोच आदर्श द्विवेदी के नेतृत्व मे 19 मुक्केबाज उक्त प्रतियोगिता मे सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुए वैशाली सिंह ने स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीयस्तर के लिए चयनित हुईं। साथ ही प्रतियोगिता मे समृद्धि चौबे एवं आशा प्रजापति ने रजत पदक जीते एवं प्राची केवट, आकांक्षा साकेत, तनु सिंह, रूबी वर्मा, आकाश सिंह, दीपक पाल, प्रवीण साहू, हर्ष सिंह ने कास्य पदक जीते। पदक विजेता मुक्केबाजो ने बताया कि हम लोगो को नियमित रूप से सीधी जिला बॉक्सिंग संघ द्वारा संचालित महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी छत्रसाल स्टेडियम मे मुख्य कोच सूरज शुक्ला एवं सहायक कोच आदर्श द्विवेदी सर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव राजकुमार गुप्ता ने बताया कि बॉक्सिंग संघ के द्वारा जिले मे महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी कई वर्षो से संचालित की जा रही है जिसमें मुख्य कोच के रूप मे सूरज शुक्ला एवं सहायक कोच के रूप मे आदर्श द्विवेदी कार्य कर रहे हैं, जिनके द्वारा जिनके द्वारा एक बड़ी संख्या मे राज्यस्तर मे मुक्केबाज निकाले जा चुके है एवं राष्ट्रीयस्तर मे भी सम्मिलित हो चुके है। अभी हाल ही मे गुना मे आयोजित शालेय राज्यस्तरीय 14 वर्ष बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे हमारी एकेडमी से प्रशिक्षित दो मुक्केबाज आदित्य सिंह एवं रोहित साहू स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीयस्तर के लिए चयनित हुए है यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले मुक्केबाजो, कोच एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ को जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह, जिला क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पाण्डेय, ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा, वरिष्ठ पीटीआई मो. असरफ, विश्वबंधुधर द्विवेदी, रवि केशरी, खेल प्रशिक्षक कैलाश वर्मा, डॉ. रामाश्रय पाल, आनंद सिंह गहरवार, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद कुशवाहा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सहायक कोच सत्यम शुक्ला, सहायक कोच पियूष पटेल आदि लोगों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जिला चिकित्सालय में बड़ा हादसा टला, 9 बच्चों की जान बची

**जागरण, सीधी।** जिला चिकित्सालय सीधी में उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आईसीयू वार्ड की ऑक्सीजन पाइपलाइन के कनेक्शन सप्लाई को बंद कर दिया गया। इस वार्ड में भर्ती 9 मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ गई थी। सिविल सर्जन डॉ. खरे ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत समझा और मात्र 4 मिनट के भीतर ऑक्सीजन सप्लाई को पुनः चालू करवा दिया, जिससे सभी बच्चों की जान बच सकी। इस पूरे घटनाक्रम को अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में कैद किया गया है और पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। डॉ. खरे के इस तत्पर और संवेदनशील निर्णय ने आज यह साबित कर दिया कि डॉक्टर सच में भगवान का रूप होते हैं। अस्पताल प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।






जिला चिकित्सालय में आक्सीजन सप्लाई पाइप में अचानक प्रेशर कम होने की जानकारी सामने आई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए चार मिनट मे सप्लाई को बहाल कर दिया गया। बाद में मालूम पड़ा कि किसी शरारती तत्व द्वारा साजिश के तहत यह कृत्य किया गया था। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। साथ ही इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में रिपोर्ट भी की जा रही है।

**डॉ. एसबी खरे, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सीधी**

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**जागरण, सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टेडियम के पास स्थित स्थानीय मुख्य सेवाकेंद्र पर ब्रह्माकुमारीज के भोपाल जोन की क्षेत्रीय निदेशिका एवं राजयोगा एजुकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासक प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी अवधेश बहन की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया एवं सभी ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी की ईश्वरीय सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारीज के सीधी जिले स्थित सेवा केंद्रों की मुख्य संचलिका रेखा दीदी ने बताया कि अवधेश बहन ने भोपाल जोन में ईश्वरीय सेवाओं के प्रति सभी ब्रह्मावत्सों में सेवा, समर्पण और निष्ठा का भाव जागृत किया। उनके निर्देशन और मार्गदर्शन में ईश्वरीय सेवाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई। परमात्मा शिव के ब्रह्मामुख से दिये गए ज्ञान को उन्होंने अक्षरशः धारण किया। उनके द्वारा अनेक आत्माओं ने श्रेष्ठाचारी, सात्विक जीवनशैली को अपनाया। ब्रह्माकुमारी अर्चना ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रो. रामलला शर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, रमापति तिवारी, साईं महाविद्यालय के संचालक आशीष मिश्रा, मंजू सिंह, सीए मनोज सिंह, हजारी गुप्ता, शांती गुप्ता और नगर के गणमान्य नागरिक बीके रानी, बीके कुसुम, बीके शैली उपस्थित रहे।

# वन क्षेत्र में लकड़ी तस्करों का बढ़ रहा जाल, 23 नग सागौन की लकड़ी जब्त

## सीधी रेंज के शिवपुरवा जनकपुर वन क्षेत्र की घटना

जागरण, सीधी





जिले के वन क्षेत्रों में लकड़ी तस्करों का गिरोह लंबे समय से सक्रिय है। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी जानकारी मिलने के बाद भी कार्यवाही नहीं करते है, जिसका जीता जागता उदाहरण सीधी रेंज के शिवपुरवा जनकपुर वन क्षेत्र का देखने को मिला है। वन क्षेत्र से बेशकीमती लकड़ी सागौन के 23 नग पेड़ तस्करों द्वारा काटे गए हैं जिसकी सूचना जिले के मीडिया को मिल गई और वन विभाग को नहीं मिली। मीडिया द्वारा जब सागौन की लड़की कटने की जानकारी वन परिक्षेत्राधिकारी सीधी से ली गई तो वह यह कह कर पल्ला झाड़ लिए कि मेरी जानकारी में नहीं है। वहीं दूसरी ओर जब इसकी जानकारी वनरक्षक केके पनिका से ली गई तो वह गैजिम्मेदाराना बयान देते हुए कहा कि 23 नग पेड़ नहीं कटे हैं, चौकीदार ने बताया कि 6 नग पेड़ काटे गए हैं। लेकिन जब उनसे कहा गया कि आप अपने वन क्षेत्र में गए थे क्या तो उन्होंने कहा कि अब जा रहा हूं। सूत्रों की मानें तो वनरक्षक इस मामले को पूरी तरह गोपनीय रख कर सलटाने में जुटे थे लेकिन जब उन्हें मीडिया से फोन आने लगे तो वह अब लीपापोती में जुट गए हैं। उल्लेखनीय हैं कि सागौन जैसे बेशकीमती लकड़ी कटने की जानकारी मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर काटे गए वन क्षेत्र का निरीक्षण नहीं कर पाई, मीडिया द्वारा जब रेंजर एवं वनरक्षक से कार्यवाही की जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा गोलमोल जवाब देकर मीडिया को भी गुमराह करने का प्रयास किया गया। हालांकि अब विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। जबकि वन क्षेत्र शिवपुरवा जनकपुर से सागौन के हरे वृक्षों की कटाई करने वाले के नाम चिन्हित हैं, फिर भी वन विभाग द्वारा कार्यवाही करने में औपचारिकता निभाई जा रही है।

### कार्यवाही में विभाग कर रहा लीपापोती

वनमण्डल सीधी के रेंज सीधी अंतर्गत जनकपुर शिवपुरवा के जंगल में बीती रात लकड़ी तस्करों ने मशीन लगाकर सागौन के हरे वृक्षों की कटाई कर थे, जिसकी आवाज सुनकर ग्रामीण जंगल में पहुंचे तो लोगों आता देख लड़की तस्कर मौके से लकड़ी काटने वाली मशीन एवं परिवहन के लिए ले जाए गए वाहन ट्रैक्टर को लेकर भाग निकले। मजे की बात यह है कि इस मामले को लेकर विभाग वन रक्षक के के पनिका से बात हुई तो वह यह कह कर चुप्पी साध लिए कि सिर्फ पांच-छः पेड़ ही कटे हैं, जबकि वन क्षेत्र से आई तस्वीरें यह साफ बता रही हैं कि दर्जनों की संख्या में सागौन के हरे पेड़ काटे गए हैं।

> कुचवाही-जनकपुर जंगल से अवैध रूप से सागौन वृक्षों को काटने की सूचना पर स्थानीय वन टीम द्वारा जप्ती कार्रवाई के पश्चात प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।
>
> **रविन्द्र नाथ तिवारी, रेंजर वन परिक्षेत्र सीधी**

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**जागरण, सीधी।** प्रांतीय आह्वान एवं प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर सीधी में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र की जिलास्तरीय बैठक हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता एवं विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में स्थानीय पूजा पार्क के गणेश मंदिर में विध्नहर्ता गणेश जी की पूजा अर्चना कर आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम आगामी अक्टूबर माह में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होने वाले आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय सम्मेलन के तैयारी, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, ई-अटेंडेंस का विरोध, जिला स्तर में लंबित शिक्षकों के लंबित एरियर, राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन, लंबित क्रमोन्नति, लोक शिक्षण संचालनालय एवं शासनादेश के वावजूद शिक्षकों के अटैचमेंट, डीईओ-बीईओ कार्यालय में शिक्षकों की लंबित समस्याओं, बैठकों में लगातार उपस्थित न रहने वाले पदाधिकारियों पर कार्यवाही, सक्रिय सदस्यों को नये दायित्व सौपने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष, विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष, संतोष पाण्डेय प्रांतीय मीडिया प्रभारी, रमेश पाण्डेय संभागीय उपाध्यक्ष, संतोष प्रजापति जिला सचिव, मधुकला पटेल जिला संयोजक महिला प्रकोष्ठ, महेश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, सुखधाम सिंह ब्लाक अध्यक्ष शामिल रहे।

# फिर नर विहीन हुआ सोन घड़ियाल अभ्यारण्य, वंशवृद्धि रुकी

## चंबल से आए इकलौते नर घड़ियाल की हो चुकी है मौत

### सोन नदी में जल स्तर बढ़ने से घड़ियालों को खतरा

जागरण, सीधी



जिले के सोन घड़ियाल अभ्यारण्य एक बार फिर नर घड़ियाल विहीन हो गया है। हाल ही में सीधी जिले का एकमात्र नर घड़ियाल तेज बहाव के चलते बहकर उत्तर प्रदेश की सीमा में चला गया था। रेस्क्यू टीम द्वारा उसे वापस लाने की कोशिश की जा रही थी लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक घड़ियाल की मौत के ठोस कारणों का पता नहीं चल पाया है। 210 किलोमीटर में फैला सोन घड़ियाल क्षेत्र वर्ष 1981 में स्थापित किया गया था, जिसमें सोन और गोपद नदियों के हिस्सों को शामिल किया गया है। इस क्षेत्र में वर्ष 2024 में चंबल अभ्यारण्य से एक नर घड़ियाल लाकर छोड़ा गया था, जिससे 5 मादा घड़ियालों से कुल 132 बच्चों का जन्म हुआ था। लेकिन इस वर्ष भारी बारिश और तेज बहाव के चलते नवजात बच्चे भी बह गए और साथ ही एकमात्र नर घड़ियाल भी बहकर यूपी सीमा में पहुंच गया। पानी का बहाव कम होने के बाद सोन घड़ियाल की टीम रेस्क्यू में जुटी, लेकिन दुर्भाग्यवश इस दौरान नर घड़ियाल की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे घड़ियाल संरक्षण क्षेत्र में नर घड़ियाल नहीं बचा है, जिससे अब प्रजनन प्रक्रिया पूरी तरह से रुक जाएगी। यह स्थिति सोन घड़ियाल अभ्यारण्य के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की स्थापना वर्ष 1981 में हुई थी और यह भारत के उन चुनिंदा संरक्षण क्षेत्रों में शामिल है। जहां घड़ियालों का प्रजनन कराया जाता है। यह घटना न सिर्फ जैव विविधता के लिए चिंता का विषय है, बल्कि संरक्षण की दिशा में आने वाली चुनौतियों को भी उजागर करती है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों को सार्थक कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सोन नदी के बहाव में बहे नन्हे घड़ियाल

बारिश के सीजन में इस वर्ष ज्यादा बारिश होने के कारण तथा बाणसागर बांध के गेटों को खोल दिए जाने से सोन नदी काफी उफान पर रही। सोन नदी के बहाव से जोगदहा घडियाल अभ्यारण्य में मौजूद चंबल से लाया गया इकलौता नर घड़ियाल भी बह गया। करीब पांच क्विंटल बजनी यह नर घड़ियाल पानी के तेज बहाव में बहकर उत्तर प्रदेश के चोपन में पहुंच गया। बाद में सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की रेस्क्यू टीम द्वारा सर्चिंग के दौरान उसको उत्तर प्रदेश की सीमा से रेस्क्यू कर सीधी जिले के सोन घड़ियाल अभ्यारण्य केंद्र जोगदहा लाया गया। बताया जाता है कि बेहोशी हालत में लाए गए इस नर घड़ियाल को होश नहीं आया और बाद में जब डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण किया तो वह मृत हो चुका था। जिसके बाद डॉक्टरों की टीम द्वारा मृत घड़ियाल का पोस्टमार्टम करने के पश्चात उसे जोगदहा के क्षेत्र में रेत के अंदर दफन कर दिया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि तेज बारिश एवं सोन नदी के लगातार उफान पर रहने के कारण यहां मौजूद 132 नन्हे घड़ियालों की मौजूदगी को लेकर भी संशय बना हुआ है। वर्तमान में जोगदहा प्रक्षेत्र में कितने नन्हे घड़ियालों की मौजूदगी है इसको लेकर विभागीय अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। यह अवश्य है कि उनके द्वारा कहा जा रहा है कि गणना के पश्चात ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी।

> स्थिति को गंभीरता से लिया गया है और एक बार फिर से नर घड़ियाल लाने के प्रयास शुरू किए जाएंगे, ताकि आने वाले समय में सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में प्रजनन प्रक्रिया को पुनः शुरू किया जा सके।
>
> **राजेश कन्ना टी, डिप्टी डायरेक्टर संजय टाइगर रिजर्व सीधी**

# विवेकानंद वार्ड में 51 लाख की लागत से होंगे सड़क एवं नाली निर्माण के कार्य



**जागरण, कटनी।** विवेकानंद वार्ड में सुगम आवागमन एवं सड़क एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नाली निर्माण कार्य के लिए 51 लाख 21 हजार रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगम पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में वरिष्ठ नागरिक अशोक पाठक द्वारा पूजन कर विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ताए डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, गोविंद चावला, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व उप महापौर दुर्गा दास बैनर्जी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, शिवकुमार सोनी, रचना गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की विशेष मौजूदगी रही।

## सुगम आवागमन एवं जल निकासी की व्यवस्था होगी बेहतर-महापौर

महापौर ने अपने संबोधन में सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि शासन के सहयोग से नगर के समुचित विकास हेतु सभी वार्डों में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है। विकास अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। विकास कार्यों का लाभ नागरिकों को समय पर मिले इसके लिए नगर निगम द्वारा समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के प्रयास पर भी जोर दिया जा रहा है। लंबे समय से वार्ड में सड़क और नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। इन कार्यों के पूर्ण होने से वार्डवासियों को बेहतर आवागमन एवं जल निकासी की सुविधा उपलब्ध होगी। आपने स्थानीय नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर शंका होने पर क्षेत्रीय उपयंत्री अथवा निगम कार्यालय को इसकी सूचना देने की भी बात कही।

## इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन

नगर विकास को गति देने तथा नागरिकों की सुविधा हेतु किए गए भूमिपूजन में विवेकानंद वार्ड स्थित सुरेश गुप्ता के घर से लेकर गोस्वामी जी के घर से साऊथ स्टेशन के पास तक 18 लाख 60 हजार रुपए से नाली निर्माण कार्य शामिल है। वहीं मुकेश बर्मन के घर से आदर्श वाटिका होते हुए विभिन्न स्थलों पर 32 लाख 61 हजार रुपए की लागत से होने वाले सी सी सड़क निर्माण कराया जाएगा।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया विजयवर्गीय का पुतला दहन

**जागरण ब्यौहारी।** बीते दिनों मध्यप्रदेश की राजनीति ने सरगर्मी जब पकड़ ली जहां भाजपा के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता विपक्ष राहुल गांधी व प्रियंका गांधी पर आपत्ति जनक टिप्पणी करते हुए गंदी मानसिकता का परिचय दिया वही कैलाश विजयवर्गीय के बयान से आक्रोशित ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी ने जिला कांग्रेस शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के आवाहन पर मंडलम कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा बनसुकली चौराहे पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर उसकी मानसिकता को कुंठित बताया स्थानीय रेस्ट हाउस से बनसुकली चौराहे तक कांग्रेस जनों ने पैदल मार्च कर कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए प्रदर्शन के दौरान उपस्थित बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने कैलाश विजयवर्गीय का जमकर विरोध किया व पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया प्रदर्शन के दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने कहा कि जिस प्रकार व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति होती है मध्यप्रदेश की राजनीति में हांसिए पर पड़े विजयवर्गीय को अपने आकाओं को खुश करने के चक्कर में अर्नगल टिप्पणी कर रहें है मौके पर मौजूद कांग्रेस जनों ने भी बयान देते हुए विजयवर्गीय को जमकर कोसा प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से यह रहे उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेन्द सिंह पार्षद गीता कोल महिला कांग्रेस सचिव लैला खान वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारेन्द पांडे संगठन महामंत्री हरिशंकर कोरी मंडलम अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी पिंटू प्रियदर्शी तिवारी जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र पटेल संदीप पटेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख रब्बानी पुष्पेन्द्र परौहा बसंत साहु विक्रम कोल आयुष ताम्रकार पप्पू साकेत विक्रम सिंह बघेल हरि सिंह बरगाही अभिषेक सिंह अतुल तिवारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विवादित बयान पर कांग्रेस ने पुतला जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

**कटनी।** प्रदेश सरकार के मंत्री एवं भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद व कांग्रेस नेत्री श्रीमती प्रियंका गांधी के खिलाफ दिए गए विवादित बयान की कांग्रेसियों ने निंदा करते हुए पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किया है। कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा कि भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। थाना तिराहा में ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप भाजपा नेता का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेसियों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसके बाद पुलिस ने कांग्रेसियों पर वाटर कैन चलाकर तितर बितर कर दिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियदर्शन गौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, प्रेम बत्रा, पार्षद मोसूफ अहमद बिट्टू, राजा जगवानी, पूर्व पार्षद अफताब खान, मंगल चौधरी, नारायण निषाद, श्याम पहूजा, अशोक बहलानी, श्याम यादव, अंजय गौंटिया, सुशील जायसवाल, दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजीविका फ्रेस मेले में पहुंचकर कलेक्टर नें स्व सहायता समूह की दीदियों से उत्पाद के संबंध में ली जानकारी

## कलेक्टर ने स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी भी की

**जागरण शहडोल।** ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा जय स्तंभ चौक शहडोल में स्वदेशी थीम पर आयोजित तीन दिवसीय आजीविका फ्रेस मेले के दूसरे दिन कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्व सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया तथा उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी भी की।

कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नवरात्रि का पर्व तथा आगे दशहरा एवं दीपावली के पर्व आने वाले हैं। उन्होंने आजीविका फ्रेस मेले में लगाई गई प्रदर्शनी में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार की गई सामग्री जो विक्रय हेतु उपलब्ध है की खरीददारी करने की अपील जिला वासियों एवं नगरवासियों से की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके हम कुटीर उद्योग, स्थानीय कारीगरों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं की मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने भावान्तर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने अतिवृष्टि तथा रोगों के कारण सोयाबीन की जो फसल खराब हुई है उसकी भरपाई करने के लिए भावांतर योजना शुरू की है। सोयाबीन उत्पादक किसान 5 से 25 अक्टूबर तक पंजीयन अवश्य करा लें। 1 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 के दौरान बेची गई सोयाबीन की फसल पर ही भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। यदि किसी किसान की सोयाबीन की फसल समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल पर नहीं बिकती, तो जितनी राशि में बिकी है और समर्थन मूल्य के बीच के अंतर की राशि सरकार किसान को देगी। इस प्रकार किसानों को सोयाबीन की फसल बेचने पर समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल की राशि ही मिलेगी।

## बिजली विभाग के आउट सोर्स श्रमिक के साथ रामबाग में हुई मारपीट

**जवा ब्यूरो।** विद्युत वितरण केंद्र जवा मे कार्यरत आऊट सोर्स श्रमिकों ने अपने साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट पुलिस थाना पनवार में दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में आउट सोर्स कर्मचारियों रत्नाकर सिंह पिता रामपाल सिंह पथरौड़ा एवं वरूण मिश्रा पिता बद्री प्रसाद मिश्रा बरेती ने संवाददाता को बताया कि इस समय मुख्यालय जवा अंतर्गत रामबाग में पदस्थ हूं, 26 जून 2025को दोपहर 12बजे रामबाग नदी के पास टूटा बिजली का तार खींच रहे थे कि उसी समय रतन सिंह पिता शिवप्रसाद सिंह निवासी देवरी का फोन आया कि मेरे गांव में बिजली खराब है लाइट चालू कर दो, तब हम लोगों द्वारा बोला गया कि कि अभी रामबाग में बिजली का तार खींच रहा हूं यहां का काम समाप्त करने के बाद में आपके गांव देवरी आ जाऊंगा। उसके बाद दोपहर 2:00 बजे रतन सिंह आये, मुझ रत्नाकर सिंह को मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कलर पड़कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। तभी मेरा साथी वरुण मिश्रा जब बीच बचाव को आए तो रतन सिंह उसके साथ भी मारपीट किया।

# माधव नगर में 9-10 अक्टूबर को होगा आस्था का महासंगम हरेमाधव वर्सी पर्व

**कटनी।** आगामी 9 एवं 10 अक्टूबर को माधव नगर कटनी में हरेमाधव वर्सी पर्व का दिव्य आयोजन होने जा रहा है। यह दो दिवसीय आध्यात्मिक महाकुंभ सतगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी एवं सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब जी की पावन स्मृति में हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु माधवनगर पहुंचकर आस्था का अमृत पान करेंगे। न केवल मध्यप्रदेश बल्कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, दिल्ली सहित विदेशों से भी अनेक भक्तजन शामिल होकर इस पुण्य पर्व को सफल बनाएंगे।

### भक्ति और प्रेम का अनुपम अनुभव

हरेमाधव वर्सी पर्व का यह महोत्सव हर भक्त के हृदय में श्रद्धा और भक्ति की गंगा बहाएगा, बल्कि देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं के मन मस्तिष्क को आध्यात्मिक अनुभूतियों की गहराई से सराबोर करेगा। भक्तजन इस पावन सुअवसर पर सेवा, भक्ति और प्रेम के अनुपम अनुभव को आत्मसात करेंगे, जिससे उनके तन मन और आत्मा का शुद्धिकरण होगा।

### हरेमाधव वरसी पर्व का दिव्य अनुभव

कई भक्तजनो ने अपूर्व क्रांति के संवाददाता को बताया कि जो भी भक्त वर्षी पर्व में माधवनगर पहुंचता है वह वहाँ प्रवेश करते ही अद्भुत अनुभूति का अनुभव करता है। माधवनगर के गेट से प्रवेश होते ही सतगुरु जी की रूहानी आभा दिव्य वातावरण और उनकी दिव्य खुशबू उसे चारों ओर महसूस होती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे भक्त सचखण्ड में पहुँच गया हो। इस अद्वितीय अनुभव में हर भक्त को एक अलग ही आनन्द की अनुभूति होती है जो सिर्फ वहाँ सेवा भक्ति में लीन होकर ही महसूस की जा सकती है।

### सेवा ही सच्ची साधना

वर्षी पर्व में जो सेवादार जहां सेवा करता है वही उसे परम आनन्द का अनुभव होता है। सेवादार जिसकी सेवा में बैठा है उसे सेवा स्थल पर बैठे बैठे ही वह सतगुरु जी का रूहानी दर्शन प्राप्त होता है। यही हरेमाधव वरसी पर्व का असली महत्व है आध्यात्मिक अनुभूति और सतगुरु कृपा का साक्षात्कार।

### मनोकामना पूर्ण होने का विश्वास, भक्तों की आस्था का अद्भुत अनुभव

हरे माधव वर्सी पर्व में शामिल होने वाले श्रद्धालु कहते हैं कि इस पावन सुअवसर पर हरिरया सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी की पावन कृपा से उनके हृदय अन्तर मनोकामना पूर्ण होती है। भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि जो भी श्रद्धालु भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ सतगुरु जी से कुछ मांगता हैए उसकी इच्छाएँ पूरी होती हैं। श्रद्धालुओं के अनुसार यह केवल एक आध्यात्मिक



अनुभूति नहीं बल्कि एक दिव्य अनुभव है जो उनके जीवन में सुख शान्ति और संतोष लेकर आता है। यही कारण है कि देश विदेश से हजारों श्रद्धालु इस पावन पर्व में शामिल होकर अपने तन मन और आत्मा की शुद्धि के साथ सतगुरु की कृपा का अनुभव करते हैं। हरेमाधव वर्सी पर्व केवल भक्ति का पर्व नहीं बल्कि मनोकामना पूर्ण होने का दिव्य माध्यम भी है जो श्रद्धालु भक्तों को सच्चे विश्वास सेवा और प्रेम की राह पर अग्रसर करता है।

### श्रद्धालुओं के लिए ठहराव व्यवस्था

देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था बाबा माधवशाह भवन, हरेनारायण भवन, सतगुरु मनोहरशाह भवन, सिन्धु भवन, सिन्धु सदन, पंजाबी सनातन भवन, गुरुनानक धर्मशाला, नारायणशाह भवन, धर्मशालाओं सहित टीजीएस होटल, अर्जुन पैलैस, नारायणशाह मेरिज गार्डन अनेक सेवादारों के घरों पर की गई है।

### जीवनमुक्त सतगुरू की लीलाओं, सत्संग एवं शोभायात्रा

9 अक्टूबर की सुबह बाबा माधवशाह दरबार से हरिराया सतगुरु ईश्वरशाह साहिब जी की भव्य शोभायात्रा हरेमाधव दरबार साहिब निकलेगी। यह विशाल यात्रा श्रद्धा सुमन बिखेरता हुआ हरेमाधव सत्संग प्रांगण पहुंचेगी जहां विशाल पंडाल में सतगुरु साहिब विराजमान होकर सत्संग, भजन व कीर्तन की अमृतवर्षा करेंगे। साथ ही जीवनमुक्त सतगुरूओं की लीलाओं की वीडियो प्रस्तुति होगी जिससे भक्तों को सदृश्य अनुभव हो की हमारे विराट सतगुरूओं की कितनी विराट महिमा है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर

दोनों दिनों बाबा माधवशाह चिकित्सालय में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। स्थानीय चिकित्सकों के साथ मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, नागपुर, रायपुर, जबलपुर सहित देश के कई शहरों से आए विशेषज्ञ चिकित्सक निरूशुल्क परामर्श सेवा एवं उपलब्ध दवाईयां निःशुल्क प्रदान करने की सेवाएं करेंगे।

### आस्था का निमंत्रण

हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति माधवनगर कटनी ने सभी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि वे इस पावन पर्व में सम्मिलित होकर भक्ति, प्रेम और सेवा के इस आध्यात्मिक महाकुंभ से तन, मन और आत्मा का पुण्य लाभ अर्जित करें समस्त श्रद्धालु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# एड.अंजुला बजाज के निवास पर राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष श्री सैनी का हुआ स्वागत

**कटनी।** नव अधिवक्ता संघ के एडवोकेट अक्षय बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं कटनी मंडल प्रभारी आर.के.सिंह सैनी एवं परिषद के अन्य सदस्य मऊगंज दौरे के उपरांत कटनी जिला शिकायत निवारण समिति जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला बजाज के निवास स्थल पर आगमन हुआ। इसके उपरांत वहां उपस्थित एडवोकेट अंजुला बजाज के साथ अन्य युवा अधिवक्ताओं ने सर्वप्रथम मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं कटनी मंडल प्रभारी आर.के.सिंह सैनी एवं परिषद के सदस्य एडवोकेट प्रदीप शंकर दीक्षित, एडवोकेट अतुल सिंह सेंगर, एडवोकेट हरिनारायण मिश्रा का स्वागत किया। उसके उपरांत वहां उपस्थित सभी नव अधिवक्ताओं ने एवं एडवोकेट अंजुला बजाज से अगले वर्ष मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता संघ के होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया के प्रारूप पर पूर्ण प्रक्रिया पर चर्चा करी। नव अधिवक्ताओं को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यों के विषय में भी जानकारियां दी की गई साथ ही



श्री सैनी ने एडवोकेट अक्षय बजाज से कहा की आप अपने सभी नवीन अधिवक्ताओं को जबलपुर लेकर आए उन्हें हम अधिवक्ता कार्यों की विषय में पूर्ण जानकारी देंगे साथ ही उनके उच्च न्यायालय जबलपुर में भ्रमण करवा कर माननीय न्यायाधीश गणों से मुलाकात करवाई जाएगी। अधिवक्ताओं से अपील भी करी है कि किसी भी अधिवक्ताओं को न्यायालीन प्रक्रिया मे या मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद से मिलने वाले किसी भी लाभो में अगर कोई भी समस्या आ रही हो तो वह लिखित रूप से आवेदन प्रारूप पर शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट सरावगी बजाज को आवेदन दे करके हमसे संपर्क किया जा सकता है जिससे हम एवं मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद उनकी समस्याओं का तुरंत निवारण कर सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट राजेश सिंह, एडवोकेट कमलापति तिवारी, एडवोकेट हिमांशु शर्मा, एडवोकेट अक्षय बजाज, एडवोकेट समर सिंह सैनी, एडवोकेट ब्रज पांडे, एडवोकेट संदीप विश्वास, एडवोकेट परिधि आर्य, एडवोकेट यशपाल सिंह, एडवोकेट विपिन चक्रवर्ती, अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# शहर मे शांतिपूर्ण हो दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्वः आईजी

## तैयारियों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक का कटनी शहर भ्रमण

**कटनी।** आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सकुशल आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने कटनी जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की तथा पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी ने दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक तक पैदल भ्रमण किया। उन्होंने रास्ते में सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके पश्चात उन्होंने माँ दुर्गा विसर्जन स्थल गाटर घाट का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने सुरक्षा इंतजाम, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी श्री वर्मा द्वारा थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना, सीसीटीवी, हवालात एवं थाने की समग्र व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। आईजी ने थाना प्रभारी सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण करने, थाना परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा जनता से संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस कर्मियों को हर समय सतर्क रहते हुए क्षेत्र में प्रभावी गश्त और अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि कानून व्यवस्था मजबूत रहे और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना बनी रहे।

आईजी श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि आगामी त्योहारों में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस बल को संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ लगातार गश्त, निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया एवं जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की योग्यता 10वीं, 12वीं पास, मान्य सैलरी 5,000 कमीशन के आधार पर कमाएं 10 से 15000 रु. महीनें और अपनी जरूरतों को जल्द ही पूरा करें- जल्द से जल्द संपर्क करें : 7803062902, 8434331007, 9294580861
पता :- सिरमौर चौराहा पी.के. स्कूल के पीछे, हनुमान डेयरी के पास, रीवा।
आर-83805 (28/9)

## आवश्यकता है

कर्मचारी/हेल्पर
संपर्क करें : 8770231515
आर-83806 (29/9)

# विद्यार्थी परिषद ने तिलक महाविद्यालय में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तिलक महाविद्यालय में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाकोशल प्रांत उपाध्यक्ष आर.पी.सिंह, प्रांत सहमंत्री एवं विभाग संगठन मंत्री सुव्रत बाझल, जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी, नगर मंत्री संजय कुशवाहा तथा विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि प्रमुख अमन रजक की उपस्थिति रहे। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री सुव्रत बाझल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत रही है। विद्यार्थी ही राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैंए अतः उनका जागरूक और सक्रिय रहना आवश्यक है। वहीं जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से न केवल अकादमिक उन्नयन बल्कि सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी का बोध भी कराया जाता है। विद्यार्थी परिषद युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए निरंतर प्रेरित करती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## डभौरा में भैंस चोर गिरोह का आतंक

**जवा ब्यूरो।** पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत पुलिस थाना अतरैला, जवा, पनवार, डभौरा में इस समय भैंस चोर गिरोह का आतंक मचा हुआ है। लगातार हो रही भैंस चोरियों के बावजूद पुलिस द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई ना किया जाना विभागीय चिंतन का विषय है। ज्ञात हो कि पनवार थाना पुलिस द्वारा बीती रात कुछ भैंस चोरों को पकड़ा गया था वा उनका मोबाइल भी मिला था जिसकी सूचना पर आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण पुलिस थाना पनवार पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुआ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

## छात्राओं को घरेलू बचत व वित्तीय कुशलता के प्रति किया जागरूक

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजन में वाणिज्य विभाग द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की भूमिका और वित्तीय साक्षरता विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को घरेलू बचत और वित्तीय कुशलता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के सहायक महाप्रबंधक संजय सेजकर, अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मेझरस किण्डो, और वित्तीय साक्षरता काउंसलर पवन पाण्डेय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

संजय सेजकर ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली, मौद्रिक नीतियों और वित्तीय प्रणाली में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को निवेश, बचत और वित्तीय जोखिमों से बचने के प्रति जागरूक किया। मेझरस किण्डो और पवन पाण्डेय ने वित्तीय साक्षरता के व्यावहारिक पहलुओं जैसे बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेनदेन और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव पर प्रकाश डाला।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्र. 413/प्रवाचक/2025
रीवा, दिनांक 11/09/2025

अपीलार्थी दिनकर दुबे तनय स्व. अशोक कुमार दुबे वगै. सभी निवासी ग्राम समान तहसील हुजूर रीवा द्वारा तहसीलदार तहसील हुजूर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0091/–27/2001–02 में पारित आदेश दिनांक 17.05.2001 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो दिनकर दुबे वगै. विरूद्ध महेन्द्र कुमार दूबे वगै. मौजा समान से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 09 10. 2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-84552

## संक्षिप्त खबरें

### आधार अभियान का दूसरा चरण एक अक्टूबर से

**भोपाल।** प्रदेश में 26 लाख विद्यार्थी आधार में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं करा पाए हैं। विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईएडीएआई) और स्कूल शिक्षा विभाग ने 18 अगस्त को 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' अभियान प्रारंभ किया था। अब प्रदेश के सभी जिलों में एक अक्टूबर से इस अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया जा रहा है। आधार में नवीनतम बायोमेट्रिक दर्ज होने के बाद ही विद्यालय प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को सहज रूप से मिल सकेगा। दूसरे चरण में उन विद्यालयों को प्राथमिकता दी गई है, जहां अधिक विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट लंबित हैं। ऐसे बड़े विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनके आसपास अन्य विद्यालय हैं, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

### राजभवन गरबा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार को राजभवन में आयोजित गरबा में शामिल हुए। राज्यपाल ने उत्सव का आरंभ मां दुर्गा की आरती से किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। राजभवन में गरबा महोत्सव के दौरान राज्यपाल के प्रमुख सचिव डा. नवनीत मोहन कोठारी एवं राजभवन के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। गरबा महोत्सव में राजभवन में रहने वाले परिवार, भोपाल गुजराती समाज के सदस्य शामिल हुए।

# सीएम की युवाओं को सीख, हेलमेट न पहनने की लापरवाही का नुकसान उठाता है परिवार

## आयोजनः फ्री में बांटे 2100 हेलमेट, जागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के अटल पथ पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने युवाओं को फ्री हेलमेट बांटकर उनसे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। इस दौरान सीएम ने कहा है कि हेलमेट न पहनने की छोटी सी लापरवाही का नुकसान पूरा परिवार भुगतता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आंकड़ों के मुताबिक देश में अप्राकृतिक मौतों का सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटनाएं हैं और इनमें से अधिकांश लापरवाही, तेज गति से वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने या सीट बेल्ट नहीं लगाने से होती हैं। उन्हेंने युवाओं से खास तौर पर अपील करते हुए कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के साथ अपने परिवार का महत्व समझते हुए सुरक्षा के लिए सभी बाइक वाहन हेलमेट अवश्य पहनें। डॉ योदव ने कहा कि हेलमेट ऐसा सुरक्षा कवच है जो सड़क हादसे में जान बचा सकता है। उन्होनें नवरात्र में जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता के लिए चलाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह की पहल को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि प्रदेशवासी हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा के लिए सावधानियों का पालन करें।



राजधानी स्थित अटल पथ पर गत शनिवार को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए रैली निकाली गई।

### ट्रैफिक सुचारू बनाने सात चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री करने का काम जारी

भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनायणचारी मिश्र ने कहा कि राजधानी में ट्रेफिक को सुचारु बनाने शहर के 37 चौराहों को लेफ्ट टर्न फ्री करने का काम जारी है। इसके अलावा नगर निगम और जिला प्रशासन की मदद से शहर के चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि देश में 2024 में 1 लाख 80 लोगों की सड़क हादसे में जान गई है और 3 लाख लोग सड़क दुर्घटना में घायल हुए। सड़क दुर्घटना में होने वाली घटनाओं के प्रति गंभीरता बरती जाना जरुरी है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राच्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी समेत कई जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

**फ्री हेलमेट के लिए हुई छीनाझपटी**

अटल पथ पर शनिवार को हेलमेट पाने के लिए युवाओं और मौजूद लोगों में छीना-झपटी और धक्का-मुक्की भी हुई। जिला प्रशासन द्वारा फ्री में हेलमेट बांटे जाने की खबर सुनकर यहां ऐसे लोग भी पहुंच गए जिन्हें इस कार्यक्रम में आने का आमंत्रण नहीं दिया गया था। इस दौरान कई लोग काउंटर पर रखे हेलमेट के बॉक्स लेकर भाग निकले। जिला प्रशासन ने भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन जैसी की मदद से करीब 2100 हेलमेट बांटने के लिए बुलाए थे। धक्का-मुक्की होने पर जिला प्रशासन ने निशुल्क वितरण बंद कर बचे हुए हेलमेट दो ट्रेकों में भरकर रवाना कर दिए तो लोग हेलमेट के लिए ट्रेकों के पीछ भागने लगे। अटल पथ पर इस कार्यक्र म के लिए कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स, पेट्रोल पंप के कर्मचारी, स्वयंसेवी और सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों की ही बुलाया गया था, लेकिन फ्री में हेलमेट की खबर फैलते ही अन्य लोग भी मौके पर जमा हो गए थे।



### प्रतीक स्वरूप खुद पहनाए हेलमेट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरुप पांच दो पहिया वाहन चालकों मनोज निगम, संदीप बिसेन, सुमित प्रधान, एनसीसी केडेट साल्या सिद्दीकी और अंजली सिंह को हेलमेट पहनाए। शेष लोगों को बाद में हेलमेट दिए गए। इस कार्यक्रम में 2100 हेलमेट बांटने जिला प्रशासन की तरफ से आए थे। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के लिए राज्य सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिंग दस्ते, चेकपोस्ट, सेंसर चेकपोस्ट से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों की जानकारी भी लोगों को दी। उन्होंने दावा किया कि डिजिटल चालान, स्पीडगन, लाइव ट्रेफिक मॉनीटरिंग, फास्टटैग जैसी तकनीक के जरिए भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोकने की दिशा में काम किया जा रहा है। हादसे के किसी घायल को अस्पताल पहुंचाने पर राच्य सरकार जिम्मेदार नागरिक को राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी भी युवाओं को प्रदान की।

### शिकायतकर्ताओं के बजाय मनमाने अफसरों की बनाएं सूचीः सिंघार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन समेत अन्य पोर्टल पर आदतन शिकायतें करने वालों की लिस्ट तैयार कराने के राज्य सरकार के आदेश पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग उठाई है। सिंघार ने शनिवार को मीडिया से चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली हजारों शिकायतों को अफसर मनमाने ढंग से बिना समाधान के ही बंद कर देते हैं। ऐसे में सरकार को शिकायतकर्ताओं के बजाय उन अधिकारियों की सूची बनाना चाहिए जो जन समस्याओं को दूर करने के बजाय आवेदकों को ही बेवजह परेशान करते हैं। सिंघार ने कहा कि इस आदेश की आड़ लेकर अफसर जागरूक नागरिकों को ही केस में फंसाकर परेशान करेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि ऐसी लिस्ट तैयार करने का आदेश लोकतंत्र के खिलाफ है क्योंकि नागरिक अपनी समस्या सरकार को ही बताएगा। सिंघार ने दावा किया कि ऐसे हजारों उदाहरण मौजूद हैं जिनमें अधिकारियों ने गलत जवाब देकर शिकायतें फोर्स क्लोज कर दीं। गौरतलब है कि लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा है कि वे आदतन शिकायत करने वालों की लिस्ट उनके मोबाइल नंबर के साथ तैयार कर सरकार को भेजें और उसमें अपने रिमार्क भी दर्ज करें, ताकि सरकार ऐसे मामलों में आगे की कार्रवाई कर सके। इधर, आरटीआई एक्टिविस्ट भी सरकार के इस आदेश का विरोध कर रहे हैं।

# कांग्रेस का जीवन बचाओ आंदोलन, मेघनगर की फैक्ट्रियों के प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन

## पटवारी बोले - कैलाश विजयवर्गीय कुकृत्य मंत्री, विभागों में रिश्वत का बोलबाला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** झाबुआ के मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को केमिकल फैक्ट्रियों के खिलाफ कांग्रेस ने जीवन बचाओ आंदोलन शुरू किया। इसमें शामिल होने आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां के कारखानों से फैल रहे प्रदूषण पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए मंच से ही प्रदेश में अराजकता फैलने के आरोप लगाते हुए कहा कि इसके लिए विभागों में रिश्वत सबसे बड़ा कारण है। पीसीसी चीफ ने कहा कि प्रदेश के मंत्री चोरी और लूट में जुटे हैं। इस दौरान पटवारी ने हाल ही में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा राहुल और प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें पवित्र रिश्ते पर सवाल उठाने वाला कुकृत्य मंत्री कह दिया। इस दौरान पटवारी ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।




### केमिकल फैक्ट्रियों का कचरा सबसे बड़ी परेशानी

इस दौरान मंच से ही कांग्रेस के नेताओं ने एक सुर में कहगा कि मेघनगर की केमिकल फैक्ट्रियों के कचरे और दूषित हवा-पानी की वजह से स्थानीय निवासी लंबे समय से परेशान हैं। इसके बाद भी न तो राज्य सरकार और न ही प्रदूषण से जुड़ी एजेंसियां इस पर रोक लगाने के लिए कोई कदम उठा रही हैं। मंच पर स्थानी? नेताओं ने कहा कि यह प्रदूषण अब मेघनगर के अलावा आस-पास के गांवों में भी फैल गया है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि क्षेत्रीय रहवासियों की समस्या को लेकर हर प्रयास बेनतीजा होने के बाद कांग्रेस ने जीवन बचाओ आंदोलन शुरु किया है।

### फसलें भी खराब, लोगों का सांस लेना भी दूभर

इस दौरान कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने कहा कि मेघनगर में अब फैक्ट्रियां जहर उगल रही हैं, जिससे लोगों की सेहत के साथ ही फसलें भी खराब हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग ने यहां की पसलों को लेकर शासन को गलत रिपोर्ट देते हुए बताया है कि इलाके फसल खराब ही नहीं हुई है। स्थानीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने इस दौरान फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन कारखानों में बाहर से आए लोग काम करते हैं और वोट चोरी में शामिल हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कांतिलाल भूरिया, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त, विधायक प्रताप ग्रेवाल, विधायक वीरसिंह भूरिया, पूर्व विधायक वालसिंह मेडा, पूर्व विधायक मुकेश पटेल भी मौजूद रहे।

# बीएलओ ड्यूटी में लगे शिक्षक, स्कूलों की पढ़ाई चौपट

## परीक्षा नजदीक होने से छात्रों को तैयारी कराने में होगी दिक्कत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** कई जिलों में स्कूल प्राचार्यों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। इसका कारण परीक्षा नजदीकी होने पर में कलेक्टरों द्वारा प्रमुख विषयों के शिक्षकों को बीएलओ कार्य में लगाना है। इन हालातों से चिंतित लोक शिक्षण संचालनालय ने जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टरों के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारियों ने ताबड़तोड़ शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगा दिया है। रीवा जिले के गुढ़ में अंग्रेजी-विज्ञान और गणित विषय जैसे शिक्षकों को स्कूलों से कार्य मुक्त कराकर बीएलओ कार्य में लगाया गया है। इस संबंध में एसडीएम ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख निर्देशित किया कि जब तक निर्वाचन नामावली का कार्य पूर्ण न हो जाए तब तक शिक्षकों को स्कूलों से कार्यमुक्त किया जाए। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार छतरपुर में 211 शिक्षकों को मतदाता सूची के काम में लगा है। बिजावर में एसडीएम ने आदेश जारी कर शिक्षकों को बीएलओ की कार्य समाप्ति तक स्कूलों से मुक्त रखा जाए।

> अनुविभागीय अधिकारियों ने प्रमुख विषयों के शिक्षकों को स्कूलों से कार्यमुक्त कराकर बीएलओ कार्य में लगा दिया है। इसलिए कलेक्टरों को पत्र लिखा गया है। परीक्षा नजदीक है। ऐसे में उन्हें शिक्षकों को अन्य कार्यों में नहीं लगाने देंगे।
> ■ **शिल्पा गुप्ता**, आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय

**आयुक्त को बताई समस्याएं**

राज्य शिक्षक संघ के ने लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त शिल्पा गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि कई जिलों मे निर्वाचक नामावली कार्य के लिए एक माह तक शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य से दूर रहने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। शालाओं में शिक्षण व्यवस्था बिगड़ रही है। गणित, अंग्रेजी के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाने से नवंबर में होने वाली अद्धवार्षिक परीक्षा पर असर पड़ेगा।

# हाईकोर्ट में 10 विशेष पीठों ने 337 प्रकरणों का किया निराकरण

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट को चार लाख 82 हजार 627 कुल लंबित मुकदमों के बोझ से निजात दिलाने युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। निरंतर दूसरे शनिवार को 10 विशेष पीठों ने 337 प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें से आठ विशेष पीठों ने जमानत अर्जियों को सुना। जबकि शेष दो पीठों के समक्ष सर्विस व अवमानना के प्रकरण सुने। दरअसल, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के निर्देश पर इन विशेष पीठों का गठन किया है। शनिवार को आठ विशेष पीठों ने कुल 866 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से से 296 मामले निराकृत कर दिए। वहीं, सेवा संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही दोनों बेंचों ने कुल 41 मामलों का निराकरण किया। इस तरह एक दिन में ही 337 लंबित मामलों का पटाक्षेप कर दिया। पहले शनिवार को आठ विशेष बेंच में कुल 864 मामले सुनवाई के लिए रखे थे, जिनमें से 350 प्रकरणों का निराकरण किया था। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी के अनुसार उन्होंने मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को बताया था कि मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा तीन हजार के पास पहुंच गया है।

**आठ विशेष पीठों ने 866 जमानत अर्जियों को सुना**

**सर्विस व अवमानना प्रकरणों के लिए बैठीं दो पीठ**

# दिग्विजय को रोका, आ गए हिंद रक्षक, चूड़ी लेकर खड़ी थीं महिलाएं

## विवाद की स्थिति बनी, पैदल ही थाने पहुंचे पूर्व सीएम

**जागरण, इंदौर।** शीतलामाता बाजार जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को इंदौर पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। इसे लेकर पुलिस अफसरों और पूर्व सीएम के बीच लंबी बहस हो गई। पूर्व सीएम ने बहस का वीडियो भी बना लिया। फिर नाराजगी जताते हुए वे गाड़ी छोड़कर पैदल ही सराफा बाजार थाने पहुंचे। यहां पहले से हिंद रक्षक खड़े थे। महिलाएं भी चूड़ी सौंपने की तैयारी में थीं। उनका विरोध करते हुए पूरे शीतलामाता बाजार को भगवा ध्वज और बैनरों से पाट दिया गया। दुकान संचालक भी भगवा पट्टा पहनकर बैठे रहे। हालात को देखते हुए पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स तक तैनात कर रखा था।



**पूरे शीतलामाता बाजार को भगवा ध्वज और बैनरों से पाट दिया**

भारी विरोध के बीच पूर्व सीएम सिंह ने शनिवार को थाने पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पुलिस अफसरों के व्यवहार पर भी आपत्ति जताई। असल में इंदौर के शीतलामाता बाजार की दुकानों में मुस्लिम कर्मचारियों न रखने पर विवाद चल रहा है। मुस्लिम युवा इसका विरोध कर रहे हैं। इससे माहौल तनाव पूर्ण बना हुआ है। दिग्विजय इसके विरोध में सराफा थाने पहुंचे थे। उनकी आपत्ति थी कि पुलिस ने अब तक एफआईआर क्यों नहीं की। इंदौर की एक विधायक और उनके समर्थकों द्वारा इसके लिए अपील करने पर भी पूर्व सीएम ने आपत्ति जताई। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहाकि क्या यह कानूनन अपराध नहीं है? जो लोग ईमानदारी से व्यापार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, उन्हें धमकाना पूरी तरह से गलत है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका भी लगाई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन अब यह सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

# 489 करोड़ से भरी जाएगी आरटीई की फीस

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के लगभग साढ़े आठ लाख विद्यार्थियों की निजी स्कूल संचालकों को आरटीई की फीस दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंगल क्लिक से सोमवार को 20 हजार से अधिक निजी स्कूलों को 489 करोड़ की राशि स्थानांरित करेंगे। फीस ट्रांसफर का कार्यक्रम हरदा जिले के खिरकिया नगर में किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र की अपर संचालक हरसिमरन प्रीत कौर ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्ष 2023-24 के निजी स्कूलों के प्रेषित प्रस्ताव पर नियमानुसार पोर्टल से जनरेटेड इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के माध्यम से फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की गई है। इसके तहत प्रदेश के 20 हजार 652 निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क अध्ययनरत करीब 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस की जमा की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूलों की प्रारंभिक या पहली कक्षा में 25 फीसदी सीटों पर गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। जिसकी प्रतिपूर्ति प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है। वर्तमान में आरटीई के तहत 8.50 लाख विद्यार्थी निजी स्कूलों में प्रवेशरत हैं। पूर्व के वर्षों में प्रवेशित छात्रों की संख्या को देखा जाये तो सत्र 2011-12 से लागू इस प्रावधान के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क अध्ययन से लगभग 19 लाख बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं।

**कल सीएम करेंगे 8.5 लाख छात्रों की फीस का भुगतान**

# भाजपा ने मिथिला-तिरहुत की कमान डॉ. महेंद्र सिंह को सौंपी

**जागरण, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश भाजपा प्रभारी को मिथिला और तिरहुत जोन की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जोन चुनावी दृष्टि से सबसे बड़ा है, जिसमें 58 विधानसभा, 12 जिले और 10 लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा ने बिहार को पांच जोनों में बांटा है, जिनमें अन्य जोनों की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के नेताओं को दी गई है। यह रणनीति संगठन को मजबूत करने और चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। पार्टी स्तर पर सक्रिय तैयारी शुरू हो गई है।

# धोखाधड़ी के आरोपी को सात साल की सजा, 1.44 करोड़ का जुर्माना

**ऑनलाइन सर्विस टैक्स के नाम पर की थी धोखाधड़ी**

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश यादव की अदालत ने आनलाइन सर्विस टैक्स के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी जबलपुर निवासी जीवन सेन को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को सात साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही एक करोड़ 44 लाख 16 हजार का जुर्माना लगाया है। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी जीवन सेन ने सह आरोपित पंकज खत्री के साथ मिलीभगत कर होटल दत्त रेसीडेंसी के विशाल दत्त के साथ छल किया। आनलाइन सर्विस टैक्स के नाम पर फर्जी रसीदें तैयार कीं। प्राप्त हुई रकम अन्य बैंक खातों में जमा कर दीं। कम्प्यूटर से फर्जी रसीदें तैयार कर देते रहे। जीवन सेन एकाउंटेंट व पंकज खत्री मैनेजर के पद पर पदस्थ था। गड़बड़ी की भनक लगने पर ओमती थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था। आरोपी ने पांच अप्रैल 2016 से 28 नवंबर 2016 के मध्य अपराध को अंजाम दिया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने उक्त निर्देश दिये।

### खनन माफिया के हमले में वन रक्षक गंभीर रूप से घायल

**जागरण, उमरिया।** खनन माफियाओं ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया, जिसमें वन रक्षक रमाशंकर चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में पांच टांके आए हैं। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर कर ली है। घटना उमरिया के सामान्य वन मंडल के चंदिया वन परिक्षेत्र में सलैया गांव के पास तिराहे पर हुई। वन टीम अवैध रूप से रेत लादकर आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान खनन माफियाओं ने वन रक्षक रमाशंकर चौधरी पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके सिर पर डंडे से वार किया और उनका मोबाइल भी छीन लिया।

**पहल** 80 देशों के 120 मेहमानों समेत इंग्लैंड के सांसदों ने लिया संकल्प

# एमपी पुलिस की मुहिम का असर, ब्रिटिश पार्लियामेंट में हुई नशामुक्ति की शपथ

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए गए नशामुक्ति अभियान का असर देश के साथ सात समंदर पार भी हुआ है। एमपी पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी अभियान को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व कीर्तीमान के तौर पर दर्ज किए जाने के समारोह में अनोखा नजारा देखने को मिला। ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित इस सम्मान समारोह में इंग्लैंड के कई सासंदों और कई देशों के हाई कमिश्नर की मौजूदगी में 30 देशों से आए 120 मेहमानों ने एमपी पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर नशामुक्ति की शपथ ली। पहला मौका था जब ब्रिटेन की संसद में किसी अन्य देश के अभियान से प्रेरित होकर शपथ ली गई हो। समारोह में मौजूद सभी मेहमानों को एमपी पुलिस की तरफ से एडीजी नारकोटिक्स केपी वेंकटेश्वर राव ने शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने जीवन में नशे से दूर रहने का संकल्प लेते हुए समाज को जागृत करने का वचन दिया।




### अन्य देशों ने भी मांगी अभियान की जानकारी

लंदन में आयोजित आठवें वर्ल्ड बुक अवार्ड्स समारोह में एमपी पुलिस से इस अभियान की तैयारी और उससे आम लोगों को जोड़ने की जानकारी कई देशों ने मांगी है। एडीजी केपी वेंकटेश्वर राव ने मेहमानों और अन्य देशों के उच्चायोग के अफसरों को इस अभियान को लेकर जमीनी तैयारी से लेकर इसके संचालन की तमाम बातें विस्तार से बताईं हैं। गौरतलब है कि विगत सालों में कई देशों के लिए नशा एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है और युवाओं को इसकी चपेट में आने से बचाने से बचाने के लिए एमपी पुलिस की तर्ज पर अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं।

**दुनिया भर के प्रतिनिधि थे मौजूद**

एमपी पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए गए नशे से दूरी है जरूरी अभियान में 23 लाख लोग सीधे तौर पर और सोशल मीडिया के जरिए 6.35 करोड़ लोग अप्रत्यक्ष तौर पर इस अभियान से जुड़े थे। आंकड़े आने के बाद इस अभियान को वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। 13 सितंबर को लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रदेश के एडीजी नारकोटिक्स केपी वेंकटेश्वर राव को सम्मानित कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। उन्हें अवार्ड सेरेमनी में भाग लेने के लिए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने लंदन भेजा था। ब्रिटिश पार्लियामेंट में 13 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित इस समारोह में शिरकत के लिए दर्जनों ब्रिटिश सासंदों के साथ 30 देशों से आए 120 प्रतिनिधी भी मौजूद थे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश

**जागरण, जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आनंद कुमार गोयल की अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की गई है। मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के आरोप से संबंधित है। परिवादी जबलपुर निवासी बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता रामप्रकाश अवस्थी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को गो हत्यारा निरूपित किया था। यही नहीं जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के विरुद्ध भी अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया था। राष्ट्रपति तक को लेकर अनुचित टिप्पणी की थी। यह साक्षात्कार इंटरनेट मीडिया के जरिए वायरल हो गया था। इस सिलसिले में परिवादी ने पहले पुलिस को शिकायत सौंपी थी। जब उसकी मांग पर अपरध पंजीबद्ध नहीं हुआ तो वह अदालत चला आया। उसने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज करने पर बल दिया। परिवादी का आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने बयान से सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयत्न किया था।



**प्रधानमंत्री मोदी व जगद्गुरु रामभद्राचार्य के विरुद्ध टिप्पणी का मामला**

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हुए 75 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

## डॉ. तरुण अहरवाल ने 22 वर्षीय चिकित्सीय सेवा के दौरान किए 50 हजार से अधिक ऑपरेशन सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने डॉ. तरुण अहरवाल और उनकी टीम को किया सम्मानित




**जागरण, मंडला** । जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 75 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। पिछले 9 दिनों में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तरुण अहरवाल और उनकी टीम द्वारा यह आई सर्जरी की गई। आई सर्जरी में सबसे ज्यादा महिलाओं की सर्जरी की गई है. इसके साथ ही पुरुष और बच्चों को भी मोतियाबिंद से मुक्ति दिलाई गई है। जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते आई कैंप के समापन के दौरान उपस्थित हुए। उन्होंने मरीजों से बात कर उनके जल्द स्वस्थ लाभ की कामना करते हुए उन्हें चश्मे वितरित किए। इसके साथ ही उन्होंने नेत्र शिविर के दौरान डॉक्टर तरुण अहरवाल के साथ उपस्थित टीम के समस्त सदस्यों को सम्मानित किया। इसमें संजय भोयर, सतीश उलहाड़ी, एच. एन. चंद्रवंशी, वैशाली सेहलाम, सूर्या पटेल शामिल है। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने खासतौर से डॉक्टर तरुण अहरवाल को उनके 22 वर्षीय चिकित्सीय सेवा के दौरान किए गए 50 हज़ार से अधिक ऑपरेशन के लिए बधाई देते हुए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि डॉ. अहरवाल ने अपनी कड़ी मेहनत, सेवा और समर्पण 50 हज़ार से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन कर मिसाल कायम की है। मैं इस उपलब्धि के लिए उन्हें ह्रदय से बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि इसी तरह वह पीड़ित मानवता की सेवा करते हुए मरीज को नेत्र ज्योति प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने पिछले दिनों हुए टोटल हिप ट्रांसप्लांट करने के लिए डॉ. हेमेंद्र चौहान डॉ. अविनाश खरे, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए सम्मानित किया। डॉक्टर तरुण अहरवाल ने भी सांसद के प्रति आभार जताते हुए कहा उनके द्वारा किए गए उत्साहवर्धन से मुझे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित नेत्र शिविर के दौरान सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का 17 तारीख को उनने 75 वर्ष पूरे किए। उनके 75 वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के नाम से पूरे कार्यक्रम देश में शुरू हुए। उन्होंने कहा कि सेवा होना चाहिए, गरीबों का कल्याण होना चाहिए और इसलिए महिलाओं के बारे उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार। इसलिए आपने देखा कि जो 75 ऑपरेशन हुए है उनसे 51 महिलाएं है, 3 बच्चे है और बाकि पुरुष है। यह जो शिविर है इसमें हमारे डॉक्टर तरुण अहरवाल और उनकी टीम का परिश्रम। इसके साथ जिला चिकित्सालय का हमारा पूरा स्टाफ, सिविल सर्जन, रेसिडेंटल मेडिकल ऑफिसर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का बहुत योगदान है। इससे यह कार्यक्रम सफल हो पाए और इसलिए हम सब की तरफ से भी कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी और स्वस्थ रहें, दीर्ध आयु हो और निरंतर देश की जनता की सेवा करते रहे, यही अपेक्षा इस समय हम कर सकते हैं।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तरुण अहरवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय मंडला में मेरे और मेरी टीम द्वारा पिछले 9 दिन में 75 ऑपरेशन किए गए। इसमें 51 महिलाएं, 21 पुरुष और 3 बच्चे शामिल है। कार्यक्रम के दौरान सांसद महोदय द्वारा मेरे 22 वर्षीय चिकित्सीय सेवा के दौरान किए गए 50 हज़ार से ज्यादा ऑपरेशन करने की सराहना की गई। मैं इसके लिए सांसद जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इस बात का ध्यान रखा और हमें बधाई दी। उन्होंने बताया कि मैं लगभग पिछले 22 वर्षों से आई सर्जन का काम कर रहा हूं। मैंने मंडला जिले के अलावा आसपास के लगभग सात - आठ और जिलों में भी ऑपरेशन किया है। लगातार कार्य करते रहने से मरीज का विश्वास बढ़ा। इससे मेरा कॉन्फिडेंस भी बढ़ता गया जिसके चलते मेरे द्वारा इस उपलब्धि को हासिल कर पाया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, वरिष्ठ भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, सीएमएचओ डॉ. डी जे मोहंती, सीएस डॉ. विजय धुर्वे, नेत्र सर्जन डॉ. तरूण अहिरवार, आरएमओ डॉ. प्रवीण उइके, डॉ. सूरज मरावी, डॉ. अविनाश खरे, डॉ. मुकेश मरावी, शरद मेश्राम, प्रकाश कूड़ापे, राम मिश्रा उपस्थित थे।

# राष्ट्र सेविका समिति के गरबा महोत्सव में शामिल हुई केबिनेट मंत्री संपतिया उईके



**जागरण, मंडला** । मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में आयोजित संस्कार गरबा महोत्सव में शामिल हुई। राष्ट्र सेविका समिति के आयोजन में उन्होंने माँ सरस्वती का पूजन कर महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। मंत्री श्रीमती उईके ने गरबा महोत्सव में भाग लेकर माँ जगत जननी की आराधना करने वाली मातृशक्ति महिलाओं और बच्चियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर टिकरवारा सरपंच श्रीमती श्रृद्धा उईके कवरेती, राष्ट्र सेविका समिति की स्वयं सेविका श्रीमती रेणुका परमार, डॉ. पारूल साहु, श्रीमती वर्षा तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद रही।

# वन परिक्षेत्र बजाग में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता एवं पौधरोपण कार्यक्रम




**जागरण, डिंडोरी** । वन मण्डलअधिकारी डिंडोरी सामान्य एवं उप वनमंडल अधिकारी गाड़ासरई के दिशा निर्देशन में वन परिक्षेत्र बजाग सामान्य अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र बजाग सामान्य कार्यालय परिसर मे साफ सफाई अभियान चला कर पौधरोपण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों कि उपस्तिथि में संपन्न किया गया। प्रशासन और जन प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन की वृक्षारोपण योजनाओं और सेवा पर्व उत्सव के प्रति जागरूक किया गया।पौधारोपण कार्यक्रम मे विशेष रूप से संकटापन्न लुप्तप्राय प्रजाति (ऋश्वञ्ञ प्रजाति) को बढ़ावा देने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। पौधों मे सर्पगंधा, कुम्भी, गरुण, शतावर, ब्राम्ही, बच,बीजा, कर्कट, श्यामा हल्दी, वन अदरक आदि को रोपित किया गया।जिले के बजाग अंचल में जड़ी बूटियों की विशेष प्रजातियां मिलती है जिससे अनेक रोगों से फायदा मिलता है। वहीं अनेक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है जिसके चलते वन परिक्षेत्र अधिकारी हर्षित सक्सेना ने एक पहल की है। जिसके तहत लगतार एक मुहिम के तहत औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया जा रहा है।

## इनका कहना है

औषधीय पौधों का वृक्षारोपण कर इनका लगातार विस्तार किया जाएगा। जिससे क्षेत्र में औषधीय पौधों से अनेक बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा।

**हर्षित सक्सेना**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी बजाग**

# मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन



**जागरण, सिंगरौली** । वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं सशक्तिकरण भारत सरकार अभियान तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान तहत मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हुआ जिसमे कुल 107 लोगो जाँच हुआ सिंगरौली स्वास्थ्य विभाग से अंजलि अवधिया ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुश्री वीणा पटेल सीएचओ झींगुरदह एवं श्रीमती मंजू वैश्य सीएचओ पंजरेह एवं मेडिकल टीम एवं प्रबंध समिति के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस एवं प्रभारी प्राचार्य जतीन्द्र कौर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राए मौजूद रही !

# सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुआ वैश्य महा सम्मेलन के तत्वाधान में विशाल गरबा महोत्सव



**जागरण, डिंडोरी** । नवरात्र पर्व के खास अवसर पर डिंडोरी नगर में वैश्य महासभा के द्वारा विशेष गरबा महोत्सव का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी में किया गया । गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में माताओं बहनों ने सहभागिता की।

**इनके मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ गरबा महोत्सव :** श्रीमति वाहिनी सिंह , पुलिस अधीक्षक, श्रीमती सारिका नायक नगर पंचायत उपाध्यक्ष, अशोक अवधिया अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर डिंडोरी , चमरू सिंह नेताम जिला अध्यक्ष भाजपा , श्री रूद्रेश परस्ते अध्यक्ष जिला पंचायत डिंडोरी , श्री नरेंद्र राजपूत व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा , अवध राज बिलैया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डिंडोरी मौजूद रहे ।

**प्रदेश स्तर के अधिकारियों ने की शिरकत :** कार्यक्रम में पदम खेमकर प्रदेश महामंत्री वैश्य महासम्मेलन एवं प्रदेश सचिव केट एवं मुकेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन शहडोल की उपस्थिति विशेष रही । डिंडोरी जिले के वैश्य महासभा पदाधिकारियों में कमलेश अवधिया जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन डिंडोरी । अखिलेश सोनी जिला प्रभारी। अनिल अवधिया जिला मीडिया प्रभारी । कान्हा प्रश्नानी एवं रोहित कांसकार तथा महिला पदाधिकारियों मे सपना जैन संभागीय महामंत्री महिला इकाई संतोषी सोनी जिला अध्यक्ष ,संध्या जैन जिला प्रभारी ,नीलू जैन जिला महामंत्री ,श्वेता जैन ,ज्योति चौकसे गरबा प्रभारी , दीपक जैन सत्येंद्र जैन मुकेश जैन लालू एवं वैश्य सम्मेलन के तमाम कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

**ये रहे विजेता :** 1, प्रथम पुरस्कार सीनियर। प्रथम, मंजरी बिलैया। द्वितीय,ज्योति नामदेव, तृतीय ,चांदनी जैन ने पुरस्कार हासिल किया।ऑल ओवर परफॉर्मेंस विजेता पुरस्कार जाह्नवी मार्को को मिला।उक्त कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तिथि विजेताओं को नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गिरीश प्रश्नानी ने नगद उपहार भेंट दिया व सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी वैश्य महासम्मेलन डिंडोरी के द्वारा प्रदान की गई।

# थाना नौगांव पुलिस ने अवैध पटाखा विक्रय हेतु संग्रह किए आरोपी को किया गिरफ्तार

**नौगांव** । थाना नौगांव पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नौगांव कस्बा के रहवासी क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने मकान में आतिशबाजी सामग्री विक्रय हेतु अवैध रूप से संग्रह किए है। पुलिस टीम ने विधिवत कार्यवाही की। मौके से करीब 125000 रुपये मूल्य की विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री जो 12 कार्टून में भरी हुई थी, जप्त की तथा आरोपी हीरालाल रैकवार पिता काशी प्रसाद रैकवार निवासी स्टेट बैंक के पास नौगांव को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। विवेचना कार्यवाही जारी है। इस कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, चौकी प्रभारी गर्रौली उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक अरविंद, प्रह्लाद, आशीष, राहुल की भूमिका रही।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**जागरण, छतरपुर** । मैं हूं अभिमन्यु-3 इस चक्रव्यूह को तोडूंगा- यह अभियान सहयोग, सम्मान, समानता पर आधारित है। इस अभियान में जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय, सार्वजनिक स्थल, रहवासी कॉलोनी में, नवरात्रि पंडाल एवं कार्यक्रम स्थलों जाकर जागरूक किया जा रहा है, पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। आज छत्रसाल चौराहा में महिला सुरक्षा शाखा, महिला थाना एवं सामाजिक संस्था जनसाहस द्वारा एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में नाट्य अभिनय कर महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों से सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। पंपलेट वितरित किए गए। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव, महिला सुरक्षा शाखा से उपनिरीक्षक तबस्सुम खान, सामाजिक संस्था जनसाहस के सदस्य, नाट्य अभिनय करने वाले सदस्य उपस्थित रहे। थाना बड़ा मलहरा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित गरबा महोत्सव कार्यक्रम में थाना प्रभारी बड़ा मलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक किया गया।

# थाना खजुराहो पुलिस ने ग्राम धवाड़ से 54 लीटर अवैध शराब की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**खजुराहो** । थाना खजुराहो पुलिस को आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम धवाड अंतर्गत खेत में अवैध शराब संग्रह की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान खेत में बने मकान के पीछे पहुंची, चादर से ढकी 6 पेटी अवैध शराब पाई गई। आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। अवैध शराब मात्रा करीब 54 लीटर कीमत करीब 30000 रुपए जप्त की गई। अभियुक्त एवं संलिप्त अन्य आरोपी अभियुक्त मन्नू अहिरवार पिता तिजवा अहिरवार निवासी ग्राम धवाड थाना खजुराहो,फरार आरोपी दशरथ अहिरवार पिता बल्देवा अहिरवार निवासी मऊममसनिया के विरुद्ध थाना खजुराहो में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी खजुराहो श्री मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खजुराहो निरीक्षक प्रशांत सेन, उप निरीक्षक मोहन सिंह, प्रधान आरक्षक अभय सिंह भदौरिया, आरक्षक जय सिंह एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# सरई थाना में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक



**जागरण, सरई** । जिला के सरई थाना में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जहां नवरात्रि एवं दशहरे को लेकर तरह.तरह की चर्चा हुई दशहरे के दिन मूर्ति विसर्जन पर बरतने वाले सावधानी की जानकारी साझा की गई मूर्ति विसर्जन में ध्वनि विस्तार के यंत्रों की आवाज सीमित रखने की हिदायत दी गई। साथ ही वयस्क लोग ही मूर्ति विसर्जन कार्य में भाग लेंगे किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता एवं कानून के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठानी है। सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से दशहरा का त्यौहार मनाएं एवं एक दूसरे का सहयोग करें। शांति समिति बैठक में सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा थाना प्रभारी सरई जितेंद्र सिंह भदौरिया एसआई सूरज सिंह भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामधनी यादव समाजसेवी एवं पार्षद प्रेम सिंह भाटी भाजपा नेता एवं पार्षद रमापति जायसवाल शहजाद खान नगर परिषद सरई के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता नीरज साकेत विजय कुमार जायसवाल रामबालक द्विवेदी रमेश कुमार गुप्ता सुधीर गुप्ता अरुण जायसवाल गोमती जायसवाल महिपाल सिंह बबलू गुप्ता के साथ.साथ बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

# परमात्मा प्रलोभन से नहीं समर्पण से मिलते हैं : पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## शास्त्री ने की भक्तों से अपील, सेवादारों को चेताया



**जागरण, छतरपुर** । सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में लाखों भक्त बालाजी के दर्शन करने और महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त करने आ रहे हैं। साधना के बीच देवी माता की महिमा का बखान करते समय बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो लोग प्रलोभन के साथ परमात्मा के दर्शन करने आते हैं उन्हें परमात्मा नहीं मिलते। समर्पण के साथ दर्शन की लालसा वालों को ईश्वर की अनुकंपा मिलती है। महाराज श्री ने सभी भक्तों को प्रलोभन देने से बचने की सलाह दी और सेवादारों को चेतावनी दी कि वे किसी प्रलोभन में आकर लोगों की उनसे भेंट न करवाएं।

बागेश्वर महाराज ने देवी माता की महिमा का बखान करने के क्रम में सातवें दिन मां कालरात्रि के रूप का वर्णन किया। महाराज श्री ने कहा कि शुंभ निशुंभ जैसे राक्षसों का संहार करने के लिए मां पार्वती ने कालरात्रि का रूप धारण किया था। देवी माता के महात्म्य की कथा के मुख्य यजमान कुशीनगर के अजय राय है। वे पूरे परिवार के साथ कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। कथा के बीच में ही महाराज श्री ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि वह प्रलोभन देकर उन तक आने का प्रयास न करें। वहीं उन्होंने सेवादारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह किसी प्रलोभन में आकर भक्तों को उन तक न लाएं। इसी दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एक भक्त बैग में रुपए भर कर अस्पताल के लिए देने आया था लेकिन उसकी शर्त थी कि वह 5 मिनट अकेले में महाराज जी से भेंट कर ले। महाराज श्री ने ऐसे प्रलोभन देने वाले को दुत्कार कर भगा दिया। महाराज जी ने कहा कि वह भले ही कैंसर अस्पताल के लिए धन देने आया हो लेकिन यदि उसके मन में पैसे का गुरूर है और वह पैसे के दम पर भेंट करना चाहता है तो ऐसे लोगों के लिए बागेश्वर धाम में कोई स्थान नहीं है । उल्लेखनीय है कि महाराज श्री ने अपनी दिनचर्या शुरू करते हुए सुबह 6 बजे स्नान, ध्यान करने के बाद गांव की देवी के दर्शन किये और उनकी पूजा अर्चना की। इसके बाद धाम में स्थापित 64 योगिनी के 64 खप्परों के दर्शन किए। गढ़ा निवासियों ने 64 खप्पर स्थापित किए हैं। महाराज जी की माता श्री पूरे परिवार के साथ शतचंडी यज्ञ में शामिल हुई और सबके मंगल की कामना करते हुए आहुतियां दी। शनिवार रात छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप अपने परिवार के साथ बालाजी के दर्शन करने आए। उन्होंने महाराज जी का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि मंत्री श्री कश्यप पूर्व में भी बालाजी की कृपा पाने धाम आ चुके हैं।

**भक्त ध्रुव जैसे पुत्र के लिए सुनीति जैसी मां हो-पं. संजय कृष्ण सलिल :** बागेश्वर धाम में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करा रहे श्री धाम वृंदावन से आए कथा व्यास पं. संजय कृष्ण सलिल ने भक्त ध्रुव की कथा श्रवण कराई। कथा व्यास ने कहा कि जब भक्त ध्रुव को उसकी दूसरी मां सुरुचि ने राजा उत्तानपाद की गोद में बैठने से मन कर दिया तो ध्रुव की मां सुनीति ने कहा कि नारायण की आराधना करने से उसे पिता की गोद ही नहीं बल्कि परमात्मा की गोद मिलेगी। सुनीत जैसी मां की सीख लेकर भक्त ध्रुव परमात्मा की उपासना के लिए निकल गए। 6 माह के तप में भक्त ध्रुव ने परमात्मा की चाह में अपनी सांस रोक ली। नारद जी जैसे गुरु के मार्गदर्शन में कठिन तप कर भक्त ध्रुव ने परमात्मा की गोद प्राप्त कर ली। कथा व्यास ने कहा कि जो रुचि नहीं नीति पर चलते हैं उन्हें ईश्वर की कृपा मिलती है।

# खजुराहो में एकसाथ 21 स्थानों पर नप ने चलाया स्वच्छता अभियान

**खजुराहो** । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर परिषद खजुराहो द्वारा नगर के 21 स्थानों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें नप अमले के साथ स्थानीय नगरवासियों ने भी नगर की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उक्त आयोजन खजुराहो सांसद बी.डी.शर्मा, राजनगर विधायक अरविन्द पटैरिया, जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश में नगर परिषद अध्यक्ष अरूण अवस्थी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत नगर के पुरातत्व विभाग के अधीन शिवसागर तालाब, प्रेम सागर तालाब, बस्ती स्थित ननौरा तालाब, जवारी मंदिर परिसर, महाराजा अग्रसेन चौक, विभिन्न वार्डों सहित 21 स्थानों पर साफ सफाई की गई और स्वच्छता के लिए नगरवासियों को प्रेरित किया गया।

# फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले 11 शिक्षकों पर एफआईआर, 5 ने लिया स्टे

**जागरण, छतरपुर** । एमपी में वर्ष 2023 में हुई वर्ग-3 की भर्ती में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाकर नौकरी पाने वाले 11 शिक्षकों के खिलाफ कोतवाली थाना में जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध हुआ है। बताया जा रहा है कि इन शिक्षकों ने 2023 में वर्ग-3 में पात्रता पाई थी। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टिफिकेट को एडिट करके अपने नाम का दस्तावेज बनाकर नौकरी हासिल की थी। अधिकांश शिक्षक भिंड, मुरैना के रहने वाले हैं।

**इन शिक्षकों एफआइआर :** कविता अहिरवार, नेहा विश्वकर्मा, रोहित नायक, विशाल जैन, मनीषा लोधी, भानुप्रताप पटेल, दीपाली त्रिपाठी,रामकुमार पटेल, विनोद कुमार अहिरवार,अवध किशोर मिश्रा, मोनिका सक्सेना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से विनोद कुमार अहिरवार टीकमगढ़ तो नेहा विश्वकर्मा खरगापुर में पदस्थ हैं।

**दूसरे के प्रमाणपत्र किया एडिट :** डीइओ अरुण शंकर पांडेय ने बताया कि फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट में 16 शिक्षक संदिग्ध मिले। सीएमएचओ से उनके प्रमाणपत्रों की जांच कराई तो जिस अस्पताल से प्रमाणपत्र बनाया गया, वहां इन शिक्षकों के नाम रिकॉर्ड में नहीं पाए गए। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टीफिकेट को एडिट कर अपने नाम का बनाना पाया गया। फर्जीवाड़े के आरोपी 16 शिक्षकों में से 5 शिक्षक स्टे लेकर आ गए हैं। पुलिस ने शेष 11 शिक्षकों पर धारा 318/4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नौगांव में शराब डिस्टलरी बनी जनसमस्या, एसडीओपी ने मालिक को भेजा नोटिस

**नौगांव** । छतरपुर जिले के नौगांव में स्थित एक शराब डिस्टलरी, मेसर्स जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड (कॉक्स डिस्टलरी), इन दिनों गंभीर जनसमस्या का कारण बन गई है। डिस्टलरी से निकलने वाले अपशिष्ट और उससे उठने वाली तीव्र दुर्गंध ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है, जिसके चलते प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा है और एसडीओपी (अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस) ने डिस्टलरी मालिक को नोटिस जारी किया है। पिछले कुछ समय से डिस्टलरी के आसपास के रिहायशी इलाकों और गांवों में सड़े हुए कचरे की असहनीय बदबू फैल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डिस्टलरी प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक युक्त और सड़े हुए अपशिष्ट को खुले में फेंका जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण दोनों हो रहा है। इस दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए और स्थानीय नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद, प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और पुलिस के अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया है। जन आक्रोश और समस्या की गंभीरता को देखते हुए, नौगांव के एसडीओपी ने डिस्टलरी के मालिक जगदीश अग्रवाल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# सिंडिकेट का खेल, रेत माफियाओं का साम्राज्य






## प्रतिबंध धरा रह गया, रेत माफिया सरकार को खुलेआम चुनौती दे रहे

**जागरण, टीकमगढ़।** प्रदेश में फिलहाल बारिश के मौसम को देखते हुए सरकार ने रेत खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद जिले में रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम 50-60 गाड़ियों से अवैध रेत का परिवहन किया जा चुका है। यह स्थिति प्रशासन और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करती है।

### रेत माफियाओं का 'सोना पैलेस' बना साम्राज्य

शहर के बीचों-बीच, चकरा तिगैला पर स्थित सोना पैलेस के पास रेत माफिया खुलेआम प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए भारी मात्रा में अवैध रेत का डम्प कर रहे हैं। यहां से रेत की अवैध बिक्री भी धड़ल्ले से की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह गोरखधंधा खनिज विभाग से महज आधा किलोमीटर दूरी पर चल रहा है। यानि जिस विभाग की जिम्मेदारी इस पर नकेल कसने की है, उसके मुख्यालय के बिलकुल पास ही माफिया बेखौफ कारोबार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ़ रेत का डम्प नहीं, बल्कि प्रशासन की नाकामी का स्मारक बन चुका है। वही अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या खनिज विभाग और पुलिस इस पूरे खेल पर जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं क्या या फिर कार्यवाही ही नहीं करना चाहती है?

### खनिज विभाग की खानापूर्ति, पुलिस की नाकामी

खनिज विभाग महज औपचारिक कार्रवाई कर खानापूर्ति करता दिख रहा है, वहीं पुलिस भी इन माफियाओं को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। बड़ी संख्या में अवैध गाड़ियां शहर और ग्रामीण इलाकों से रोजाना गुजरती हैं, ओर कई टोल प्लाजा को पार करते हुए धड़ल्ले से अवैध रेत परिवहन कर रहे है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ चेकिंग और कागजी रिपोर्ट बनाई जाती है।

### बड़े मगरमच्छों का कब्जा, सेट सिंडिकेट

रेत का यह अवैध कारोबार छोटे मोटे स्तर पर नहीं, बल्कि बड़े मगरमच्छों के नियंत्रण में चल रहा है। उन्होंने जिले के चारों तरफ अपने-अपने सिंडिकेट बना रखे हैं। पूरा नेटवर्क इस तरह से संचालित होता है कि छोटे ड्राइवर से लेकर बड़े परिवहनकर्ता तक इसमें शामिल रहते हैं।

### अधिकारियों की लोकेशन तक लगाई जाती है

सूत्रों का कहना है कि रेत माफिया तकनीक का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। वे अधिकारियों और पुलिस की गाड़ियों की लोकेशन तक लगाये रहते हैं। जैसे ही उन्हें सूचना मिलती है कि अधिकारी किसी और दिशा में हैं, तुरंत दर्जनों गाड़ियां रेत लेकर निकल पड़ती हैं।

### दिन में कुछ गाड़ियां, रात में धड़ल्ले से परिवहन

दिन में माफिया सीमित संख्या में गाड़ियां चलाते हैं ताकि ज्यादा ध्यान न खींचें। लेकिन जैसे ही रात होती है, पूरा नेटवर्क सक्रिय हो जाता है। प्रतिदिन 50 से 60 गाड़ियां अवैध रेत लेकर निकलती हैं और इन्हें पकड़ना लगभग नामुमकिन साबित हो रहा है।

### राजस्व को करोड़ों का नुकसान

इस अवैध कारोबार से शासन को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान पहुंच रहा है। जहां एक ओर सरकार रेत से जुड़ी आय का इस्तेमाल विकास कार्यों में करना चाहती है, वहीं माफिया बेधड़क इस खजाने पर डाका डाल रहे हैं।

### जनता में आक्रोश, उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार ने प्रतिबंध लगाया है तो रेत माफिया खुलेआम परिवहन कैसे कर रहे हैं? जनता का मानना है कि विभागीय अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर यह कारोबार मुमकिन ही नहीं है।

### जल्द तोड़ा जाए माफियातंत्र- अमित

जिले के समाजसेवी संगठनों ने भी प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। समाजसेवी अमित रावत का कहना है की अवैध रेत परिवहन न केवल कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहा है, बल्कि पर्यावरण और नदियों के अस्तित्व को भी खतरे में डाल रहा है। यदि प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में जल संकट और बढ़ेगा। सरकार को चाहिए कि इस माफिया तंत्र को तोड़ने के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाए।

# क्यों मां ने पहले मासूम को तालाब में डुबोया और फिर खुद दी जान?

## टीकमगढ़ की दर्दनाक घटना ने खड़े किए सवाल

**टीकमगढ़।** बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। यहां एक मां ने अपने तीन साल के मासूम बेटे को तालाब में डुबोकर मौत के हवाले कर दिया और फिर तीन किलोमीटर दूर जाकर पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी भी जान दे दी। घटना का कारण घरेलू विवाद और पति की शराबखोरी बताई जा रही है।

### सुबह की खौफनाक शुरुआत

रविवार सुबह करीब 8 बजे के आसपास गांव वालों ने एक पेड़ पर महिला का शव लटका देखा। सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका की शिनाख्त संतोषी राजपूत (24) निवासी केलपुरा गांव के रूप में की। कुछ ही देर बाद पुलिस को तालाब में बच्चे के शव की भी सूचना मिली। तालाब से निकाले गए शव की पहचान संतोषी के 3 साल के बेटे अभिजीत के रूप में हुई।

### पति से विवाद बना मौत की वजह

पुलिस जांच में सामने आया कि संतोषी का पति नरेश पहले कियोस्क सेंटर चलाता था, लेकिन सेंटर बंद होने के बाद मजदूरी करने लगा। वह शराब का आदी था और आए दिन संतोषी से झगड़ा और मारपीट करता था। बताया गया कि शनिवार रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद संतोषी अपने बेटे को लेकर घर से बिना बताए निकल गई।

### बेटी को घर छोड़ निकली थी मां

संतोषी के भाई राघवेंद्र राजपूत, निवासी कुड़याला ने बताया कि उसकी बहन के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी दिव्यांशी (5 वर्ष) को उसने घर में ही छोड़ दिया था जबकि छोटे बेटे अभिजीत को अपने साथ ले गई थी। रात को ही ससुराल पक्ष से फोन आया कि संतोषी बेटे को लेकर घर से निकल गई है। परिजन पूरी रात उसे ढूंढते रहे लेकिन सुबह उसकी मौत की खबर मिली।

### गांव में मातम, हर आंख नम

घटना की जानकारी लगते ही पूरे गांव में मातम छा गया। हर कोई दंग रह गया कि आखिर एक मां ने अपने मासूम बेटे की हत्या के बाद खुद को भी क्यों मौत के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की लत और आए दिन के विवाद से महिला परेशान थी।

### पुलिस की जांच जारी

बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि महिला और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद और पति की शराब की लत से जुड़ा लग रहा है। पुलिस अब परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# भक्ति और शक्ति का पर्व शारदेय नवरात्रि

## पन्ना शहर दुल्हन की तरह सजा चारों ओर जय मां भवानी की गूंज

**जागरण, पन्ना ।** पर्यटन नगर,पवित्र नगर, मंदिरों व हीरो की नगरी शारदेय नवरात्रि के दिनों में सजी संवरी अपनी गोद में चारों ओर शक्ति मां का दरबार सजा हुआ है । शहर के चौक, चौराहों,गलियॉ विभिन्न स्वरूप मां के विग्रह भक्तगणों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। भक्तों ने अपनी सामर्थ अनुसार पूरा शहर सजाया हुआ है वैसे भी पन्ना नगर में सबसे प्राचीन माता का मंदिर बड़ी देवी मंदिर स्थित है जिसमें माता के स्वरूप विग्रह हैं यह एक प्राचीन शक्तिपीठ है। संम्पूर्ण नगर की झांकियां माता के विभिन्न स्वरूपों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिसमें मुख्य रूप से बड़ा बाजार, अजयगढ़ चौराहा, महेंद्र भवन, कोतवाली चौराहा, कटरा बबाजार, कुंन्ज वन आदि प्रमुख हैं।



# एक बगिया माँ के नाम योजना का शुभारंभ, पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने किया पौधरोपण




**पवई ।** शासन की महत्वाकांक्षी पहल एक बगिया माँ के नाम योजना का शुभारंभ रविवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने ग्राम पंचायत पड़वार अंतर्गत खैरी गांव में किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती मालती देवी के खेत में पौधरोपण कर योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को एक एकड़ भूमि पर 100 पौधे लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। विकासखंड पवई में 100 हितग्राहियों को बगिया लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत एवं आजीविका मिशन के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रीय समन्वयक उपस्थित रहे। योजना का संचालन सीईओ जिला पंचायत पन्ना के निर्देशन तथा जनपद पंचायत पवई सीईओ अखिलेश उपाध्याय, ब्लॉक मैनेजर आजीविका मिशन दिनकर गर्ग, नरेगा एपीओ, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। अजीविका मिशन अधिकारियों के मार्गदर्शन में पौधारोपण का यह कार्य निरंतर रूप से जारी रहेगा।

# आबकारी विभाग ने चार अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब पकड़ी

**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा अजयगढ़ वृत्त क्षेत्र में अलग अलग चार स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभियान के अंतर्गत मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर अवैध शराब के विरुद्ध सूचनाएं प्राप्त की जा रही थी। अजयगढ़ तहसील में उत्तर प्रदेश की सीमा से नजदीकी गांवों में उत्तर प्रदेश की शराब और कच्ची शराब के विक्रय की सूचनाएं मिली थी। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और उनके दिए मार्गदर्शन में चार अलग अलग स्थानों पर छापामार दबिश की कार्रवाई की गई ।




ग्राम पिस्टा थाना धरमपुर में रविन्द्र अवस्थी पिता श्रीराम सिपाही अवस्थी, उम्र 50 वर्ष के खेत पर बनी दुकान की विधिवत तलाशी ली गई जिसमें 8 केन बियर प्रत्येक में 500 मिली कुल मात्रा 4 लीटर कीमती 1200 रुपए और गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब के 10 पाव कुल मात्रा 1.8 लीटर कीमती 1400 रुपए और उत्तर प्रदेश में निर्मित टेट्रा पैक में 20 पाव (प्रत्येक में 200 मिली) मस्ती देशी मसाला शराब कीमती 1200 रुपए बरामद हुई। आरोपी रविन्द्र अवस्थी के विरुद्ध धारा 34 आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया । इसके बाद ग्राम दुर्गापुर थाना धरमपुर में राजकुमार लोध पिता मोतीलाल लोध, उम्र 30 वर्ष के रिहायशी मकान से उत्तर प्रदेश में निर्मित टेट्रा पैक में 75 पाव मस्ती देशी मसाला शराब प्रत्येक पाव में 200 मिली कुल मात्रा 15 लीटर अवैध शराब कीमती 12000 एवं 5 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब कीमती 600 रुपए जप्त की गई । आरोपी राजकुमार लोध के विरुद्ध धारा 34 आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया । इसके बाद ग्राम भैरहा थाना धरमपुर राम खिलावन शुक्ला पिता मैयादीन शुक्ला, उम्र 75 वर्ष के रिहायशी मकान से कागज के दो कार्टून में 100 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 18 लीटर कीमती 14000 रुपए बरामद किए गए। आरोपी राम खिलावन शुक्ला के विरुद्ध धारा 34 आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया । इसके बाद ग्राम लायचा थाना अजयगढ़ में श्रीमती केसर बाई कुर्मी पति नत्थू कुर्मी उम्र 65 वर्ष के रिहायशी मकान से 20 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 2800 रुपए बरामद किए गए। आरोपी केसर बाई के विरुद्ध धारा 34 आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया । इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई, सुरेंद्र सोनू बुंदेला और जहान सिंह यादव शामिल रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आगाज 2 अक्टूबर से, मुख्य समारोह 6 को रास मंडल में होगा श्री जी का पदार्पण

## 10 दिवसीय कार्यक्रम में देश-विदेश से हजारों की संख्या में शिरकत करेंगे श्रद्धालु सुंदर साथ

**जागरण, पन्ना ।** श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना में प्रतिवर्षानुसार परंपरागत रीति रिवाजों के साथ अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव 2 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 तक बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। रविवार को श्री प्राणनाथ धर्मशाला में श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में विद्वान गुरुजनों जिसमें पंडित खेमराज शर्मा व पंडित श्याम बिहारी दुबे जी ने कार्यक्रम का विवरण विस्तार से बताया गया एवं भूमिका न्यासी डीके दुबे द्वारा रखी गई।



उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष भी भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। 2 अक्टूबर दशहरा से दस दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा। जो लगातार 11 अक्टूबर पंचमी तक चलेगा। 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का महोत्सव रात्रि को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। रात्रि श्री बंगलाजी श्रीजी की सवारी ब्रह्म चबूतरे से श्री रास मंडल जी में लाई जाएगी। रातभर महारास का उल्लास चलेगा, ब्रह्म चबूतरे में स्थापित श्री रास मंडल जी में पांच दिनों तक रुकेगी सवारी। इस दौरान पांच दिन तक गरबा सहित विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शरद पूनम की चांदनी रात में महामति प्राणनाथ जी की सवारी का सौंदर्य देखते ही बनता है। जब चांद पूरा खिला होगा तभी ब्रह्म चबूतरे पर बने बंगलाजी मंदिर से राज जी की सवारी को हजारों सुन्दरसाथ नाचते-गाते, गरबा खेलते हुए रास मंडल में पधराएंगे।

**रास उत्सव का सभी करेंगे अमृत पान :** इस अवसर पर प्रणामी धर्मावलंबी रास उत्सव का आनंद लेते हुए भक्ति रस के अमृत का पान करेंगे। समारोह में वर्ष में एक बार ही बंगलाजी मंदिर से अखंड रास के रचइया की सवारी धूमधाम से रास मंडल में पधराई जाती है। जहां पांच दिनों तक श्रीजी अपनी सखी सुंदरसाथ के साथ रास रमण करते हैं और 5 दिन- रात का महारास की लीला होती है। इस महोत्सव में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु सुंदरसाथ इस महारास में शामिल होने आते हैं और अपने आप को धन्य महसूस करते हैं। ज्ञात हो कि महामति प्राणनाथ जी ने संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को विजयादशमी के दिन वरदानी तलवार सौंपी थी और वीरा उठाकर संकल्प कराया था कि जब तक जीतकर नहीं आओगे तब तक मैं यहीं ठहरुंगा। परिणाम यह रहा कि महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुन्देलखंड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बनाया था।

**चार सौ साल से अधिक पुरानी परंपरा :** पवित्र नगरी पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को 400 साल से अधिक हो चुके हैं। बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा महोत्सव का पहला कार्यक्रम संवत् 1740 में हुआ था। तब महामति प्राणनाथ ने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ पूनम की चांदनी रात में अखंड रास के दर्शन कराए थे। चार सौ साल के लंबे सफर में यह महोत्सव नित नई उंचाइयों को छूता जा रहा है। अब भारत के अलावा, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका, नेपाल सहित विश्व के कई देशों से सुंदरसाथ यहां पहुंच रहे हैं। हर साल सुंदरसाथ के स्वागत के लिए पवित्र नगरी पलक पांवड़े बिछाए रहती है।

# युवा संगम मेला में 40 आवेदक चयनित



**पन्ना ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार गत दिवस शासकीय आईटीआई पन्ना में संपन्न युवा संगम रोजगार मेला में 40 आवेदकों का चयन किया गया है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 80 आवेदकों ने मेले में पंजीयन कराया था। इस दौरान चार निजी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 40 आवेदकों का रोजगार के लिए प्राथमिक चयन किया। शिवशक्ति बॉयोटेक जबलपुर में 13, आईपीएस ग्रुप सतना में 20, एसबीआई लाईफ पन्ना में 6 तथा एसआईएस सिंगरौली में 1 आवेदक का चयन हुआ।

# श्री 108 श्री प्राणनाथ प्रगटन उत्सव में निकाली गई साइकिल मैराथन रैली




**पन्ना ।** श्री 108 श्री प्राणनाथ प्रगटन उत्सव के उपलक्ष्य में साइकिल मैराथन का शुभारंभ आज दिनांक 28 सितम्बर को सुबह 8:30 बजे बार्ड न0 7 की पार्षद श्रीमति राखी अल्पेश शर्मा पुजारी रोशन लाल जी उपाध्यक्ष राजेश शर्मा सचिव प्रेम शर्मा प्रबंधक आशीष शर्मा एवं समस्त सुंदर साथ जी द्वारा झंडी दिखाकर साईकिल मैराथन रैली को रवाना किया गया ।महेंद्र भवन पुरानी कचहरी से रैली का शुभारंभ हुआ जो अजयगढ़ चौराहा से बड़ा बाजार चौरचौराहा,गोविन्द चौक, बल्देव चौक, छत्रसाल पार्क चौक,कोतवाली चौराहा, गांधी चौक होते हुए पुरानी कचहरी पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया ।इस अवसर पर श्री प्राणनाथ प्यारे के जयकारे के नारे लगाए गए ।मैराथन रैली समापन पर श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी द्वारा स्वल्पाहार का वितरण किया गया , जिसमें नगर के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।

# पुलिस द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र के बलात्संग के मामले मे फरार 10 हज़ार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना ।** नवागत पुलिस अधीक्षिका पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा विभिन्न मामलो मे फरार एवं स्थाई वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे बृजपुर थाना पुलिस टीम द्वारा बलात्संग के मामले मे घटना दिनांक से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। 06/09/2025 को पीड़िता द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पीड़िता के जीजा के द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 207/2025, धारा 65(1) ब्नह्स एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु ?10,000 का इनाम उद्घोषित किया गया एवं थाना स्तर पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। जिसके फलस्वरूप दिनांक 27/09/2025 को थाना प्रभारी बृजपुर उप.नि. महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मामले मे फरार आरोपी अपने घर के आसपास घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम की तत्परता से आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज भेजने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बृजपुर महेन्द्र सिहं भदौरिया, प्र.आर. प्रदीप हरदेनिया, आर. सुधीर अर्जरिया, अमर सिंह एवं महिला आर. संतोषी सोनी का सराहनीय योगदान रहा।



# बुंदेली व्यंजन भोजनालय में बचपन की यादें हो जाती है ताजी : शिव मोहन सिंह राजपूत

## नानी,दादी के बनाए भोजन आ जाते हैं याद

**पन्ना ।** शहर में भोजनालय और रेस्टोरेंट तो बहुत सारे हैं जिनका बखान नहीं किया जा सकता है। मगर वर्तमान में पन्ना छतरपुर मार्ग स्मृति वन के समीप संचालित वन विभाग द्वारा समूह के माध्यम से बुंदेली भोजनालय का संचालन किया जाता है। जिसमें बुंदेलखंडी भोजन को बनाया जाता है । इसके साथ ही यहां पर वन संपदा से उत्पन्न मुरब्बा देसी शहद , महुआ की मिठाई सहित बहुत सारी अचार ,मुरब्बा एवं खानपान की सामग्री विक्रय की जाती है ।बुंदेली व्यंजन भोजनालय मैं देसी दाल बाटी बहुत ही स्वादिष्ट खीर भर्ता, कड़ी सहित जो बुंदेली व्यंजन लोगों को भूल गए थे वह भी बनाए जाते हैं। जिसको खाने के बाद लोगों को अपनी दादी एवं नानी के बनाए भोजन याद आ जाते हैं ।




आज रविवार के दिन पन्ना शहर के इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी वरिष्ठ शिक्षक अपने शिक्षक शिव मोहन सिंह अपने साथियों के साथ जब बुंदेली व्यंजन में भोजन करने पहुंचे तब उन्होंने बताया कि आज वह पहली बार भोजन करने आए हैं । मगर यहां पर भोजन करने के बाद उनको बचपन की यादें ताजा हो गई हैं। इसी प्रकार से घर में दादी नानी के हाथों से बनाया भोजन किया करते थे ।बुंदेली व्यंजन के मैनेजर नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि यहां पर ज्यादातर भोजन देसी गाय के घी से बनाई जाति हैं और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। हमारे यहां पर ना ही किसी को शराब पीने को मिलता है और ना ही बुंदेली भोजनालय के अंदर किसी भी प्रकार का मांसाहारी भोजन दिया जाता है। यहां पर पूर्णता शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाया जाता है और यदि कोई लहसुन प्याज नहीं खाता तो उनके लिए अलग बर्तनों में भोजन तैयार किया जाता है ।बुंदेली भोजनालय के संचालक का एकमात्र उद्देश्य है कि बुंदेलखंड में जो लोग भूल रहे थे उनको पुन्हा वापस लाया जाए। इस उद्देश्य से वह बुंदेलखंड के हर जिले में वन विभाग के माध्यम से वन औषधियां से बनाये गए मुरब्बा अचार महुआ की मिठाई सहित वन संपदा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वही दूसरी ओर बुंदेली भोजनों से लोगों को जोड़ रहे हैं जो की शरीर के लिए बेहद लाभकारी भोजन है ।

# नाइट कॉम्बिंग गश्त में 341 बदमाशों आरोपियों पर सख्त कार्रवाई

## आमजन में सुरक्षा का भरोसा अपराधियों में भय का माहौल

### जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों पुलिस द्वारा रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण एवं भ्रमण



जागरण, बैढ़न

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में बीती रात जिलेभर में औचक नाइट कॉम्बिंग गश्त की गई। जिले में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के निर्देशन में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में संगठित और सख्त कार्रवाई की गई। जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की अलग.अलग टीमें गठित कर नाइट कॉम्बिंग गश्त का संचालन किया गया। नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान 26 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी की गई जो लंबे समय से फरार थे। 158 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। 72 निगरानी बदमाशों एवं 83 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई 2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अवैध शराब जब्त की गई। रात में बेवजह घूम रहे संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई। बैंकों और एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस कॉम्बिंग गश्त की योजना कई दिनों से तैयार की जा रही थी। जिले के थानों चौकियों एवं पुलिस लाइन के बल के साथ तालमेल बनाकर तकनीकी शाखा की मदद से कट.ऑफ पार्टियां लगाई गईं। रातभर चले इस अभियान में पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों प्रमुख बाजारों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और हाईवे पर गश्त कर अपराधियों की धरपकड़ की। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की प्रभावी मौजूदगी रही। विशेष कार्रवाई में प्रमुख चौक.चौराहों बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच। बिना कारण देर रात घूम रहे संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी। यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में सहायता। बैंकों और एटीएम पर सुरक्षा बलों द्वारा औचक निरीक्षण। साथ ही नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत जिलेभर में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए जिनके अंतर्गत देवी मंदिरों पंडालों और मेले.स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु महिला पुलिसकर्मियों की टीमों सहित विशेष गश्त की व्यवस्था की गई। देवी पंडालों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा आयोजकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने हेतु सचेत किया गया। भीड़.भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं सतत निगरानी रखी गई। साथ ही आतिशबाजी तेज आवाज वाले डीजे और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया गया जिससे श्रद्धालुओं को निर्भीक वातावरण में पूजा.अर्चना करने का अवसर मिल सके और पुलिस बल पूर्णतः सतर्क एवं मुस्तैद रहा।इसी क्रम में जिला सिंगरौली के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस अवसर पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों पुलिस ने अपने.अपने क्षेत्र के थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण थानों की व्यवस्थाओं को जांचने और सुधारने के उद्देश्य से किया गया। भ्रमण के दौरान थानों की सभी रात्रि कालीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया जिसमें शिकायत सुनने की व्यवस्था रात्रि में गस्त पार्टियों की गतिविधियाँ रात्रि ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की उपस्थिति हवालात गृह की स्थिति सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता। निरीक्षण के दौरान सभी पुलिस स्टाफ गस्त पार्टियां फिक्स पैकेट आदि अपने कर्तव्य पर मुस्तैदी से उपस्थित पाए गए। रात्रि कालीन व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह कार्यवाही संपूर्ण जिले में संपादित की गई। इससे जिले में कानून.व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। पुलिस का नाइट कॉम्बिंग अभियान अपराधियों में दहशत एवं आम नागरिकों में विश्वास स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा।



# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में बड़े सुधार

## 1.26 करोड़ से अधिक की राशि वितरित

**जागरण, सिंगरौली।** सीआईएसएफ वार्डस बच्चों के मेधावी छात्रों को 1.25 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित की गई। नए मानदंडों के तहत डीजी छात्रवृत्ति का लाभ शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी सीआईएसएफ वार्डस् को मिलेगा। अपने कर्मियों के कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुएए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में एक बड़े सुधार को मंजूरी दी है। इस ऐतिहासिक बदलाव से शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के सभी वार्डस् बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। शैक्षणिक वर्ष 24.–25 के लिएए नए मानदंडों के तहत कुल 567 छात्र लाभान्वित हुए हैं जिन्हें मिलाकर कुल 1.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

### प्रमुख कल्याणकारी सुधार

पात्रता का विस्तार कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के सभी वार्डस् को अब छात्रवृत्ति के दायरे में लाया गया है। बल ने प्रति वर्ष केवल 150 वार्डस् को छात्रवृत्ति देने की पहले की सीमा को समाप्त कर दिया है। नए नियमों के साथ ऐसे सभी मेधावी छात्रों को अब समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा जिससे उनके मन से बहिष्कार की भावना दूर होगी और उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आवश्यक प्रेरणा मिलेगी।

### खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन

पहली बार सीआईएसएफकर्मियों के वार्डस् में से मेधावी खेल उपलब्धि हासिल करने वालों को महानिदेशक की मेरिट छात्रवृत्ति के तहत मान्यता दी गई है। इस वर्ष कुल पाँच उपलब्धि हासिल करने वालों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। **बलिदानी कर्मियों के वार्डस् के लिए विशेष सहायता :** नए मानदंडों के तहत सीआईएसएफ के उन बहादुर कर्मियों के वार्डस् को भी सहायता प्रदान की गई है जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान को मान्यता देते हुए उनके वार्डस् के लिए छात्रवृत्ति राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इस वर्ष ऐसे 8 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

### वित्तीय प्रतिबद्धता और डिजिटल पारदर्शिता

शैक्षणिक वर्ष 24–.25 के लिए महानिदेशक की योग्यता छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 1.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है जिसमें 80 प्रतिशत 90 प्रतिशत अंक 20,000 रुपये प्रत्येक 90 प्रतिशत से अधिक अंक 25,000 रुपये प्रत्येक को मिलेगी प्रणाली को और अधिक सुलभ बनाने के लिए पूरी आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया को अब डिजिटल कर दिया गया है। ऑनलाइन प्रणाली द्वारा सुगम उपभोग और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है साथ ही दूरस्थ स्थानों पर रहने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के वार्डस् को बिना किसी कठिनाई के आवेदन करने में सक्षम बनाती है। अब आवेदनों का समयबद्ध तरीके से निपटान किया जाता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि लाभार्थियों को उनके अधिकार सीधे उनके खातों में प्राप्त हों। इस कल्याणकारी सुधार का बल भर में स्वागत हुआ है। सीआईएसएफ इकाई एनसीएल सिंगरौली के इकाई प्रभारी खिल्लारे एस पी कमांडेंट ने इस पहल का स्वागत करते हुए कह यह डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में किया गया एक दूरदर्शी और अत्यंत सराहनीय सुधार है। पात्रता की सीमा हटा देने से हमारे प्रत्येक मेधावी बच्चे को अब सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा। विशेषकर बलिदानी कर्मियों के वार्डस् और खेल प्रतिभाओं को सहायता प्रदान करना यह दर्शाता है कि बल अपने हर सदस्य और उनके परिवार के प्रति कितना संवेदनशील है। यह सुधार बल के मनोबल को एक नई ऊँचाई देगा। इस कल्याणकारी सुधार ने बल का मनोबल बढ़ाया है और संगठन और उसके कर्मियों के बीच विश्वास और आश्वासन के एक मजबूत बंधन को मजबूत किया है। यह सीआईएसएफ के प्रेरक उद्देश्य सर्वोपरि कल्याण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# कर्मचारियों हेतु वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा 25 की श्रृंखला में आज कर्मचारियों हेतु वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में हिंदी के प्रति रुचि को बढ़ाना, शब्दावली ज्ञान का विकास करना तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। वर्ग पहेली जैसे रोचक और ज्ञानवर्धक खेलों के माध्यम से न केवल मनोरंजन हुआ बल्कि प्रतिभागियों को हिंदी भाषा की गहराई और समृद्धि से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर सहायक राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। आयोजन को सफल बनाने में राजभाषा अनुभाग की टीम का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# सरई पुलिस ने 3 बालकों को दिल्ली से किया दस्तयाब

**जागरण, सरई।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत सरई थाना पुलिस ने 3 अपहृत बालकों को दिल्ली से बरामद करने में सफलता हासिल की हैं। 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर तीनों नाबालिकों को परिजनों को सौंपा है। बच्चों को पाने के बाद परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। बता दें कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान में अधिक से अधिक दस्तयाबी के लिए निर्देश प्राप्त होने पर एसपी मनीष खत्री के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सरई निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक बालको को 24 घंटे के अन्दर दस्तयाब किया गया है। सरई थाना प्रभारी जितेंद्र भदौरिया ने बताया कि 25 सितंबर को फरियादी विष्णु प्रसाद गुप्ता पिता स्व. रामनारायण गुप्ता उम्र 46 वर्ष निवासी सरई ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि इसका लड़का रमन कुमार गुप्ता उम्र 12 वर्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरई में कक्षा 8वीं में पढ़ता था, जहां 24 सितंबर को घर से स्कूल जाने को कहकर गया था, जो शाम 5–6 वजे तक घर वापस नहीं आया। जहां लड़के की पता तलाश आस–पड़ोस व रिस्तेदारी में की गई, जहां कोई पता नहीं चला। वहीं पता चला कि महेन्द्र जायसवाल का लड़का राकेश जायसवाल उम्र 14 वर्ष तथा सियाराम जायसवाल का लड़का बंसरुप जायसवाल उम्र 11 वर्ष, तीनों नाबालिक लड़के घर से बिना बताये कही चले गये हैं। नाते रिस्तेदारी, आस–पड़ोस में पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चला है। फरियादी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना अपहृत बालको की खोज तलाश की गई। जहां पता चला कि तीनों नाबालिक लड़के ट्रेन में बैठकर दिल्ली चले गये हैं। मुखबिर की सूचना व तकनीकी के माध्यम से प्रयास के बाद अपहृत तीनों नाबालिक बालको को 24 घंटे के अन्दर दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक सूरज सिंह, पवन सिंह, गुलराज सिंह, लक्ष्मीकांत साहू, हरिभजन सिंह, अनुराग मिश्रा, रामनिरजन वैश्य, रिंकू धाकड़, प्रशांत केशरी, तेजभान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलयुगी मां ने नवजात को सड़क किनारे छोड़ा

**बैढ़न।** रविवार दोपहर मोरवा थाना क्षेत्र के छठ घाट सड़क समीप झाड़ियों में एक 10 से 12 दिन का नवजात शिशु रोता बिलखता पड़ा मिला। जानकारी अनुसार एक बच्ची घूमती हुई छठ नदी की तरफ जा रही थी कि उसे एक शिशु की रोने की आवाज आई। उसने देखा कि सड़क किनारे लगी झाड़ियों में एक नवजात सड़क किनारे पड़ा है, जो भूख से बिलख रहा था। उसने फौरन शिशु को उठाकर घरवालों को सूचित किया। जिसके बाद मुन्नी देवी कोल पिता सुग्रीव रावत कोल ने शिशु को अपने घर रखकर दूध पिलाया और मोरवा पुलिस को इसकी सूचना दी। तत्पश्चात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले जाया गया है। जहां शिशु की हालत ठीक बताई जा रही है। मोरवा पुलिस इस मामले की विवेचना में जुटी है। हालांकि एक ओर जहां कलयुगी मां ने दूधमुहि बच्चे को सड़क किनारे छोड़ दिया तो वहीं दूसरी ओर निसंतान मुन्नी देवी ने नवजात को पालने की इच्छा जाहिर की है।

# औरा बाय अनामिका की गूंज, राजधानी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने फीता काटकर किया प्रारंभ



**जागरण, विंध्यनगर।** सिंगरौली निवासी देश की सुप्रसिद्ध फैशन डिजाइनर श्रीमती अनामिका ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए औरा बाय अनामिका नाम से त्रिलंगा रोड स्थित औरा मॉल के पास भोपाल में एक भव्य शोरूम में अपनी वूमेन डिजाइनर वस्त्रों को आम जनता को उपलब्ध कराया श्रीमती अनामिका सिंह ने भोपाल के सुप्रसिद्ध फैशन डिजाइन आई.आई.एफटी से द्विवर्षीय शिक्षा प्राप्त कर भोपाल दिल्ली और जयपुर के विभिन्न फैशन डिजाइनर स्पर्धा में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए है आप बचपन से ही फैशन डिजाइन के क्षेत्र में कुछ अलग करना चाहती थी यही कारण है आपने अपने प्रशंसकों को राजपूताना डिजाइनर ड्रेस उपलब्ध कराकर एक नई उपलब्धि हासिल की है आपके द्वारा डिजाइन किए हुए परिधानों की काफी मांग थी इसी को देखते हुए भोपाल में एक भव्य शो रूम खोलकर आम जनता को भी सुलभ कराया है! भोपाल स्थित औरा बाय अनामिका श्शो रूम का उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा पूर्व केबिनेट मंत्री अजय सिंह राहुल भैया ने किया। राहुल भैया ने अपनी शुभकामनाएं प्रगट करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा को निखारते रहना चाहिए श्रीमती अनामिका ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने डिजाइन किए हुए परिधानो को एक नया लुक प्रदान किया है आपके द्वारा डिजाइन किए हुए परिधानों में आधुनिकता भी है और पुरानी परंपरा भी निश्चित ही यह फैशन डिजाइन की दुनिया में एक नया आयाम स्थापित करेंगी! इससे पूर्व पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया! श्रीमती अनामिका सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी फुटकर एवं लघु व्यवसायिक प्रकोष्ठ की अर्धांगिनी है जो कि सिंगरौली जिले के रहवासी है श्रीमती अनामिका सिंह ने सहयोग एवं उत्साह वर्धन के लिए अपने पति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू एवं इंजीनियर पुत्र आदित्य प्रताप सिंह एवं डॉक्टर बेटी वेदिका सिंह माँ श्रीमती शशिप्रभा सिंह बघेल व परिवार के सदस्यों को भी श्रेय दिया है साथ ही उद्घाटन में डॉ.महेंद्र सिंह चौहान प्रदेश महामन्त्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारीए वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ सचिन सिंह पूर्व ज़िलाध्यक्ष भारतीय जानता पार्टी सिंगरौली व बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरिश द्विवेदी पूर्व एसडीएम सिंगरौली नागेश सिंह प्रदीप तिवारी पूर्व प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अमित द्विवेदी पंकज सिंह दुधमनिया चितरंगी श्रीराम फ़ाइनेंस के मैनेजर संतोष सिंह गहरवार उमरिया से वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र सिंह गहरवार व हिमांशु सिंह बघेल ज़िला व्यापारी संघ सतना के सचिव सचिन सिंह बिसेन वरिष्ठ कांग्रेसी राजीव सिंह परिहार उमरी हाउस विभोर सिंह परिहार पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अभिषेक सिंह बघेल सुखाड़ जयेन्द्र सिंह परिहार राज सिंह परिहारअंश देव सिंह बिसेन दौलत सिंह सुयश सिंह बघेल भोलू सिंह बघेल रामपुर बघेलान एडवोकेट सचिन सहगल आर्किटेक्ट सन्तोष कांवलकर आशू सिंह नीता सिंह कनक सिंह अनुपमा सिंह भारती सिंह रीता सिंह नीलम सिंह रिक्की सिंह तनु सिंह राशी सिंह प्रमोद मिश्रा अशोक मिश्रा राकेश कुमार पांडे बृजमोहन पांडे विवेक सिंह बृजेश कुमार अमित गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर पर षष्ठी तिथि पर भक्तों की भारी भीड़

**शक्ति नगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्र षष्ठी तिथि भक्तों ने कात्यायनी माता के स्वरूप के दर्शन के लिए प्रातः काल से ही मंदिर के मुख्य प्राचीन मार्ग एवं नए गेट से कतर लगना शुरू कर दिया जो देर दोपहर तक जारी रहा। हाथ में माला फूल नारियल चुनरी प्रसाद लेकर मनवांछित फल की प्राप्ति हेतु दर्शन पूजन किया गया। तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंदिर में दुर्गा सप्तशती का सामूहिक पाठ एवं अनेक धार्मिक अनुष्ठान परंपरागत रूप से संपन्न कराए गए।

# डीपीएस विंध्यनगर में भू-स्थानिक मिशन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय भू.स्थानिक मिशन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। पीएम गति शक्ति एक एकीकृत मल्टीमॉडल बुनियादी ढाँचा योजना है जिसका लक्ष्य विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय स्थापित कर भारत में बुनियादी ढांचा विकास को तेज करना है। यह 7 इंजनों रेलवे सड़क बंदरगाह जलमार्ग हवाई अड्डे जन परिवहन और लॉजिस्टिक्स द्वारा संचालित है और एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाता है ताकि परियोजनाओं की योजना वित्तपोषण और कार्यान्वयन को सुगम बनाया जा सके।




विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अपने भाषणों पीपीटी एवं लघु वीडियो के माध्यम से इस विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। यह संगोष्ठी अत्यंत शिक्षाप्रद एवं ज्ञानवर्धक रही। इसके माध्यम से उपस्थित समूह को अवगत कराया गया कि कैसे सरकार भारत के बुनियादी ढाँचे प्रौद्योगिकी पर्यटन और अन्य क्षेत्रों के विकास में गति लाने के लिए सभी मंत्रालयों को एक छत के नीचे लाकर परियोजना और कार्य को एकीकृत कर रही है। डीपीएस विंध्यनगर के सभी एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान में भी सक्रिय रूप से भाग लिया तथा स्कूल की सफाई में योगदान देकर विद्यालय को स्वच्छ बनाने में सहयोग किया। आज ही के दिन विश्व नदी दिवस के उपलक्ष्य में मानव जीवन में नदियों के महत्व से संबंधित जागरूकता लाने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। संगोष्ठी के सफल आयोजन में श्रीमती प्रीत खेमचंदानी एएनओ डीपीएस विंध्यनगर और अजय चौबे शिक्षक डीपीएस विंध्यनगर का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। इसका संचालन एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया।

# सीआईएसएफ ने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा की संभाली कमान

## हवाई अड्डे के व्यावसायिक उद्घाटन से पहले परिचालन तत्परता में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

**जागरण, सिंगरौली।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ को आज औपचारिक रूप से आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे एनआईए में विमानन सुरक्षा एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। बल का आगमन हवाई अड्डे के व्यावसायिक उद्घाटन से पहले परिचालन तत्परता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस समारोह में सीआईएसएफ और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीर रंजन आईपीएस विशेष महानिदेशक/एपीएस सीआईएसएफ सेंथिल अवूदई कृष्णा आर आईपीएस महानिरीक्षक/एपीएस सीआईएसएफ राकेश कुमार सिंह सीईओ एनआईएएल श्रीमती किरण जैन सीओओ एनआईए शैलेंद्र भाटिया नोडल अधिकारी एनआईएएल संजय



कटारिया क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली शामिल थे।

**सीआईएसएफ ने संभाला विमानन सुरक्षा का कार्यभार :** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सीआईएसएफ के सुरक्षा कवच में शामिल होने वाला देश का 70वाँ हवाई अड्डा बन गया है। सीआईएसएफ का एयरपोर्ट सेक्टर एपीएस और एविएशन सिक्योरिटी ग्रुप एएसजी हवाई अड्डे की सुरक्षा की देखरेख करेंगे। उनके कार्यक्षेत्र में पेरिमिटर और एक्सेस कंट्रोल, यात्री और सामान की जाँच, टर्मिनल और लैंडसाइड सुरक्षा, त्वरित प्रतिक्रिया दल क्यूआरटी की तैनाती, लोकल लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसियों के साथ समन्वय शामिल हैं पहले चरण में एक चीफ एरोड्रोम सिक्योरिटी ऑफिसर के नेतृत्व में 1,047 सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात किया जाएगा। यात्रियों की संख्या और उड़ान संचालन बढ़ने के साथ.साथ परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप तैनाती संख्या बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख लोगों के विचार प्रवीर रंजन आईपीएस विशेष महानिदेशक/एपीएस सीआईएसएफने कहा सीआईएसएफको नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानन सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालना गौरव की बात है। हमारा विमानन सुरक्षा समूह. यात्रियों एयरपोर्ट के कर्मचारियों और महत्वपूर्ण संपत्तियों की सुरक्षा के लिए विश्व स्तर पर मानक प्रक्रियाओं और स्तरित सुरक्षा उपायों को लागू करेगा। हम उच्चतम स्तर की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हवाई अड्डा संचालक और हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।श्रीमती किरण जैन मुख्य परिचालन अधिकारी एनआई ने कहा सीआईएसएफ का शामिल होना हमारी तैयारी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यात्रियों को सुरक्षित निर्वाध और विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण में सुरक्षा सर्वोपरि है। विमानन सुरक्षा के अडिग मानकों को सुनिश्चित करने में सीआईएसएफ के साथ साझेदारी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### सीआईएसएफके समर्पण की व्यापक प्रशंसा

इस अवसर पर सीआईएसएफ यूनिट एनसीएल सिंगरौली के कमांडेंट खिल्लारे एस पी ने बल के अटूट समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह असाधारण सफलता पूरे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के उच्च पेशेवर मानकों को दर्शाती है जो पूरे भारत में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर लागू होते हैं। देश भर में चाहे वह नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हो या देश के सभी प्रकार के औद्योगिक क्षेत्र बल का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र की सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए समर्पित है।

### एक विश्व स्तरीय विमानन केंद्र की ओर

सीआईएसएफद्वारा औपचारिक रूप से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने और प्रमुख एयरलाइन भागीदारों द्वारा सेवाएं शुरू करने की तैयारी के साथ नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके बाहर एक विश्व स्तरीय विमानन केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

# 2013 की अनदेखी से 2025 की उम्मीदों तक चैंपियन बनने पर भारतीय महिला टीम की नजरें

**विश्व कप 2013 से 2025 तक : एक कायापलट की कहानी**

**भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का आखिरी वर्ल्ड कप**

जेएनएन, नई दिल्ली

2013 में जब भारत ने आखिरी बार महिला विश्व कप की मेजबानी की थी, तब माहौल बनाने और खेल को प्रमोट करने का अर्थ था, टीवी कवरेज के लिए स्कूल यूनिफॉर्म वाले बच्चों से स्टेडियम के कुछ हिस्सों में बैठा देना। ताकि जब यह टीवी पर दिखे तो ब्रॉडकास्टिंग और महिला क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक माहौल बन सके। तब टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले वेन्यू बदल दिए जाते थे, सिर्फ इसलिए कि शहर के सबसे बड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर वाला रणजी फाइनल हो सके। सीनियर भारतीय महिला टीम को मैच अभ्यास के नाम पर सिर्फ पुलिस जिमखाना में अंडर-16 और अंडर-19 लड़कों की टीमों से खेलने दिया जाता था। अन्य देशों की टीमें फाइव स्टार होटलों में रुकती थीं, वहीं भारतीय खिलाड़ी दक्षिण मुंबई में अपने सस्ते ठिकानों तक पैदल ही जाते थे। पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी ने जब इस भेदभावपूर्ण और निराशाजनक स्थिति को मीडिया में सार्वजनिक किया, तभी बीसीसीआई को भारतीय खिलाड़ियों के लिए बाकी टीमों की तरह अच्छे होटल में ठहरने की व्यवस्था करनी पड़ी। तब भारत को वेस्टइंडीज जैसी बराबरी की टीमों को हराने में खुशी मिलती थी, लेकिन बड़ी टीमों को टक्कर देना भी जीत जैसा लगता था। जैसे कि जब एक 23 साल की पतली-दुबली बैटर, जिसने वीरेंद्र सहवाग की तरह खेलने का सपना देखा था, उसने इंग्लैंड को हिला कर रख दिया था। 13 साल बाद वही आक्रामक बैटर अब भारत की कप्तान है और 37 साल की उम्र में शायद अपना आखिरी वनडे विश्व कप खेल रही हैं, लेकिन इस बार हरमनप्रीत कौर के पास एक पूरी पीढ़ी है, जो सिर्फ मुकाबला नहीं करना चाहती, बल्कि जीतना चाहती है। आधी सदी में पहली बार भारत की महिला टीम इस विश्वास के साथ विश्व कप में उतर रही है कि वे चैंपियन बन सकती हैं। 2013 और मौजूदा विश्व कप की तुलना में अंतर एकदम स्पष्ट है। 2013 में ऐसी सुविधाओं के बारे में कल्पना करना भी हास्यास्पद होता। महिला क्रिकेट भले ही बीसीसीआई के नियंत्रण में था, लेकिन उसका पेशेवर स्तर लगभग शून्य था।



### असम से लेकर मध्यप्रदेश तक के खिलाड़ी टीम में

भारत के वनडे विश्व कप की टीम में उमा छेत्री शामिल हैं। वह असम से भारत के लिए खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। ऐसा कहना बिल्कुल ही गलत नहीं होगा, उनके जरिए पूरे उत्तर-पूर्व की एक नई उम्मीद मिलेगी। विशाखापट्टनम के पास कडपा में एनश्री चरणी ने गली क्रिकेट से शुरुआत की थी और आज डब्ल्यूपीएल में मेग लानिंग के साथ खेलते हुए दुनिया की सबसे अच्छी खिलाड़ियों के बीच अपनी जगह बना चुकी हैं। क्रांति गौड़ का ग्वारा (मध्य प्रदेश) से टीम इंडिया तक का सफर और इंग्लैंड में लिया गया छह विकेट का हॉल दिखाता है कि स्काउटिंग और डब्ल्यूपीएल ने प्रतिभा खोजने का नक्शा बदल दिया है। 2013 में पहचान की जद्दोजहद से लेकर 2025 में इज्जत और ध्यान तक, भारतीय महिला क्रिकेट लंबा सफर तय कर चुकी है।

### 2017 विश्व कप फाइनल भारत के लिए बड़ा टर्निंग प्वाइंट

2013 विश्व कप में 14 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहीं मिताली राज उन दो खिलाड़ियों में थीं, जिन्हें कोई पहचानता था। दूसरी झूलन गोस्वामी। 2005 में तो भारतीय टीम विश्व कप फाइनल में पहुंच गई थी, लेकिन फिर भी दर्शकों का ध्यान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर नहीं गया था। आज तस्वीर बदल चुकी है। खिलाड़ी अत्याधुनिक सुविधाओं में ट्रेनिंग करते हैं। देश-विदेश की लीग में खेलते हैं और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से लगातार मैच खेलती हैं। 2025 में भारतीय महिला क्रिकेटरों का दौर है। बराबरी का वेतन, रिकॉर्ड इनामी राशि और बढ़ता हुआ फैनबेस। बकेट हैट कल्ट जैसा फैन ग्रुप महिला क्रिकेट के लिए तैयार है। 25 सदस्यों वाला यह ग्रुप 2023 में बना और जितने मैच हो सके देखने जाता है। इस बार वे नवी मुंबई में पहली वनडे महिला विश्व कप में शिरकत करेंगे। 2017 विश्व कप फाइनल तक पहुंचना भारत में महिला क्रिकेट के लिए टर्निंग प्वाइंट माना गया था। लेकिन असली लहर 2023 में डब्ल्यूपीएल शुरू होने के बाद पकड़ी। डब्ल्यूपीएल 2025 ने टीवी व्यूअरशिप में 142 प्रतिशत उछाल दर्ज किया और 3.1 करोड़ दर्शक जुटाए गए।

## ओपनिंग सेरेमनी में मुफ्त टिकट, जुबीन को संगीतमय श्रद्धांजलि

**गुवाहाटी, जेएनएन।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एसीए स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में असम की सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग को एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी और साथ ही मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के अधिकारियों ने बताया कि 'शिलांग चैंबर क्वायर' के अलावा अंगराग पापोन महंत और जोई बरुआ सहित राच्य के प्रमुख कलाकार संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान यह 40 मिनट की विशेष प्रस्तुति होगी। एसीए ने 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले उद्घाटन मैच के लिए गर्ग के प्रशंसकों के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित करने की भी व्यवस्था की है। गुवाहाटी खेल संघ (जीएसए) सोमवार को एसीए की ओर से मुफ्त टिकट वितरित करेगा। एक अधिकारी ने बताया कि टिकट सुबह 10 बजे से गुवाहाटी के नेहरू स्टेडियम स्थित जीएसए कार्यालय में उपलब्ध होंगे। गर्ग (52 वर्ष) का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से निधन हो गया था, जिससे पूरे राच्य में अपने प्रिय गायक-संगीतकार के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई थी। गर्ग को खेलों, विशेषकर फुटबॉल के प्रति प्रेम के लिए भी जाना जाता था और उन्होंने कई मैत्रीपूर्ण फुटबॉल और क्रिकेट मैचों में भाग लिया था।

**मैदान से हटकर**

## मैंने कोई रकम नहीं मांगी यह पूरी तरह झूठ है: धनश्री

भारतीय गेंदबाज युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने इसी साल मार्च में औपचारिक तौर पर तलाक ले लिया। खबर सामने आई कि एलिमनी यानी गुजारा भत्ते के लिए इस स्पिनर ने 4.75 करोड़ रुपए की रकम पूर्व पत्नी को दी। अब इस मामले में धनश्री की तरफ से सफाई दी गई है। चहल और धनश्री की शादी और तलाक लंबे समय तक सुर्खियों में रहे। चार साल की शादी और महज छह-सात महीने की डेटिंग के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला लिया। इस रिश्ते के टूटने के बाद मीडिया और सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चर्चा अलिमनी (गुजारा भत्ता) को लेकर हुई। खबरें आईं कि चहल ने तलाक के बाद धनश्री को करीब 4.75 करोड़ रुपए अलिमनी दी है, लेकिन





अब खुद धनश्री ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में धनश्री ने पहली बार इस मुद्दे पर बात की। शो के दौरान सिंगर आदित्य नारायण से बातचीत में उन्होंने कहा, जब लोग कहते हैं कि अलिमनी हुई, तो यह गलत है। यह रिश्ता आपसी सहमति से खत्म हुआ था। इसलिए जब कहा जाता है कि मैंने कोई रकम मांगी थी, तो यह पूरी तरह झूठ है। उन्होंने बताया कि उन्हें तलाक लिए लगभग एक साल हो चुका है और अब बार-बार इस विषय पर चर्चा करना उन्हें आहत करता है। धनश्री ने साफ कहा कि चुप रहने का मतलब यह नहीं कि जो भी कहा जा रहा है, वह सच है। सिर्फ इसलिए कि मैं जवाब नहीं दे रही हूं, लोग कुछ भी कहते जाएंगे? मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया है कि सिर्फ उन्हीं को जवाब देना चाहिए, जो मायने रखते हैं। बाकी लोगों को सफाई देकर वक्त क्यों बर्बाद करूं? (जेएनएन)

# नेपाल ने रचा इतिहास, दो बार की विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को टी-20 में हराया

### नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 129/9 रन पर रोक दिया

**शारजाह, जेएनएन।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर आईसीसी के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। शनिवार का परिणाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय सीरीज में आई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला, लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए, लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए, जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही। इसके



### पहली बार आईसीसी के पूर्ण सदस्य के खिलाफ जीत

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रनआउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया, लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद ऐरी ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नजारा पेश करते हुए कीसी कार्टी (16) को रनआउट किया। होल्डर (05) के भुर्तेल (17 रन पर दो विकेट) की गेंद पर सस्ते में आउट होने के साथ ही कैरेबियाई टीम की जीत की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हुसैन (18) और फैबियन एलेन (19) ने नेपाल की जीत के अंतर को कम किया लेकिन वेस्टइंडीज को हार से नहीं बचा पाए।

## मन्हास बीसीसीआई के 37वें अध्यक्ष, बिन्नी की जगह लेंगे

**मुंबई, जेएनएन।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को रविवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में उसकी 94वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया सहित अन्य सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। मन्हास (45 वर्ष) बोर्ड के 37वें अध्यक्ष बने। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली, जिन्होंने पिछले महीने 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। मन्हास बिन्नी और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बाद बोर्ड के अध्यक्ष बनने वाले लगातार तीसरे प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। पूर्व ऑलराउंडर मन्हास ने 1997-98 और 2016-17 के बीच 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 55 आईपीएल मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी में 27 शतक सहित 9,714 रन और लिस्ट ए में 4,126 रन बनाए हैं। नामांकन के अंतिम दिन से पहले 20 सितंबर को नई दिल्ली में बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों की एक अनौपचारिक बैठक के बाद वह पद के दावेदार के रूप में उभरे थे। उन्होंने कुप्रबंधन के कारण जम्मू-कश्मीर राच्य क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के मामलों के प्रबंधन के लिए बीसीसीआई द्वारा गठित तीन सदस्यीय तदर्थ समिति के निदेशक के रूप में भी काम किया। एजीएम में कुछ और अहम नियुक्तियों की भी पुष्टि की गई। बीसीसीआई सचिव सैकिया और आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष अरुण धूमल को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। कर्नाटक राच्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रमुख और पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट को कोषाध्यक्ष चुना गया।



> दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं आश्वासन देता हूं कि मैं अपनी पूरी क्षमता, समर्पण और जुनून के साथ इसे निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। शायद मेरा काम, मेरी साख, एक प्रशासक और एक क्रिकेटर, दोनों के तौर पर। पिछले चार वर्षों से मैं जेकेसीए के साथ काम कर रहा हूं। हमने काफी अच्छा काम किया है और इससे निश्चित रूप से मदद मिलेगी।
> **- मिथून मन्हास**

## फर्नांडीज को हराकर फ्रेंच ओपन चैंपियन गॉफ चीन ओपन के तीसरे दौर में पहुंची



**बीजिंग, जेएनएन।** फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने रविवार को कड़े मुकाबले में लेला फर्नांडीज को तीन सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैंपियन गॉफ ने दूसरा सेट गंवाने के बावजूद फर्नांडीज को 6-4, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट के 12वें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर जीत दर्ज की। गॉफ इस डब्ल्यूटीए 1000 सीरीज टूर्नामेंट के अगले दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच और ऑस्ट्रेलिया की प्रिसकिला होन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी। इससे पहले इवा लिस ने 10वें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-4 से हराया, जबकि अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने बारबरा क्रेसिकोवा के 1-6, 7-5, 3-0 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। महिला टूर्नामेंट के साथ चल रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में लोरेंजो मुसेटी ने अनुभवी एड्रियन मनारिनो को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया। मुसेटी अगले दौर में लर्नर टिएन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फ्लावियो कोबोली को 6-3, 6-2 से हराया।

## भारत ने जीता सातवां सैफ अंडर-17 खिताब



### फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराया

**कोलंबो, जेएनएन।** भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां सैफ अंडर-17 चैंम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया, जिससे शूटआउट से नतीजा निकला। भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। इसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में डाला। वहीं बांग्लादेश की टीम दबाव में बिखर गई। उसके लिए माणिक ने गोल किया।

**खेल एक नजर**

## रज्जाक ने बांग्लादेश क्रिकेट चयन समिति से दिया इस्तीफा

**ढाका, जेएनएन।** पूर्व राष्ट्रीय बाएं हाथ के स्पिनर अब्दुर रज्जाक ने शनिवार को छह अक्टूबर को होने वाले बंग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव में शामिल होने के लिए चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है। रज्जाक को जनवरी 2021 में चयनकर्ता नियुक्त किया गया था। उन्होंने निदेशक के चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म खरीदा, क्योंकि वह बीसीबी बोर्ड रूम में खुलना डिवीजन का प्रतिनिधित्व करने पर नजर गड़ाए हुए हैं।

25 निदेशक (क्लबों से 12, डिवीजन और डिस्ट्रिक्ट से 10, एनएससी द्वारा नामित दो और श्रेणी तीन से एक, यानी अन्य संगठनों के प्रतिनिधि) अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। रज्जाक ने श्रेणी 1 से नामांकन पत्र जमा करने के बाद क्रिकबज वेबसाइट को बताया, मैंने बीसीबी चुनाव में शामिल होने के लिए चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। मैंने एक खिलाड़ी और एक चयनकर्ता के रूप में इस देश की सेवा की है और अब निर्वाचित होने पर निदेशक मंडल में शामिल होकर आगे आने वाली नई चुनौती का सामना करना चाहता हूं।

# ईपीएल : क्रिस्टल पैलेस की लगातार 18वीं जीत

### लीवरपूल की सत्र में पहली हार, मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 5-1 से हराया

**लंदन, जेएनएन।** एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने शनिवार को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है। चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है। मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हेलेंड के 90वें मिनट और फिर इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से बर्नले को 5-1 से शिकस्त दी, जबकि टोटेनहैम में जोओ पालहिन्हा के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दागे गोल से वोल्वरहैम्पटन को 1-1 से बराबरी पर रोका।



### 75 साल में पहली बार एटलेटिको ने रीयाल मैड्रिड के खिलाफ दागे 5 गोल

**बार्सीलोना, जेएनएन।** जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है, जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया, जबकि मालोर्का ने एल्वेस को 1-0 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### अटलांटा ने युवेंटस को बराबरी पर रोका

**मिलान, जेएनएन।** कमालदीन सुलेमान के गोल की मदद से अटलांटा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को युवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सुलेमान ने मध्यांतर से ठीक पहले अटलांटा को बढ़त दिलाई, लेकिन जुआन कबाल ने दूसरे हाफ में गोल दागकर युवेंटस के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। युवेंटस ने मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। मौजूदा सत्र के शुरुआती चार में से दो मैच गंवाने वाले इंटर मिलान ने कैगलियारी को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। अटलांटा ने 2018 से युवेंटस के घरेलू मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है। टीम ने इस दौरान पांच जीत दर्ज की, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। एक अन्य मुकाबले में क्रेमोनेस ने मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए कोमो को 1-1 से बराबरी पर रोका।

### 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा

**सतना।** वरिष्ठजनों को आत्मीय सम्मान देने के लिये 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय समाज के परम्परागत मूल्यों में वरिष्ठजनों को सम्मान देने, देखभाल करने पर बल दिया गया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाज में धीरे-धीरे संयुक्त प्रणाली का विघटन होने के परिणाम स्वरूप भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सुरक्षा के अभाव में वरिष्ठजनों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### मैहर के गौरव दिवस पर 4 एवं 5 अक्टूबर को होंगे विविध कार्यक्रम

**सतना।** मैहर जिले के गठन की दूसरी वर्ष गांठ पर 5 अक्टूबर को जिले का गौरव दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले की तीनों तहसीलों में विभिन्न विभागों और सहयोगी संस्थाओं द्वारा गौरव दिवस के तहत 4 और 5 अक्टूबर को विविध गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

# गरबा में पहुंचकर पुलिस ने लोगों को किया जागरूक



**जागरण, सतना**

मैं हूँ अभिमन्यु अभियान अंतर्गत महिला सुरक्षा व लैंगिक समानता के महत्व के प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु पुलिस मुख्यालय के निर्देशन एवम एसपी मैहर अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान अभिमन्यु अंतर्गत मैहर पुलिस द्वारा स्कूल गरबा पंडाल दुर्गा पंडाल एवम सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को किया जा रहा जागरूक। सिमरन पब्लिक स्कूल मैहर में गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर एवम अन्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान ऑपरेशन अभिमन्यु के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से गरबा पंडाल में मैं हूं अभिमन्यु का कट आउट रखवाया गया था जिस पर स्कूल के छात्र छात्राओं, प्रतिभागियों एवम कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों व स्कूल स्टाफ के फोटो लिए गए एवं सभी को अभियान संबंधी जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेन्द्र सिंह एवम सहयोगी स्टाफ द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में विद्यार्थियों को अभिमन्यु अभियान की जानकारी दी गई तथा स्कूल स्टाफ को भी महिला सुरक्षा व लैंगिक समानता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

## वन क्षेत्रों में कंजर्वेशन फॉरेस्ट का जो प्रस्ताव था, उसे स्थगित कर दिया गया है : सांसद



**जागरण, सतना।** सांसद गणेश सिंह ने रविवार को वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद कहा है कि सतना और मैहर जिले के किसी भी वन क्षेत्र में कंजर्वेशन फॅरेस्ट का जो प्रस्ताव थाए उसे तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाएगाए क्योंकि कल परसमनिया दौरे के समय मुझे ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव पर अपनी असहमति व्यक्त की थी और वैसे भी जब तक ग्राम सभा में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित नहीं होगा तब तक कंजर्वेशन फॅरेस्ट की मंजूरी नहीं दी जा सकतीए सांसद श्री सिंह ने कहा कि राजस्व और वन भूमि के बीच का विवाद और जिनको वन भूमि के पट्टे दिए गए थेए उनके कब्जे संबंधी मामले अभी लटके हुए हैंए पहले उन सब का निराकरण किया जाना आवश्यक हैए अभी चित्रकूट और मैहर में भारत सरकार ने जो नगर वन बनाने की मंजूरी दी हैए उस पर अभी पर्यटन की दृष्टि से बेहतर बनाने का काम किया जाएए बाकी विषयों पर बाद में विचार होगा।

# घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सतना।** घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह , सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

### ये है घटना

पुलिस ने बताया कि 15 सितम्बर को फरियादी राजकुमार गुप्ता पिता स्व. शंकरलाल गुप्ता उम्र 44 वर्ष निवासी बांसनाका थाना कोलगवां जिला सतना ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 12 सितम्बर को परिवार के साथ रिश्तेदारी में मारकुण्डी चला गया था रात्रि में करीव 10 बजे मारकुन्डी से वापस घर आया गेट का ताला खोलकर घर के अन्दर गये तो देखे कि घर के पीछे तरफ का दरवाजा टूटा एवं खुला हुआ था तब घर के अन्दर जाकर देखा तो घर के ऊपरी मंजिल के एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ था कमरे के अन्दर का समान बिखरा पड़ा था कमरे में रखी आलमारी का लाँक टूटा हुआ था आलमारी के अन्दर रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी नही थे । पकडे गये आरोपियों के कब्जे से नाक की कील , सोने की पायल एक जोडी, 05 नग बिछिया जप्त की गई है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

रात में घर के अंदर घुसकर चोरी करने वाले जिन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें अंकित कुशवाहा उर्फदीपू पिता रामभजन कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी सिन्धी कैम्प गहरानाला थाना कोलगवां , शाहिल खान उर्फ बाबू पिता मोण्सफीक खान उम्र 22 वर्ष निवासी बांसनाका टिकुरिया टोला थाना कोलगवां , साजन उर्फ इरफान खान पिता मुस्ताक खान उम्र 29 वर्ष निवासी वासी बांसनाका टिकुरिया टोला थाना कोलगवां जिला सतना का नाम शामिल है।

## 24 घंटे के अंदर दो बालिकाओं को ढूंढ़कर पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**जागरण, सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा चंचल नागर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी विजय सिंह परस्ते और उनकी टीम द्वारा 02 नाबालिग बालिकाओ को सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया। थाना अमरपाटन में दो नाबालिग लड़कियों जिनमें से एक की उम्र 14 वर्ष एवम दूसरी की उम्र 16 वर्ष है कि गुमसुदगी के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस के द्वारा नाबालिग लड़कियों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लड़कियों की तत्परता पूर्वक तलाश की गई। जिसमे पुलिस को सफलता मिली। 24 घण्टे में दोनो नाबालिग लड़कियों को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# अनुसूचित जाति के शिक्षितों के स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित

**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं संत रविदास स्व-रोजगार योजना संचालित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से एक लाख रुपये तक एवं 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर देय होगा। योजना के लिए आवेदक जिला का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा। आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष, आवेदक आयकर दाता न हो, और पूर्व से शासकीय योजना का लाभ प्राप्त न किया हो। आवेदक स्वयं किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। इसी प्रकार संत रविदास स्व-रोजगार योजना के लिए आवेदक द्वारा उद्योग विनिर्माण इकाई के लिये एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेंसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसी प्रकार एक लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक का खुदरा व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। यह वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दी जायेगी। इस योजना अंतर्गत आवेदन करने के लिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होना आवश्यक है तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो। उसे जिले का निवासी होना चाहिए एवं जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पैनकार्ड के साथ समस्त उचवदसपदमण्हवअण्पद पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## राज्यमंत्री ने भरजुना में मां काली माता के किये दर्शन



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को सोहावल विकासखंड अंतर्गत भरजुना में मां काली माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि एवं उन्नति के लिए कामना की।




# कोलगवां पुलिस ने 20 वारंटियों को दबोचा, न्यायालय ने भेजा जेल




**जागरण, सतना।** त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए कोलगवां पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त के दौरान की गुण्डा निगरानी एवं फरारी बदमाशों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की गई है। एसपी हंसराज सिंह, एएसपी डा शिवेश सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक डीपी सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई है।

### 41 बदमाशों को पुलिस ने किया चेक

त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 27-28 सितम्बर की दरम्यानी रात को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कोलगवां पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त विशेष अभियान चलाया जाकर गुण्डा निगरानी बदमाशों की सघन चैकिंग करते हुए कुल 41 बदमाशो को चैक किया गया एवं चैकिंग के दौरान ही मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 12 स्थाई वारंटियो तथा 08 गिरफ्तारी वारंटियो को गिरफ्तार किया गया जिन्हे न्यायालय पेश किया गया।

## नाइट कॉम्बिंग आपरेशन चलाकर पुलिस ने तामील किये 26 वारंट

**जागरण, सतना।** एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर 27-28 सितम्बर की रात्रि अपराधियों की धरपकड़ हेतु कॉम्बिंग गस्त का आयोजन किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में समस्त थाना चौकियों के आधिकारी कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक पुलिस बल के साथ धरपकड़ करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 26 वारंट तामील कराए गए। गस्त के दौरान 18 निगरानी बदमाश ,29 गुंडा बदमाश एवम जेल से रिहा 02 अपराधियों को चैक किया गया एवं उन्हे भविष्य में अपराध एवम आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। होटलध्ढाबा एवम सार्वजानिक स्थानों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगोंध् संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व उन्हे बिना काम के रात्रि में अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी गई।










## कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ न हो भेदभाव


**सतना।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए।

## चयन हेतु साक्षात्कार 7 से 13 तक

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार सबंधी प्रक्रिया 7 से 13 अक्टूबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय सतना मे होगी। अभ्यर्थी अपने साक्षात्कार की तिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सूचना पटल पर प्राप्त कर सकते हैं।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**सतना।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रूपये की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी स्कूल शिक्षा के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई है।










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com